देवीपाटन मण्डल का प्रथम हिन्दी दैनिक

# त्रिगुट

गोण्डा शनिवार 26 अगस्त 2023 वर्ष 39 अंक 11 रजि0 नं0 46071/85 (हिन्दी दैनिक समाचार पत्र) फोन/फैक्स–05262-230683 डाक पंजीयन संख्या–NP/GONDA–30/2003 पृष्ठ– 8 मूल्य 2.00 रुपये

## ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ ऑनर से सम्मानित हुए पीएम मोदी

नई दिल्ली (ईएमएस)। एथेंस की एक दिवसीय यात्रा पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को ग्रीस के राष्ट्रपति कतेरीना सकेलारोपोलू से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के बारे में बात की। पीएम मोदी की ग्रीस यात्रा 40 साल में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा है। प्रधानमंत्री ने कहा, एथेंस में राष्ट्रपति सकेलारोपोलू से मिलकर खुशी हुई। उन्होंने चंद्रयान-3 की सफलता पर भारत को बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा कि चंद्रयान-3 की सफलता न केवल भारत की है, बल्कि यह पूरी मानव जाति की सफलता है। चंद्रयान-3 मिशन द्वारा एकत्र किए गए डेटा के नतीजे पूरी वैज्ञानिक बिरादरी और मानव जाति को मदद करेगा। प्रधानमंत्री ने अन्य ट्वीट में कहा, ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ ऑनर से सम्मानित करने के लिए मैं राष्ट्रपति कतेरीना सकेलारोपोलू, सरकार और ग्रीस के लोगों का धन्यवाद देता हूं। यह ग्रीस के लोगों का भारत के प्रति सम्मान है।

नासिरा प्रेस

मालवीयनगर–गोण्डा

मो0–9236750993



हमारे यहां शादी कार्ड, मुण्डन कार्ड, हैण्डबिल, पोस्टर, स्टीकर आदि की छपाई उचित दर पर होती है।

एक बार सेवा का अवसर अवश्य दें।

## सेवा मार्ग पर चलकर हमें जीवन में बड़ी सफलता मिल सकती है- सतीश महाना



लखनऊ कार्यालय

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने आज कहा कि समाज सेवा मन से होती है। सेवा मार्ग पर चलकर हमें जीवन में बड़ी सफलता मिल सकती है। जब हम सकारात्मक भाव से समाज को देखेंगे तो सफलता मिलनी तय है। इसलिए हम सबको अपनी सकारात्मक सोच से समाज को जोड़ने का काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जितना हम बढ़ते प्रदूषण को लेकर चिंता करते हैं उतना अगर हम पर्यावरण को बेहतर बनाने के नए रास्ते निकालने पर काम करें तो इस दिशा में बड़ी सफलता मिल सकती है।

श्री महाना आज यहां होटल ताज में सस्टेनबल डेवलपमेंट फाउन्डेशन की तरफ से आयोजित ''14वें एक्सीड ग्रीन फ्युचर इनवायरमेंट सी.एस.आर. एण्ड एच.आर. अवार्ड्स एण्ड कांफ्रेस आन 'बीट द प्लास्टिक पलूशन' कार्यक्रम में विभिन्न श्रेणियों के पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थिति थें।

उन्होंने कहा कि हम जिस क्षेत्र में है, उसी क्षेत्र में बेहतर काम कर सकते हैं। हमारा देश 'वसुधैव कुटुम्बकम' की अवधारणा वाला देश है। हमने सेवा को ही अपने जीवन का आधार समझा है। जो सुख किसी की सेवा करने में मिल सकता है उतना किसी को संसाधन उपलब्ध कराकर और धन का लाभ देकर नहीं मिल सकता है।

श्री महाना ने कहा कि जिन लोगों को समाज में सेवा का अवसर मिलता है। वह बेहद भाग्यशाली होते हैं। समाज में रहकर किसी को संसाधनों से तो उपकृत तो कर सकते हैं पर उसको समय नहीं दे सकते है। लेकिन जब आप किसी को समय देकर उसकी सेवा करते है तो वही असली सेवा होती है। उन्होंने यह भी कहा कि जब आप समाज में किसी दूसरे की सेवा करते हैं तो मन में कभी यह भाव नहीं आना चाहिए कि यह काम आप कर रहे हैं । अगर ऐसा विचार करते हैं तो यह आपको नकारात्मक दिशा की तरफ ले जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने समाज के बदलते स्वरूप पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अब हम सब सुविधाभोगी होते जा रहे हैं। धीरे धीरे हर क्षेत्र में बदलाव देखने को मिल रहा है। पहले हम समाज के बारे में सोचते थें फिर धीरे धीरे कुटुम्ब के बारे में सोचने लगे, इसके बाद परिवार के बारे में और अब केवल अपने बारे में सोचते हैं। यह सोच हमें गलत दिशा की तरफ ले जा रही है। उन्होंने कहा कि हम अपने मन में जिस तरह के विचार के बीज डालेगें वैसा ही हमारा आचरण व्यवहार होता जाता है।

इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने विभिन्न कम्पनियों के अलग अलग सेक्टरों से जुड़े लोगों को अपने हाथों से ट्राफी देकर सम्मानित किया। पूर्व निदेशक आर.एन. जिंदल ने कार्यक्रम का समापन किया । उपाध्यक्ष डॉ. प्रणवी लूथरा ने कार्यक्रम में शामिल होने के लिएविधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को सहितसभी अतिथियों कोधन्यवाद दिया ।

## कर्मचारी के पहली पत्नी के रहते दूसरी शादी करने पर नौकरी नहीं जा सकती

प्रयागराज (ईएमएस)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण आदेश में कहा है कि अगर किसी सरकारी कर्मचारी ने पहली बीवी के रहते हुए दूसरी शादी कर ली है, तब भी उस कर्मचारी को नौकरी से बर्खास्त नहीं किया जा सकता। इसके साथ कोर्ट ने याची प्रभात भटनागर की याचिका को स्वीकार कर सेवा बर्खास्तगी के आदेश को रद्द कर एक माह में बहाली के आदेश दिए।

याचिका की सुनवाई कर जस्टिस क्षितिज शैलेंद्र की सिंगल बेंच ने कहा कि कर्मचारी ने दूसरी शादी की है, विभाग इस बात को साबित करने में नाकाम रहा। कोर्ट ने कहा कि याची ने भले ही दूसरी शादी कर ली है, केवल इस आधार पर उसकी बर्खास्तगी नहीं की जा सकती, क्योंकि, यूपी सरकारी सेवक आचरण नियमावली के नियम 29 के तहत सरकारी कर्मचारी की दूसरी शादी के मामले में केवल मामूली सजा का प्रावधान है।

दरअसल, याची प्रभात को बरेली जिला विकास अधिकारी कार्यालय में प्रशिक्षु के रूप में नियुक्त किया गया था। आरोप लगाए गए कि उसने एक पत्नी के रहते दूसरी शादी कर ली है। जिस पर याची के खिलाफ विभागीय जांच की गई। जांच के दौरान याची ने दूसरी शादी करने के आरोप को नकार दिया, इसके बावजूद उस दोषी करार देकर बर्खास्त कर दिया गया। याची की विभागीय अपील भी सरसरी तौर पर खारिज की गई। याचिका की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि स्वघोषणा शादी का पर्याप्त सबूत नहीं है। खासकर द्विविवाह जैसे आरोपों के लिए पर्याप्त सबूत होने ही चाहिए।



गोण्डा। तहसील तरबगंज अंतर्गत बाढ़ प्रभावित क्षेत्र ग्राम गोकुल एवं दत्तनगर के बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों को बाढ़ राहत सामग्री किट माननीय सांसद कैसरगंज श्री बृजभूषण शरण सिंह, उपजिलाधिकारी तरबगंज, नगर पालिका अध्यक्ष नवाबगंज के द्वारा वितरण कराया गया।

## लालू प्रसाद यादव को सुप्रीम कोर्ट से राहत

नई दिल्ली (ईएमएस)। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिल गई है। लालू की जमानत रद्द करने के लिए सीबीआई की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट अक्टूबर में फैसला सुनाएगा। चारा घोटाला मामले में लालू प्रसाद की जमानत के खिलाफ सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी, जिसमें याचिका रद्द करने की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान लालू की ओर से पेश अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि जमानत पर रिहाई के बाद उनकी किडनी ट्रांसप्लांट की गई है। उन्होंने 40 महीने जेल में बिताए हैं।

## एलएलबी सम-सेमेस्टर की परीक्षा 28 से

### सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगी एलएलबी सम-सेमेस्टर परीक्षा

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों की एलएलबी त्रि-वर्षीय व पंचवर्षीय सम-सेमेस्टर की परीक्षा 28 अगस्त से शुरू होकर 05 सितम्बर तक चलेगी।

विश्वविद्यालय प्रशासन परीक्षा की शुचिता बनाये रखने के लिए 13 परीक्षा केन्द्र बनाये जिनमें 31 महाविद्यालयों की परीक्षा सम्पन्न होगी। विवि के परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश पर सम्बद्ध महाविद्यालयों की एलएलबी सम-सेमेस्टर परीक्षा की तैयारियां पूरी की जा चुकी है। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 9:30 से दोपहर 12:30 बजे तक होगी। वही द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 02 से सायं 05 तक सम्पन्न होगी।

एलएलबी त्रि-वर्षीय व पंचवर्षीय सम-सेमेस्टर की परीक्षा में लगभग 18072 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा की पारदर्शिता बनाये रखने के लिए सचलदल नियुक्त कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जायेगी। विवि के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए केन्द्राध्यक्षों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान कर दिया गया है।

## जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने दिल्ली नहीं आ रहे पुतिन

नई दिल्ली (ईएमएस)। 9-10 सितंबर को दुनिया के सबसे शक्तिशाली देशों के नेता जी20 शिखर सम्मेलन के लिए नई दिल्ली में मौजूद रहने वाले हैं। जो इतिहास में पहली बार किसी भारतीय राष्ट्रपति के संरक्षण में आयोजित होगा। जबकि शिखर सम्मेलन निस्संदेह वैश्विक समुदाय के सामने आने वाले कई सबसे गंभीर मुद्दों को संबोधित करेगा। जी20 सम्मेलन के लिए सभी राष्ट्राध्यक्ष 8 सितंबर तक दिल्ली आ जाएंगे और 10 सितंबर को उनकी वापसी शुरू होगी। सम्मेलन 9-10 सितंबर को है। लेकिन भारत के करीबी मित्र रूस को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जी20 की बैठक में शामिल होने के लिए भारत नहीं आ रहे हैं।

क्रेमलिन ने कहा कि पुतिन 9-10 सितंबर को नई दिल्ली में होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन में फिजिकल रूप से शामिल होने की योजना नहीं बना रहे हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में पुतिन दक्षिण अफ्रीका में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में व्यक्तिगत रूप से शामिल नहीं हुए क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) ने यूक्रेन में युद्ध अपराधों का आरोप लगाकर उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। दक्षिण अफ्रीका आईसीसी का एक हस्ताक्षरकर्ता है।

बता दें कि इसके पहले जब पुतिन से जी20 समिट में हिस्सा लेने को लेकर सवाल पूछा गया था, तब उन्होंने कहा था कि मुझे फिलहाल इस बारे में नहीं पता। मैंने इस लेकर अभी कुछ नहीं सोचा है। जिसके बाद से ही उनके दिल्ली दौरे को लेकर अनिश्चितता बरकरार थी। यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद किसी भी पश्चिमी देशों के नेता से पुतिन की मुलाकात नहीं हुई है। लेकिन जी20 में पुतिन की उपस्थिति में उन्हें स्टेज शेयर करना पड़ सकता था। पुतिन की उपस्थिति से समिट का माहौल ही अलग होता।

## अवैध कच्ची शराब की दबिश के दौरान 200 किलो लहन किया गया नष्ट



निज संवाददाता

गोण्डा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देश पर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में आबकारी विभाग द्वारा क्षेत्र 2 की टीम, क्षेत्र 3 तथा क्षेत्र 4 की संयुक्त टीम द्वारा दालिपपुरवा, महुआडीह थाना मनकापुर, डुमरियाडीह थाना वजीरगंज और शाहपुर धनावा थाना परसपुर में दबिश दी गई।

उन्होंने बताया है कि दबिश के दौरान लगभग 55 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया गया, तथा मौके पर लगभग 200 किलो लहन नष्ट किया गया। आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत 3 अभियोग पंजीकृत किया गया।

## सहायक उपकरण पाने हेतु पात्र दिव्यांगजन विभागीय पोर्टल पर करें आवेदन

त्रिगुट संवाददाता

बलरामपुर। उत्तर प्रदेश शासन दिव्यांगजन सशक्तिकरण लखनऊ के द्वारा संचालित कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना के अंतर्गत सहायक उपकरण हेतु विभाग द्वारा पोर्टल का निर्माण किया गया है।

कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना के तहत ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, बैसाखी, श्रवण यंत्र, स्मार्टकेन, कृत्रिम अंग के अंतर्गत विभागीय पोर्टल पर प्राप्त आवेदन के सापेक्ष ही सहायक उपकरण क्रय कर नियमानुसार उपकरण वितरण की कार्रवाई सुनिश्चित किया जाएगा। यह जानकारी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी एम0पी0 सिंह द्वारा दिया गया।

उन्होंने जनपद के समस्त दिव्यांगजन को सूचित करते हुये कहा कि कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना के अंतर्गत सहायक उपकरण हेतु विभागीय पोर्टल http: divyangjanup.upsdc.gov.in पर अधिक से अधिक ऑनलाइन आवेदन कराते हुए ऑनलाइन आवेदन पत्र के साथ आवश्यक अभिलेखों को संलग्नक कर कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी बलरामपुर कक्ष संख्या-05 में उपलब्ध करायें।

इसके लिए अनिवार्य अभिलेख जिसमें दिव्यांगता, आय, निवास, जाति प्रमाण पत्र तथा उपकरण हेतु चिकित्सा अधिकाी की संस्तुति, वोटर आई0डी0च/यू0डी0आई0डी0/ हाईस्कूल प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड एवं एक दिव्यांगता दर्शाती हुई फोटो होनी चाहिए।

## मिस्टर फेयरवेल अतुल व सुप्रिया त्रिपाठी मिस फेयरवेल चुनी गई

### बीएससी के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति से किया मंत्रमुग्ध



अयोध्या संवाददाता

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के संत कबीर सभागार में गुरूवार को बीएससी अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने खट्टी-मीठी यादों को मनोरंजक ढंग से साझा किया। इसके उपरांत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में रैम्प पर कैटवाक, कविताएं स्पीच, डांस, सिंगिंग और अपनी अदाओं का विद्यार्थियों ने जादू बिखेरा। इसमें मिस्टर फेयरवेल अतुल कुमार को व सुप्रिया त्रिपाठी मिस फेयरवेल चुनी गई। आल राउंड परफॉरमेंस के लिए छात्रा सिमरन सिंह को स्टूडेंट ऑफ द ईयर का अवार्ड दिया गया। इसी क्रम में रनरअप के तौर पर हर्षित राय व प्रकृति, विदुषी मिश्रा को पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ बीएससी प्रोग्राम समन्वयक प्रो0 चयन कुमार मिश्रा द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण करके किया गया। उन्होंने अपने आर्शीवचन में कहा कि विद्यार्थियों ने अग्रज और अनुज के संबंधों को जीवंत कर दिया है। विद्यार्थी अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाये। बौद्धिक प्रतिभा के बल पर जीवन में आगे बढ़ें। समन्वयक प्रो0 मिश्र ने कहा कि विश्वविद्यालय एक ऐसा प्लेटफार्म है जहाँ नई चीजें सीखने को मिलती है। अपने में नए कौशल विकसित कर देश के निर्माण में महत्वपूर्ण योग दे। इस अवसर पर डॉ0 अश्विनी कुमार, डॉ0 अरविन्द बाजपेयी, डॉ0 मनोज कुमार, डॉ0 जीतेन्द्र कौशल श्रीवास्तव, डॉ0 ज्ञानेश्वर कुमार गुप्ता, डॉ0 गया प्रसाद तिवारी, डॉ0 शिव प्रकाश मिश्रा, डॉ0 संदीप रावत एवं शिक्षिकाओं डॉ0 अमिता सिंह, डॉ0 मिथिलेश तिवारी, डॉ0 शाजिया ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

## तुलसीदास के नाम पर जनपद में खुलेगी डिजिटल लाइब्रेरी



त्रिगुट संवाददाता

गोण्डा। अवध संस्कृति उत्कर्ष समिति के प्रयास से गोस्वामी तुलसीदास के नाम पर जनपद में डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की जाएगी। उक्त निर्णय नई दिल्ली के गांधी शांति प्रतिष्ठान में अवध संस्कृति उत्कर्ष समिति के तत्वावधान में गोस्वामी तुलसीदास जयंती पर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में देश के लब्ध प्रतिष्ठित विद्वानों की उपस्थिति में लिया गया। इस अवसर पर डॉ. श्रीनारायण तिवारी की पुस्तक %जनपद गोंडा और तुलसीदास% पुस्तक का लोकार्पण किया गया। पुस्तक पर विचार व्यक्त करते हुए विद्वानों ने एक स्वर से कहा कि तुलसीदास के जीवन से संबंधित यह पुस्तक प्रमाणिक दस्तावेज है और तुलसी साहित्य- प्रेमियों, विद्वानों व शोध- छात्रों के लिए यह पुस्तक मील का पत्थर सिद्ध होगी। सेमिनार में उपस्थित विद्वानों ने गोस्वामी तुलसीदास के जीवन चरित और साहित्य पर अपने विचार व्यक्त किए। समिति के अध्यक्ष महेश कुमार सिंह ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास के नाम से उनकी जन्म स्थली गोण्डा जनपद में डिजिटल लाइब्रेरी व डिजिटल विश्व विद्यालय की स्थापना की जाएगी।

इस दौरान दिल्ली विश्वविद्यालय के डीन व हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रोफ़ेसर अनिल राय, डॉटर बजरंग बिहारी तिवारी, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ सूर्य पाल सिंह, शास्त्री महाविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष व शोध निदेशक डा. शैलेंद्र नाथ मिश्र, डॉ. रघुनाथ पांडेय, उद्योगपति ठाकुर सूर्यकांत सिंह, डॉ. लक्ष्मीकांत पांडेय, डॉ. श्री नारायण तिवारी, राहुल देव, डॉ रमाशंकर सिंह, ऋषि पाल सिंह ने गोस्वामी तुलसीदास के जीवन चरित्र व मानस पर प्रकाश डालते लिए गोस्वामी की जन्म स्थली गोण्डा का राजापुर सिद्ध किया। सेमिनार में डॉ. सूर्यपाल सिंह को साहित्य व ठाकुर सूर्यकांत सिंह को समाज सेवा के क्षेत्र में दिए गए अतुलनीय योगदान के लिए %अवध संस्कृति सम्मान 2023% से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. लक्ष्मीकांत पांडेय बीएसए बुलंदशहर व सूरजभान सिंह एसीपी दिल्ली को प्रशासन के क्षेत्र में %हरिश्चंद्र सम्मान% से नवाजा गया। इस अवसर पर कवि विशाल, संग्राम सिंह, पद्म कांत शुक्ला, जयदीप सिंह सरस, मनोज सुल्तानपुरी, दिनेश सिंह, पवन सिंह, धर्मराज सिंह दिलीप गोंडवी, तबरेज खान, संदीप कुमार सिंह, मनोज मिश्र, गौरी शंकर, आदि विद्वान मौजूद रहे।

## एनडीआरएफ के बचाव कर्मियो ने ग्रामीणों को सिखाए आपदा से बचाव के तरीके



बहराइच। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल वाराणसी की टीम व जिला आपदा प्रबंधन के प्रशिक्षित आपदा मित्रो ने फखरपुर ब्लॉक के सिपहिया हुलास गांव में पहुंचकर संबिलियन विद्यालय के प्रांगण में ग्राम प्रधान मंगलादेवी की अध्यक्षता में सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें ग्रामीणों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

आपको बता दें 11 एनडीआरएफ वाराणसी के उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व में वाराणसी से आई हुई एनडीआरएफ की टीम द्वारा जिले भर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आपदा प्रबंधन एवं जन-जागरूकता का कार्यक्रम लगातार कर रही है। इसी क्रम में एक जनजागरूक अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान एनडीआरएफ टीम के साथ जिले के आपदा मित्रों ने गांव की जनता को आपदा प्रबंधन तथा आपदा से बचाव के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम के दौरान टीम ने भूकंप से बचाव का तरीका, सर्पदंश से बचाव, बाढ़ से बचाव, आगजनी से बचाव, घायलों का प्राथमिक उपचार करना, घायल की ब्लीडिंग को रोकना, तात्कालिक स्ट्रेचर बनाकर घायलों को सुरक्षित जगह पर पहुंचाना, चोटों को एस्टेबलाइज करना एवं पीड़ित की जान बचाने हेतु सीपीआर देने के बारे में बखूबी डेमो देकर बताया। इस कार्यक्रम के दौरान दिनेश यादव, फकीरे, अनिल वर्मा, पप्पू, विकास के साथ ही कार्यक्रम के दौरान एन0डी0आर0एफ0 टीम से टीम कमांडर निरीक्षक राम सिंह मुख्य आरक्षी पिंटू सिंह के साथ चार सदस्यीय टीम एवं जनपद के विभिन्न आपदा मित्र मौजूद रहे।

## स्नातक विद्यार्थियों का दीक्षारंभ कार्यक्रम संपन्न



निज संवाददाता

गोण्डा।एल.बी.एस. कॉलेज के सभागार में नव प्रवेशित स्नातक विद्यार्थियों का दीक्षारंभ कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रो. जे. बी. पाल, अर्थशास्त्र विभाग ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत प्रवेश, कक्षा और परीक्षा संबंधी नियमों को विस्तार से समझाया। विद्यार्थियों को सेमेस्टर प्रणाली में अध्ययन के तरीकों को समझाते हुए उन्होंने कहा कि समयबद्ध कठिन परिश्रम ही सफलता दिलाता है।

प्रो. अभय कुमार श्रीवास्तव, अर्थशास्त्र विभाग ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय का संक्षिप्त इतिहास समझाते हुए इसके गौरवपूर्ण उपलब्धियों से परिचय कराया। उन्होंने अपने वक्तव्य में आदर्श विद्यार्थी के लक्षणों को समझाते हुए शैक्षिक उन्नयन के गुर सिखाए। प्रो. जयशंकर तिवारी ने एलबीएस कॉलेज में विद्यार्थी होने के निहितार्थ को समझाते हुए संबंधित विषय की उत्कृष्ट पुस्तकों के अध्ययन पर बल दिया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मौजूदा दौर में मोबाइल फोन सहित इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स का बेहतर उपयोग विद्यार्थी को ऊंचाई की ओर ले जा सकता है और दुरुपयोग पतन की ओर।

भूगोल विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अवधेश वर्मा ने स्नातक के उपरांत विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए तैयारी करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्नातक के आरंभिक समय में ही लक्ष्य निर्धारित करके किया गया सतत अध्ययन वांछित परिणाम प्रदान करता है। इसके साथ ही उन्होंने एल.बी.एस. कॉलेज में प्रवेश होने के लिए विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि जितनी कक्षाएं प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में भी नहीं चलती हैं उससे ज्यादा कक्षाएं और अच्छा शैक्षणिक माहौल इस महाविद्यालय का है।

डॉ. ममता शुक्ला, मनोविज्ञान विभाग ने छात्र-छात्राओं को सह पाठ्यगामी सक्रियताओं जैसे एनएसएस, एनसीसी, रेड क्रॉस, स्काउट, क्रीडा आदि के बारे में जानकारी दी। डॉ. शैलेश कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर, राजनीति विज्ञान ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय के मुख्य नियंता प्रो. आर.बी.एस. बघेल ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को ढेर सारी जानकारी दी। दीक्षारंभ कार्यक्रम के प्रभारी प्रो. दीनानाथ तिवारी ने समस्त प्राध्यापकों और विद्यार्थियों के प्रति इस कार्यक्रम में। सक्रिय प्रतिभाग के लिए आभार ज्ञापित किया।

# संक्षिप्त समाचार

## कारखाने की खिड़की तोड़कर चुराई तांबा की रॉड

मसूरी। क्षेत्र की जाफर कॉलोनी में स्टील के किचन का सामान बनाने वाले कारखाने की खिड़की तोड़कर चोरों ने तीन मशीनों से छह तांबे की रॉड चोरी कर ली। चोरी करने के लिए पहले चोरों ने कारखाने के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों को तोड़ा। कारखाना मालिक असलम ने पुलिस से शिकायत की है। असलम का कहना है कि सुबह कारखाना खोलने पर उन्हें चोरी का पता चला। पुलिस का कहना है कि चोरों की तलाश की जा रही है।

## आलू के गिरते दामों से किसान और स्टोर मालिक परेशान

फतेहपुर। आलू के गिरते दामों से किसान के साथ साथ कोल्ड स्टोर मालिक भी परेशान हैं। जहां एक ओर किसान भाव की कमी से स्टोर से निकासी कर बेचने से बच रहे हैं, वहीं दूसरी ओर स्टोर मालिकों को अपने किराये की चिंता सता रही है। इस बार आलू की पैदावार अच्छी हुई थी। सीजन में भाव की कमी होने की वजह से किसानों ने आलू का कोल्ड स्टोरेज में भंडारण कर दिया था। इस समय 700 से 1000 रुपये प्रति क्विंटल तक भाव पहुंच गया है। 17 कोल्ड स्टोर में इस बार एक लाख 38 हजार 534.51 मीट्रिक टन आलू का भंडारण था। इनमें से अब तक करीब 35 प्रतिशत ही निकासी हो पाई है। थरियांव क्षेत्र के उदय कोल्ड स्टोर में चार लाख 44 हजार बोरी ( प्रति बोरी औसत 50 किलो ) आलू भंडारण है। अभी तक मात्र एक लाख 60 हजार बोरी की ही निकासी हो पाई है। शंकर वरदानी कोल्ड स्टोर के मैनेजर पप्पू सिंह यादव ने बताया कि इस बार तीन लाख 60 हजार बोरी का भंडारण है। किसानों ने एक लाख 20 हजार बोरी की निकासी की है, अगर आलू के दाम ऐसे ही तेजी से गिरते रहे तो आलू फेंका जाएगा। स्टोर के किराए के डर से किसान आलू निकालने ही नहीं आएगा। स्टोर से आलू को साफ कराने में काफी खर्च आएगा। उसके साथ ही किराया न मिलने का घाटा अलग होगा।

## बिजली विभाग के जेई, एसएसओ पर गैरइरादतन हत्या का मुकदमा

फतेहपुर। शटडाउन में लापरवाही बरतने से संविदा कर्मी लाइनमैन की मौत के मामले में जेई और एसएसओ के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पुलिस जांच शुरू करेगी। हथगाम थानाक्षेत्र के शाहीपुर गांव निवासी रामबाबू अल्लीपुर उपकेंद्र में संविदा पर लाइनमैन था। अल्लीपुर स्थित बिजली पोल पर फाल्ट ठीक करते समय करंट की चपेट में आने से बुधवार को रामबाबू की मौत हो गई थी। वह उपकेंद्र से शटडाउन लेकर गया था। जांच में सामने आया कि पोल से दो फीडर की सप्लाई थी। शटडाउन एक ही फीडर पर किया गया था। घटना के बाद परिजनों ने जाम लगाकर हंगामा किया था। मामले में मृतक के भाई संजय यादव की ओर बुधवार रात सुल्तानपुर घोष थाने में जेई गुलाब चंद्र और एसएसओ धर्मेंद्र कुमार के खिलाफ तहरीर दी गई। आरोप लगाया कि दोनों की लापरवाही के कारण भाई रामबाबू की मौत हुई है। उस पोल पर डबल लाइन थी। जेई और एसएसओ की लापरवाही से नौबस्ता फीडर का शटडाउन नहीं था। इसी वजह से भाई करंट की चपेट में आया। थानाध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## इनकमिंग मशीन फुंकी, तीन दिनों से ठप है 250 गांवों की आपूर्ति

फतेहपुर। नगर पंचायत स्थित उपकेंद्र की इनकमिंग मशीन तीन दिन ले फुंकी हुई है। इससे करीब 250 गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित है। विद्युत उपकेंद्र असोथर से असोथर, गाज़ीपुर, थरियांव, नरैनी, जरौली, घरवासीपुर फीडरों के गांव सरांय खालिस, कौडर, बौडर, टीकर, गेडूरी, घरवासीपुर, बेरूई, जमलामऊ, कधिया, बेसडी, प्रेममऊ कटरा, सुजानपुर, सरकंडी, नरैनी, मानावां, नगर पंचायत असोथर सहित करीब 250 गांवों में बिजली दी जाती है। इनकमिंग मशीन फुंकने से इन गांवों की आपूर्ति तीन दिन से बाधित है। इनवर्टर भी बंद हो चुके हैं। सबसे अधिक समस्या पेयजल की है। लोग दूर-दूर से हैंडपंपों से पानी लाकर काम चला रहे हैं। मिथिलेश तिवारी, राजू तिवारी, शिवपूजन तिवारी, लक्ष्मी शंकर गौतम, सरवन सिंह यादव, धर्मेंद्र यादव, रविंद्र श्रीवास्तव, रामकरन यादव, विपिन यादव का कहना है कि बिजली न आने से मोमबत्ती के सहारे रोशनी कर रहे हैं। कारखाने बंद होने से आटे की किल्लत हो गई है। अवर अभियंता कमल सिंह ने बताया मशीन की मरम्मत हो रही है। जल्द ही इनकमिंग मशीन से आपूर्ति बहाल करा दी जाएगी।

## जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के देखे रिकॉर्ड, प्रसूताओं से सुविधाओं के बारे में पूछा

फिरोजाबाद। केंद्र सरकार की सहायक निदेशक जनगणना अंकिता चतुर्वेदी ने बृहस्पतिवार को मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। यहां जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र दिए जाने के रिकार्ड चेक किए। लोगों से पूछा कि कितने समय के अंतराल में यह प्रमाण पत्र जारी किए जा रहे हैं। वहीं सीएचसी उसायनी पर भी निरीक्षण करने पहुंची।सहायक निदेशक अंकिता चतुर्वेदी सबसे पहले सौ शैय्या अस्पताल में निरीक्षण करने पहुंची। यहां जन्म-मृत्य के रिकॉर्ड देखे। उन्होंने व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। जानकारी ली कि कितने समय में जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र दिए जा रहे हैं। स्टाफ ने बताया कि जन्म प्रमाण पत्र 24 घंटे में उपलब्ध करा दिया जाता है। जब प्रसूता की छुट्टी होती है, तभी उसे प्रमाण पत्र दे दिया जाता है। वह पुरुष अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंची। उसायनी स्वास्थ्य केंद्र पर भी निरीक्षण कर व्यवस्था को देखा। इसके बाद सीएमओ कार्यालय में सीएमओ डॉ. रामबदन राम के साथ बैठक कर जिले की व्यवस्था को लेकर चर्चा की।

## सर्वर फेल होने से जांच हुई प्रभावित, परेशान रहे मरीज

एटा। मेडिकल कॉलेज में आए दिन कोई न कोई समस्या बनी रहती है। बृहस्पतिवार को पैथोलॉजी कक्ष में सर्वर फेल हो गया। इससे मरीजों के पंजीकरण होना बंद हो गए। काफी देर बाद सर्वर चालू हुआ, तब तक कई मरीज बिना जांच के ही लौट गए। दोपहर एक बजे तक वहां 178 मरीजों का पंजीकरण हो पाया। मेडिकल कॉलेज में इन दिनों प्रतिदिन तीन सौ से अधिक मरीजों की खून की जांचें हो रही हैं। बृहस्पतिवार को भी मरीज बड़ी संख्या में इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में पहुंचे। इस दौरान फिजीशियन कक्ष में दोपहर साढ़े 12 बजे तक 298 मरीज देखे गए। कक्ष में मरीजों को देख रहे चिकित्सकों ने बताया कि बुखार के सर्वाधिक मरीज आए है। खून की जांच के लिए भेजा है, लेकिन पैथोलॉजी कक्ष में मरीजों का जांच के लिए रजिस्ट्रेशन ही नहीं हो पा रहा था। सुबह आठ बजे रजिस्ट्रेशन होना शुरू हुए। इसके बाद नौ बजे के करीब सर्वर बंद हो गया। 11 बजे रजिस्ट्रेशन शुरू हुए और 15 मिनट में ही फिर बंद हो गए। इससे कक्ष के बाहर मरीजों की भीड़ जमा हो गई।

## किशोरी से दुष्कर्म करने वाले को सात वर्ष की कैद

फर्रुखाबाद। पांच वर्ष पहले किशोरी के हाथ-पैर बांधकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट सुमित प्रेमी ने सात वर्ष की सजा सुनाई। दोषी को 20 हजार रुपये अर्थदंड के रूप में जमा करने के आदेश दिए। मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के एक कालोनी निवासी महिला की 14 वर्ष की पुत्री पांच वर्ष पहले घर में अकेली थी। महिला किसी काम से बाजार गई थी। उसी दौरान कालोनी का युवक सूरज किशोरी को पकड़कर अपने घर में ले गया। सूरज ने किशोरी के मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। उसके हाथ-पैर बांधकर दुष्कर्म किया। घटना के बाद सूरज ने किशोरी को घर से निकाल दिया। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। किशोरी ने मां के वापस आने पर पूरे मामले की जानकारी दी। मां की तहरीर पर पुलिस ने सूरज के खिलाफ किशोरी से दुष्कर्म करने का मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने छानबीन के बाद सूरज के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। मुकदमे की सुनवाई कर रहे न्यायाधीश ने गवाह व साक्ष्य के आधार पर सूरज को दोषी करार देकर सात वर्ष की कैद सुनाई है। दोषी को 20 हजार रुपये अर्थदंड जमा करने के आदेश दिए। अर्थदंड नहीं देने पर दोषी को छह माह का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा।

## बारिश से गिरी बरामदे की छत, महिला की हुई मौत

गाजियाबाद । बारिश से नूरगंज कॉलोनी में एक मकान के बरामदे की छत गिर गई। मलबे में दबकर जुबैदा ( 65 ) की मौत हो गई। प्रशासनिक अधिकारियों ने मौका मुआयना किया है।नूरगंज कॉलोनी में शाहनवाज परिवार समेत किराए के मकान में रहता है। परिवार में पत्नी साजिदा, तीन बेटी व दो बेटे हैं। वह फेरी लगाकर घर का खर्च चलाता है। शाहनवाज ने बताया कि बुधवार देर शाम बारिश हो रही थी, उनकी मां जुबैदा बरामदे में चारपाई पर बैठी थीं। परिवार के सभी सदस्य मकान में थे। इसी बीच बरामदे की छत तेज आवज के साथ गिर गई। चीख पुकार मचते ही मौके पर कॉलोनी के लोगों की भीड़ एकत्र हो गई, लोगों की मदद से जुबैदा को मलबे से निकालकर स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें हायर मेडिकल सेंटर दिल्ली रेफर कर दिया। दिल्ली ले जाते समय रास्ते में ही जुबैदा ने दम तोड़ दिया। हादसे में सूचना पर एसडीएम ने प्रशासनिक अधिकारियों को मौके पर भेजकर जांच कराई।

# डेंगू के चार मरीज मिले, 59 घरों में मिला लार्वा

फर्रुखाबाद। शमसाबाद क्षेत्र के गांव रोशनाबाद में चार डेंगू की पुष्टि हुई है। बुखार फैलने के एक माह बाद गुरुवार को मलेरिया विभाग की टीम ने पहुंचकर लार्वा की जांच की। फाइलों में चले संचारी रोग नियंत्रण अभियान का परिणाम सामने आने लगा है। एक महीने के इस अभियान में न तो कहीं सफाई हुई और न ही छिड़काव। दो-चार स्थानों पर छिड़काव की फोटो खींचने के बाद ग्रुप में डालकर काम दिखा दिया गया। जिला मलेरिया अधिकारी को अपने विभाग की पूरी जानकारी तक नहीं रहती। रोशनाबाद में करीब एक माह से बुखार फैला है। 20 दिन पूर्व शहरुद्दीन की 15 वर्षीय पुत्री छात्रा कासिफा की बुखार से मौत हो चुकी है। निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उसे डेंगू बताया गया था। गत सप्ताह रैना देवी पत्नी वीरपाल की भी बुखार से मौत हो चुकी है। छात्रा की मौत के करीब एक सप्ताह बाद बुखार के कुछ मरीजों की एलाइजा जांच के लिए नमूने लिए गए। चार मरीजों में डेंगू की पुष्टि की गई। गुरुवार को रोशनाबाद में मलेरिया विभाग की टीम ने पहुंचकर छिड़काव किया। 59 घरों में डेंगू का लार्वा मिला। वर्जनडिप्टी सीएमओ डॉ. आरसी माथुर ने बताया कि रोशनाबाद में 16 मरीजों के नमूने लेकर एलाइजा जांच कराई गई थी। चार मरीजों गुलिश्ता( 19 ), अरसलम( 6 ), आलिया( 4 ) व रामा देवी ( 50 ) की डेंगू की रिपोर्ट पॉजिटिव आई हैं। 12 लोगों की जांच रिपोर्ट निगेटिव आई। डेंगू के चारों मरीज अब स्वस्थ हो रहे हैं।

## शिक्षक पत्नी व साले पर पेचकस से हमला कर किया घायल

एटा। कोतवाली नगर क्षेत्र स्थित गांधी मार्केट में शिक्षक पत्नी और साले पर युवक ने पेचकस से हमला कर घायल कर दिया। आरोपी युवक का पत्नी से विवाद चल रहा है। करीब दो माह से अधिक से मारपीट की जा रही है। शिक्षिका के पिता ने दामाद के खिलाफ जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

शहर के मोहल्ला श्याम नगर निवासी श्याम प्रसाद ने अपने दामाद आशीष कुमार निवासी मोहल्ला नाहिल थाना औंछा जिला मैनपुरी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया कि शिक्षक बेटी रजनी की शादी वर्ष 2019 में आशीष के साथ की थी। शादी के कुछ समय तक सब ठीक चला था, लेकिन बाद में बेटी को परेशान कर प्रताड़ित किया जाने लगा। प्रताड़नाओं की वजह से दो माह पहले बेटी एटा आकर रहने लगी। बताया कि गांधी मार्केट में हमारी दवाओं की दुकान है। यहां पर वह बैठे थे, तभी दामाद ने आकर गाली-गलौज करना शुरू कर दिया और चिल्लाने लगे। आवाज सुनकर बेटा प्रियांशु और बेटी रजनी आई तो पेचकस से जानलेवा हमला कर दिया। प्रियांशु ने बताया कि बहन को मायके से रुपये लाने के लिए प्रताड़ित किया जाता है। जबकि कुछ महीने पहले ही 2 लाख रुपये दिए गए थे। बहन बेसिक की शिक्षिका है और आशीष न्याय विभाग में लिपिक है। इसके बावजूद प्रताड़ित किया जाता है और अब वह बहन की जान लेने पर तुला है।

थाना प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। दोनों पक्षों में पारिवारिक मामला है। मामले की जांच की जा रही है।

# अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

इटावा। एसओजी व फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस ने अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी की 10 बाइकें, तीन बाइकों के पार्ट्स, मास्टर चाबी, तमंचा व कारतूस बरामद किया गया। उनका एक साथी भागने में सफल रहा। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद उन्हें जेल भेज दिया। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि फ्रेंड्स कॉलोनी प्रभारी सुधीर कुमार सिंह व एसओजी प्रभारी तारिक खान टीम के साथ दतावली नहर पुल पर चेकिंग कर रहे थे। तभी उन्हें बाइकों से युवक आते दिखाई दिए। पुलिस के रोकने पर उन्होंने भागने का प्रयास किया। लोकासई शराब ठेके के पास से पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया जबकि उनका एक साथी भागने में सफल रहा। तलाशी में उनके पास से तमंचा कारतूस मास्टर चाबी के अलावा अन्य सामान बरामद हुआ। बाइकों के कागजात मांगने पर कागजात नहीं दिखा सके। पूछताछ में उन्होंने बताया कि बाइकें चोरी की हैं। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की छह बाइकें व तीन बाइकों का सामान बरामद कर लिया। पकड़े गए चोरों ने अपने नाम राहुल यादव निवासी प्रभु का अड्डा, दीवान सिंह निवासी अड्डा संतोषपुर व शिववीर निवासी कुनैरा बताया। पूछताछ में पकड़े गए लोगों ने बताया कि औरैया, मैनपुरी, आगरा सहित अन्य जगहों से वह बाइकों की चोरी करते हैं। एसएसपी ने बताया कि इनका मुख्य सरगना शिववीर बाइकें व उसके पार्ट्स को बेचता है। पकड़े गए सभी आरोपियों को आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया।

# मकान मालिकों से हुआ समझौता, जल्द पूरा होगा हाईवे का काम

फतेहपुर। नेशनल हाईवे से लगे 12 मकानों के मालिकों को ही एनएचएआई मुआवजा देगा। पीछे की ओर बने मकानों के स्वामियों को भेजी गई नोटिस वापस ली जाएगी। नायब तहसीलदार के साथ हुए इस समझौते के बाद एनएचएआई अब मकानों को ध्वस्त कराकर जल्द सड़क का अधूरा काम पूरा कराएगा। मलवां ब्लाक के हाईवे पर मुरादीपुर में सर्विस लेन के निर्माण में कुछ मकान बाधा बने थे। इन्हें हटाने के लिए नोटिस जारी की गई थीं। गाटा संख्या 2126 में बने मकानों के मालिकों ने मुआवजा लेने से मना कर दिया था। इसके पीछे कारण यह है कि रोड से लगे मकानों के पीछे बने जो भवन बने थे उनके मालिकों को भी मुआवजा दिया जा रहा था। रोड से लगे मकानों के मालिकों ने इसका विरोध किया था। मुरादीपुर निवासी मकान मालिक सद्दाम हुसैन ने बताया कि जब पीछे के मकानों को तोड़ा ही नहीं जाना है तो उन्हें मुआवजा किस आधार पर दिया जा रहा है। जो मकान रोड से लगे हैं उनके मालिकों को ही मुआवजा दिया जाए।

इस विवाद को खत्म करने के लिए गुरुवार को नायब तहसीलदार अर्चना यादव, लेखपाल सहित मौके पर पहुंचीं और मकान मालिकों से बात की। इसमें निर्णय हुआ कि उक्त गाटा संख्या में बने मकानों के मालिकों को कब्जे के आधार पर मुआवजा दिया जाएगा। निर्णय होने से एनएचएआई के काम में अब कोई बाधा उत्पन्न होने की संभावना नहीं है।

## चिटफंड कंपनी के फरार निदेशक समेत दो पर मुकदमा

फतेहपुर। करोड़ों रुपये हड़प कर भागे चिटफंड कंपनी के निदेशक और प्रबंधक के खिलाफ कोर्ट के आदेश की अवहेलना का मुकदमा दर्ज किया गया है। रियल विजन डेवलपमेंट चिटफंड कंपनी 2014 से 2019 के बीच बुलेट चौराहा स्थित कार्यालय से संचालित हो रही थी। कंपनी के सदर कोतवाली क्षेत्र के गैस गोदाम रोड निवासी प्रदीप कुमार वर्मा प्रबंधक और जौनपुर जिला रामपुर निवासी विनोद कुमार सिंह डायरेक्टर हैं। लोगों को कम समय धन दोगुना व अन्य लुभावनी स्कीमों के तहत ठगी का शिकार बनाया था। करोड़ों रुपये हड़पने के बाद आरोपी कंपनी कार्यालय बंद कर भाग निकले थे। मामले में हुसैनगंज थाने के हाजीपुर गंग निवासी उमाकांत त्रिपाठी की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया था।

# जेल से छूटकर मास्टरमाइंड पिता ने बेटे और चोरों संग की थी चिकित्सक के घर चोरी

गाजियाबाद । शालीमार गार्डन पुलिस ने डॉ. ललित मोहन कौशिक के फ्लैट में चोरी करने वाले मास्टरमाइंड पिता रईस उसके बेटे शाकिब संग सराफ पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। गिरोह ने फ्लैट में करीब 50 लाख के गहने और नकदी चोरी की थी। पुलिस ने चारों से 16.60 लाख के गहने, तीन फोन, हुंडई कार बरामद की है। मास्टरमाइंड पिता ने बरेली और हापुड़ में कई चोरियां कीं। वह डेढ़ साल पहले जेल से छूटने के बाद चोरियां करने लगा था। पुलिस गिरोह के भागे दो सदस्यों की तलाश कर रही है।

डीसीपी शुभम पटेल ने बताया कि मोदीनगर के बिसोखर मस्जिद के पास रहने वाले रईस उसके बेटे शाकिब और सराफ दिलीप व उसके बेटे शुभम कुमार को राजेंद्रनगर सेक्टर-3 से गिरफ्तार किया है। 15 अगस्त को डॉ. ललित मोहन कौशिक फ्लैट का ताला लगाकर रिश्तेदार से मिलने गए थे। इस बीच रईस और शाकिब ने शाहनवाज व सलमान के साथ मिलकर अलमारी व ड्रेसिंग टेबल 50 तोले सोने के जेवरात चोरी कर लिए थे। घटना के बाद चारों अलग-अलग जगह पर छिप गए थे। स्वाट टीम और पुलिस ने सर्विलांस व सीसीटीवी फुटेज की मदद से चोरों की पहचान कर दबिश दी। इस बीच मौका पाकर चारों ने माल को आपस में बांट लिया और पिता रईस-पुत्र शाकिब ने गहनों को दिलीप को बेच दिए थे। एसीपी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि सराफ दिलीप ने बेटे शुभम के साथ मिलकर गहने रात में गला दिए और उन्हें ग्राहकों को बेच दिया था। पुलिस ने उसके कब्जे से 16 लाख का सोना और 60 हजार की चांदी बरामद की है। वहीं, पुलिस ने पूछताछ के बाद रईस व शाकिब से घटना में प्रयुक्त हुंडई कार बरामद की है। दोनों ने बताया कि वे चोरी के लिए गिरोह के सदस्यों को कमीशन का लालच देते थे लेकिन बाद में माल को आपस में बराबर बांट लिया। इससे पहले रईस ने बरेली और हापुड़ के अलावा पश्चिम क्षेत्र में कई घटनाओं को अंजाम दिया है। स्वाट टीम अब शाहनवाज और सलमान की तलाश में दबिश दे रही है। घटना को अंजाम देने के लिए रईस और शाकिब ने हुंडई कार को चिकित्सक के घर से कुछ दूर खड़ी कर दी थी। चारों ने चोरी के बाद कार मोदीनगर के खेतों में छुपा दिया था।

## परिजनों ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर उठाए सवाल

फतेहपुर। शराब दुकान के पीछे से 11 अगस्त को मिले युवक के शव के मामले में परिजनों ने पुलिस और पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर सवाल उठाए हैं। पंचनामे में दर्ज चोट को पोस्टमार्टम रिपोर्ट में नही दर्शाया गया और पोस्टमार्टम में बिसरा सुरक्षित कर दिया गया। परिजनों का आरोप है कि युवक की हत्या की गई है। घटना के बाद से गांव के दो युवक गायब हैं। ललौली थाने के अजमतपुर गांव निवासी सुरेश तिवारी ने बताया कि एसपी को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनका 35 वर्षीय पुत्र मुकेश तिवारी को 11 अगस्त की सुबह गांव के दो युवक घर से ले गए थे। ग्रामीणों ने शाम करीब छह बजे मुकेश का शव शराब दुकान के पीछे खेत पर पड़ा होने की सूचना दी थी। मुकेश के पेट व गले पर चोट के निशान थे। पुलिस ने पंचनामे में पांच से छह चोट के निशान भी दर्शाए थे।

# शिविर से राहत लापता... भूख पूछ रही रोटी का पता

फतेहपुर। बाढ़ की पूरी तरह चपेट में आ चुके 8 गांवों में बिंदकी फार्म गांव के लोगों ने राहत शिविर की ओर रुख कर लिया है। 30 परिवार के कुल 65 सदस्य शिविर तो पहुंच गए हैं लेकिन वहां राहत के नाम पर कुछ नहीं है। हाल यह है कि 24 घंटे से न तो बच्चों को दूध मिला है और न ही बड़ों को रोटी ही नसीब हो सकी है। रात में प्रधान की ओर से भोजन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया। जो लोग राहत शिविर पहुंचे हैं उनमें 15 बच्चे, 12 बुजुर्ग व 38 महिला व पुरुष हैं। बच्चे दो से 12 साल की उम्र के हैं। बच्चों को खानपान के नाम पर दूध तक नसीब हुआ। गंगा और पांडु नदी का पानी खतरे के निशान से 32 सेंटीमीटर ऊपर पहुंच चुकी हैं। 16 गांव बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। इनमें आठ गांवों कालीकुंडी, बेनीखेडा, बिंदकी फार्म, सदनहा, जाड़े का पुरवा, अवसेरी खेड़ा, बेरीनारी, रामघाट में पूरी तरह से पानी भर चुका है। बिंदकी फार्म के ग्रामीणों ने महुआ घाटी राहत शिविर का रुख किया है। राहत शिविर पहुंचने के लिए जर्जर नाव का सहारा ग्रामीण ले रहे हैं। हाल यह है कि नाव में दरारें होने से उसमें पानी भर रहा है, जिसे एक व्यक्ति निकालता रहता है। खतरों के बीच नाव किनारे पहुंच पाती हैं। शिविर में अभी तक प्रशासन की ओर से कोई सुविधा मुहैया नहीं कराने से पीड़ितों में खासी नाराजगी है। अन्य बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि व्यवस्था में सुधार होने के बाद ही वे शिविर जाएंगे। वहीं, स्थानीय विधायक राजेंद्र पटेल ने कहा है कि बाढ़ पीड़ितों की मदद में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी।

## बारिश के कारण सेमरा में तीन मकान ढहे

फिरोजाबाद। तीन दिन से हो रही लगातार बारिश के बाद गांव सेमरा में तीन मकान धरासाई हो गए। मकान गिरने से एक परिवार के दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। लगातार बारिश से शहरी क्षेत्र के अलावा ग्रामीण इलाकों में भी जलभराव की स्थिति है। जलभराव के कारण कस्बा कठफोरी से सटे गांव सेमरा में रामरूप, कृष्णगोपाल और सर्वेश के मकान ढह गए। मकान ढह जाने से रामरूप नामक व्यक्ति की बहन भूदेवी गंभीर रूप से घायल हो गई। जबकि अन्य के मकान में रखा पशुओं का चारा व घरेलू सामान तहस नहस हो गया। वहीं तीन दिन से हो रही लगातार बारिश के कारण थाना खैरगढ़ क्षेत्र के हाथवंत में भी डुडपुरा निवासी नेम सिंह पुत्र बहादूर सिंह के मकान की दीवार ढह गई।

# साहब... पहली चोरी में पकड़ा जाता तो न बनता 15 हजार का इनामी और गैंगस्टर

गाजियाबाद। जीआरपी गाजियाबाद ने 15 हजार के इनामी बबलू उर्फ बंटी निवासी सुशांयत, थाना सासनी, जिला हाथरस को रेलवे स्टेशन के पास से दबोच लिया। जीआरपी सीओ ने आरोपी से अपराधी बनने की वजह पूछी तो बोला कि पहली चोरी में पकड़ा जाता तो इनामी नहीं बनता। पकड़े गए आरोपी पर जीआरपी थाने में आठ से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। उस पर पिछले दिनों जीआरपी ने 15 हजार का इनाम घोषित किया गया था और उसके खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई भी हो चुकी है। अधिकारियों ने बताया कि ट्रेनों में यात्रियों के मोबाइल, कीमती सामान चोरी की घटनाओं को आरोपी पिछले सात साल से अंजाम दे रहा था। बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी देने के लिए सीओ जीआरपी सुदेश गुप्ता ने अपने कार्यालय में प्रेसवार्ता बुलाई। मीडिया के सामने आरोपी बंटी से सीओ ने पूछा कि क्यों अपराध की दुनिया में घुसकर अपना जीवन बर्बाद कर रहा है तो आरोपी ने जवाब दिया कि साहब... पहली चोरी सात साल पहले हाथरस में खोखे को तोड़कर की थी। वहां साढ़े सात सौ रुपये मिले थे। इसके बाद उसने घरों में चोरी की पांच घटनाएं कीं और ट्रेनों में सामान चोरी की 10 से ज्यादा घटनाओं को अंजाम देने के बाद वह पहली बार पांच साल पहले पकड़ा गया। चोरी से आए पैसे से उसका खर्च चलने लगा और फिर वह लगातार चोरी करने लगा। यदि पहली चोरी में ही उसको पुलिस पकड़ लेती तो शायद 15 हजार का इनामी नहीं होता और न ही गैंगस्टर बनता। उसने अपने गिरोह के दो अन्य लोगों के नाम भी जीआरपी को बताए। उनकी तलाश में पुलिस की टीम दबिश दे रही है।

# बदमाशों ने लूट के बाद कारोबारी के कपड़े उतरवाकर वीडियो बनाया

गाजियाबाद । ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र के गुर्जर चौक के पास कार सवार बदमाशों ने कारोबारी से सोने की चेन, 16 हजार रुपये लूट लिए। लूट का विरोध करने पर बदमाशों ने कारोबारी के कपड़े उतरवाए, मारपीट की और वीडियो भी बनाया। मीठापुर बदरपुर दिल्ली में सूरज पांडेय परिवार के साथ रहते हैं। वह थर्माकोल का काम करते हैं। उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए कहा कि बुधवार को वह अपने एक साथी अनुराग कुमार के साथ बोलेरो पिकअप गाड़ी से ट्रॉनिका सिटी स्थित एक फैक्टरी में थर्माकोल की सप्लाई करने जा रहे थे। फैक्टरी से करीब 800 मीटर की दूरी पर कार सवार कुछ बदमाशों ने उन्हें घेर लिया। बदमाशों ने अपनी कार कारोबारी की गाड़ी के आगे लगा दी। बदमाश सूरज पांडेय को नीचे उतारने के लिए कहने लगे। बदमाश अपने आप को गो रक्षक बता रहे थे। बदमाशों ने कारोबारी की गाड़ी को चेक किया। इसके बाद सूरज का आधार कार्ड चेक किया। बदमाशों ने उनके पास रखे करीब 16 हजार रुपये और 11 ग्राम की सोने की चेन लूट ली। लूट का विरोध करने पर बदमाशों ने मारपीट की। बदमाशों ने पीड़ित के कपड़े उतरवा कर वीडियो बनाई। लूटपाट के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए।

इसके बाद पीड़ित ने स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। एसीपी रजनीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई हैं। आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। कार सवारों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

## सोता रहा परिवार, चोरों ने पार कर दी नकदी, जेवरात

फतेहपुर। किसान का परिवार सोता रहा और चोर अलमारी का लॉकर तोड़कर नकदी, जेवरात चुरा ले गए। मामले की शिकायत पर पुलिस जांच में जुटी है। थानाक्षेत्र के दुर्गागंज निवासी मो. रईस किसान हैं। वह परिवार समेत कमरे में सोये थे। उनकी मां आरफा बरामदे में सोयी थीं। रईस ने बताया कि चोरों ने चहारदीवारी फांदकर घर के अंदर प्रवेश किया होगा, बाकी कोई दूसरा रास्ता नहीं है। गर्मी की वजह से कमरे का दरवाजा खुला था। चोर कमरे में रखी अलमारी का लॉकर तोड़कर 25 हजार नकदी व एक लाख कीमत के जेवरात चुरा ले गए हैं। घर से जाते समय चोरों मां के पैर से टकराए। वह कुछ समझती तब तक चोर गेट खोलकर भाग निकले। मां की आवाज सुनकर नींद खुली। कमरे में सामान बिखरा पड़ा देखा तो चोरी का पता लगा। थानाध्यक्ष सतपाल सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# जलभराव से घिरे 700 परिवार, दलदल बनीं गलियां

फिरोजाबाद। नगर निगम की ओर से मार्च-अप्रैल से जलभराव को लेकर की गई पूरी कवायद हवाहवाई साबित हुई। शहर के कई मोहल्ले व मार्गो पर जलभराव की समस्या है। नई व पुरानी आबादी वाले वार्ड 21, 34 और 62 में 700 से ज्यादा घर पूरी तरह से जलमग्न हैं। इन वार्ड में जलभराव के कारण जहां गलियां दलदल में तब्दील हो गई हैं। वहीं लोगों को घर की चौखट से कदम बाहर निकलना मुश्किल हो गया हैं। मोहल्ला व वार्ड में जलभराव निगम के नाला सफाई अभियान की पोल खोल रहे हैं।

नई आबादी वाले वार्ड हसमत नगर, राठौर नगर के अलावा ठारपूठा में जलभराव व गंदगी के कारण आमजन की दिनचर्या पर ब्रेक लगा दिए हैं। इन मोहल्लों में करीब 700 से ज्यादा घरों के सामने कई फीट पानी भरा हुआ है। घरों के सामने जलभराव के कारण बच्चों का स्कूल जाना और कामकाजी लोगों को घर से बाहर निकलना पूरी तरह से बंद हैं। बृहस्पतिवार को मोहल्ला हसमत नगर स्थित कई मकानों में गंदा पानी जमा होने के साथ ही राठौर नगर में कच्चे-पक्के मकान जलमग्न दिखे। क्षेत्रीय लोगों के अनुसार मोहल्लों में जलभराव की समस्या निदान संबंधी निगम के दावे खोखले हैं। इन मोहल्लों में खाली प्लॉट व निचले इलाके में जमा पानी की निकासी तो दूर नियमित सफाई भी नहीं हो रही है। यही कारण है कि कच्ची गलियां दलदल में तब्दील हो गई हैं।

बारिश ने खोली नाला सफाई की पोल निगम ने मार्च-अप्रैल माह के बीच शहर के प्रमुख नालों की सफाई के लिए अभियान चलाया। लगभग पांच माह तक चले नाला सफाई अभियान की पोल बीते दिनों हुई बरसात के बाद खुल गई।

## बारा गलौली यमुना घाट पर पक्का पुल बनाने की मांग

फतेहपुर। यमुना नदी के बारा गलौली पर बने पीपे के पुल के स्थान पर पक्का पुल बनाने की मांग उठी है। गुरुवार को बारा गलौली यमुना पुल संघर्ष समिति के संरक्षक श्यामलाल निषाद, संयोजक डॉ. रामभक्त वर्मा की अगुवाई में ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर सीएम को ज्ञापन भेजा। मऊदेव स्थित जगदंबा महिला डिग्री कॉलेज में बांदा जनपद के जसपुरा ब्लाक व फतेहपुर के खजुहा ब्लाक के यमुना तटवर्ती गांवों के प्रधान और पूर्व प्रधानों ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर पक्का पुल बनवाने की मांग की। हमीरपुर से चिल्ला तक यमुना नदी में चालीस किमी तक कोई पक्का पुल नहीं है। इससे लोगों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। बैठक के बाद पिपरोदर, कानाखेड, गलौली, गाजीपुर, सिकहुला, गौरी, गडोला, पैलानी, नरौली, सिंधनकला, जसपुरा, रामपुर, नांदादेव, पड़ेरी, गोपालपुर, सुल्तान गढ, गौरा, बारा, रेवरी के ग्राम प्रधानों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है।

# चंडीगढ़ से तस्करी कर लाई जा रही 20 लाख रुपये कीमत की अंग्रेजी शराब पकड़ी

शिकोहाबाद। थाना पुलिस ने बृहस्पतिवार को चंडीगढ़ से तस्करी कर लाई जा रही 20 लाख रुपये की प्रतिबंधित शराब से भरे एक कंटेनर को चालक सहित पकड़ा है। पुलिस ने पकड़े गए अंतरराज्यीय शराब तस्कर गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा है। शराब की तस्करी आधुनिक तकनीकी का प्रयोग कर की जा रही थी। कंटेनर के डाले में एक डिवाइस लगाई गई। इसके साथ ही एक सीसीटीवी कैमरा भी लगा हुआ था, जिससे गाड़ी का पीछा करने वालों पर चालक की नजर रहे। कंटेनर में अमेजन कंपनी का स्टीकर लगा था। एसपी ग्रामीण कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह चार बजे के करीब सूचना मिली कि एक कंटेनर जिसमें चंडीगढ़ से तस्करी कर शराब लाई जा रही है। कंटेनर सिरसागंज की तरफ जा रहा है। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक हरवेंद्र मिश्रा, आबकारी अधिकारी चेतना सिंह और उप निरीक्षक विक्रांत तोमर की संयुक्त टीम ने काम किया और नौशहरा के पास कंटेनर को पकड़ लिया। कंटेनर चालक को पकड़कर पूछताछ की तो उसने बताया कि उसे चंडीगढ़ से कंटेनर दिया था और बिहार दरभंगा पहुंचाना था। इसके बदले में उसे 5 हजार रुपये खर्चे के लिए और 15 हजार रुपये वहां तक पहुंचाने के दिए जाते हैं। यह उसका तीसरा चक्कर है।

पुलिस ने जब डाला खोलने के लिए कहा तो उसने बताया इसमें डिवाइस लगी हुई है। जब तक उसे नहीं खोला जाएगा। तब तक डाला नहीं खुलेगा। इसके बाद डिवाइस को गैस कटर से काटा गया और अंदर देखा तो कंटेनर में हरियाणा मार्का की 292 पेटी शराब थी। एसपी ग्रामीण ने बताया कि जिसकी बाजार में कीमत लगभग 20 लाख रुपये है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए चालक के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा गया है। उन्होंने पकड़े गए चालक का नाम मुकेश कुमार निवासी खावडा कलां थाना भट्ठूखला फतेहाबाद हरियाणा बताया। एसपी ग्रामीण ने बताया कि शराब तस्करी कर बिहार ले जाई जा रही शराब को पकड़ने वाली टीम को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा टीम को प्रोत्साहित करने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

फोन कर उसे बुलाया और थमा दी गाड़ी पकड़े गए कंटेनर चालक मुकेश ने बताया कि उसके पास रोहतक से फोन आया था। फोन करने वाले ने बताया कि तुम्हें एक गाड़ी को चंडीगढ़ से दरभंगा बिहार पहुंचाना है। फोन पर वह पहुंच गया और उसे एक व्यक्ति ने चाबी और पांच हजार रुपये खर्चे के थमा दिए। उसे यह नहीं बताया गया कि कंटेनर में क्या भरा है। उससे कहा कि तुम गाड़ी को पटना होते हुए दरभंगा पहुंचा देना। वहां तुम्हें एक व्यक्ति मिलेगा, उसे गाड़ी दे देना। वह 15 हजार रुपये मेहनताना दे देगा।

उसने बताया कि उसे नहीं मालूम कि शराब तस्कर कौन है और किसकी शराब है। उसने बताया कि उसे यह भी नहीं बताया गया कि शराब कहां जाएगी। सिर्फ दरभंगा पहुंचाना था।

## लापता कचौड़ी विक्रेता के घर और दुकान पर बैंक का नोटिस चस्पा

फिरोजाबाद। करीब 20 दिन पहले शहर से लापता हुए कचौड़ी विक्रेता पर बैंक का भी लाखों रुपये कर्ज है। कई दिन से संपर्क नहीं होने पर एक प्राइवेट बैंक शाखा के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। बैंक ने कचौड़ी विक्रेता की दुकान व मकान पर बकाया का नोटिस चस्पा कराया है। शहर के थाना उत्तर के मोहल्ला हनुमान रोड पर दुकान करने वाले कचौड़ी विक्रेता सुखदेव गुप्ता करीब 20 दिन से परिवार सहित लापता हैं। कचौड़ी विक्रेता की हनुमान रोड स्थित दुकान के अलावा चौबेजी का बाग और ओझानगर स्थित मकान पर ताले लटके हैं।

बताया जा रहा है कि कचौड़ी विक्रेता पर बैंक व परिचितों का करीब तीन करोड़ रुपये बकाया है। वहीं कई दिन से लापता कचौड़ी विक्रेता के बारे में जानकारी मिलने पर बृहस्पतिवार को एचडीबी फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारी-कर्मचारी मौके पर पहुंचे। बैंक द्वारा लापता कचौड़ी विक्रेता की हनुमान रोड स्थित दुकान एवं चौबेजी का बाग में स्थित मकान पर नोटिस चस्पा कराया है।

# पांच ग्राम पंचायतों में प्रधान पद के लिए 6 सितंबर को होगा मतदान

फिरोजाबाद। जिले के चार ब्लॉकों की पांच ग्राम पंचायतों में प्रधान पद पर उपचुनाव होना तय है। बृहस्पतिवार को चार ब्लॉकों में नाम वापसी के साथ चुनाव चिह्न का आवंटन किया गया। किसी को कार तो किसी को इमली व अनाज ओसाता हुआ किसान चुनाव चिह्न मिला। यह प्रत्याशी अब चुनाव प्रचार करते दिखाई देंगे। छह सितंबर को मतदान एवं आठ सितंबर को मतगणना के साथ परिणाम घोषित होगा। पंचायत उपचुनाव में जिले में एक बीडीसी सदस्य के साथ ग्राम पंचायत सदस्य पद पर एक-एक नामांकन आने के कारण निर्विरोध चुन लिए गए। प्रधान पद के छह में से एक नारखी की बदनपुर ग्राम पंचायत में शशि देवी धनगर निर्विरोध प्रधान चुन ली गई। शिकोहाबाद ब्लॉक में तैनात चुनाव अधिकारी जिला कृषि अधिकारी सुमित कुमार चौहान ने बताया ग्राम पंचायत दिखतौली में अजय सिंह, श्याम सुंदर व सोनप्रकाश चुनाव मैदान में हैं। वहीं वासुदेवमई में सात प्रत्याशियों में एक नाम वापस हो जाने के साथ शेष छह प्रत्याशियों नीरज धनराज, भारत सिंह, राजेश, राहुल कुमार, सुनील, संजीव कुमार चुनाव मैदान में होने के कारण इन्हें चुनाव चिह्न का आवंटन किया गया। इधर हाथवंत ब्लॉक के चुनाव अधिकारी जिला उद्यान अधिकारी डॉ. संजीव कुमार वर्मा ने बताया कि ओढ़मपुर ग्राम पंचायत में प्रधान पद के लिए मोहनकुमार ने नाम वापस लेने के बाद चुनाव मैदान में ब्रजेश कुमार, श्यामसुंदर व सीमा देवी चुनाव मैदान में रह गई हैं। इनको चुनाव चिह्न का आवंटन किया गया। मदनपुर ब्लॉक में चुनाव अधिकारी डॉ. संजय निरंजन ने बताया ग्राम पंचायत गुराऊ में चुनाव मैदान में अखिलेश कुमार, अरविंद बाबू, पूजा एवं पवन कुमार चुनाव मैदान में हैं। अरांव ब्लॉक के चुनाव अधिकारी डॉ. विनोद कुमार कुशवाह ने बताया कि ग्राम पंचायत फतेहपुर बड़ागांव पंचायत में पांच प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इसमें अनुज कुमार, कृष्णकांत, प्रदीप कुमार, रोहित पाल, हरीशंकर शामिल हैं। छह सितंबर को सुबह सात बजे से शाम को पांच बजे तक मतदान होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### जनपद न्यायालय में 31 अगस्त को रहेगा स्थानीय अवकाश

बहराइच। जनपद न्यायाधीश बहराइच द्वारा जारी प्रशासनिक आदेश के अनुसार 31 अगस्त 2023 को रक्षा बन्धन पर्व के मद्देनज़र जनपद न्यायालय बहराइच में 31 अगस्त 2023 को स्थानीय अवकाश रहेगा। उल्लेखनीय है कि पूर्व में 30 अगस्त 2023 को रक्षा बन्धन का स्थानीय अवकाश घोषित किया था परन्तु रक्षा बन्धन पर्व 31 अगस्त को होने तथा इस सम्बन्ध में अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ, बहराइच के सुझाव के दृष्टिगत जनपद न्यायालय में 31 अगस्त 2023 को स्थानीय अवकाश रहेगा।

### 26 अगस्त को सेवायोजन कार्यालय पर आयोजित होगा रोज़गार मेला

बहराइच। युवाओं को अधिकाधिक रोज़गार से जोड़ने के उद्देश्य से 26 अगस्त 2023 को जिला सेवायोजन कार्यालय, परिसर, बहराइच में रोज़गार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें निजी क्षेत्र की 03 कम्पनियों ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल एवं आयुर्वेदिक प्रा.लि. द्वारा ब्लाक/फील्ड आफीसर के 42 पद हेतु स्नातक उत्तीर्ण आयु 22 से 45 वर्ष वेतन रू. 21,000, पीपल ट्री आनलाइन कम्पनी द्वारा टेलीकालर/सिक्योरिटी गार्ड के पदो हेतु स्नातक/आईटीआई उत्तीर्ण आयु 18 से 38 वर्ष वेतन रू. 16,500 तथा धनवर्षा बायोप्लांटेक प्रा.लि. द्वारा सेल्स रिप्रजेंटेटिव के 45 पदों हेतु इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण, आयु 18 से 35 वर्ष, वेतन रू. 10,500 प्रतिमाह देय होगा। श्री कुमार ने बताया कि रोजगार मेले में उ.प्र. कौशल विकास मिशन व आई.टी.आई. प्रशिक्षित युवा एवं सेवायोजन कार्यालय में पंजीकृत अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। अभ्यर्थी अपने साथ बॉयोडाटा सहित समस्त शैक्षिक योग्यता के अंक पत्र, प्रमाण पत्र, आधार कार्ड मूलरूप में एवं उनकी एक-एक छाया प्रति तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो सहित 26 अगस्त 2023 को जिला सेवायोजन कार्यालय, परिसर, बहराइच में उपस्थित होकर पुरूष/महिला रोजगार मेले में प्रतिभाग कर अधिकाधिक लाभ उठायें।

### डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई विद्यालय प्रबन्ध कारिणी समिति की बैठक

बहराइच। माण्टेसरी उच्च माध्यमिक विद्यालय बहराइच के प्रागंण में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में विद्यालय प्रबन्ध कारिणी समिति की बैठक सम्पन्न हुई। विद्यालय के प्रबन्धक स्व. मैथिली शरण श्रीवास्तव के 08 जुलाई 2023 को हुए आकस्मिक निधन के परिणामस्वरूप पदेन अध्यक्ष डीएम की अध्यक्षता में विद्यालय प्रबन्ध कारिणी समिति की बैठक सम्पन्न हुई। पूर्व प्रबन्धक के शेष कार्यकाल हेतु प्रबन्धक के रिक्त पद की पूर्ति हेतु प्रधानाचार्या श्रीमती रीता वर्मा द्वारा प्रबन्ध कारिणी समिति के सदस्य सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य आर.पी.एन. श्रीवास्तव के नाम का प्रस्ताव किया गया जिसका समर्थन श्रीमती प्रीती कौर के किया जबकि उपस्थित अन्य सदस्यों द्वारा ध्वनि मत से सहर्ष अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में आय-व्यय पर विचार-विमर्श के दौरान डीएम मोनिका रानी ने निर्देश दिया कि आगामी बैठक में आय-व्यय का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया जाय। छात्र-छात्राओं तथा शिक्षण स्टाफ पर चर्चा के दौरान डीएम ने शिक्षण स्टाफ को निर्देश दिया कि बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ छात्राओं की संख्या बढ़ाये जाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाण्डेय सहित विद्यालय कारिणी समिति के सदस्यगण मौजूद रहे।

### डीएम ने इण्डियन बैंक के जागरूकता रथ को झण्डी दिखाकर किया रवाना

बहराइच। विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से जिले के ग्रामों को संतृप्त किये जाने तथा जनसमस्याओं के निस्तारण के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी की अभिनव पहल पर प्रत्येक बृहस्पतिवार को आयोजित होने वाले ''सेवा से संतृप्तिकरण'' अभियान के दृष्टिगत जनपद वासियों में जनजागरूकता लाये जाने के मद्देनजर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने इण्डियन बैंक के उप महा प्रबन्धक रवीन्द्र सिंह के साथ कलेक्ट्रेट परिसर से इण्डियन बैंक के जागरूकता रथ को रवाना किया। जागरूकता रथ 24 अगस्त 2023 को ब्लाक पयापुर अन्तर्गत न्याय पंचायत खुटेहना में आयोजित होने वाले ''सेवा से संतृप्तिकरण'' शिविर के दृष्टिगत खुटेहना न्याय पंचायत के अन्तर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों अरकापुर, खोरिया शरीफ, खुटेहना, इटवाहरदास, कोल्डुवा, लहडौरा, सतपेड़िया, रजुवापुर व बेलवापदुम में 02 दिन तक भ्रमण कर सरकार व बैंक द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर ग्रामवासियों को शिविर का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करेगा। इसके अलावा जागरूकता रथ जनपद के अन्य स्थानों पर भी भ्रमण कर केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा तथा बैकों द्वारा संचालित योजनाओं का भी प्रचार-प्रसार करेगा। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, डीसीएनआरएलएम रामेन्द्र कुशवाहा, लीड बैंक प्रबन्धक जितेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, मुख्य प्रबन्धक अतीश कुमार व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

### टोल फ्री नम्बरों पर दें खराब ट्रांसफार्मर की सूचना

बहराइच। अधि.अभि. विद्युत वितरण खण्ड प्रथम शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि किसी क्षेत्र के विद्युत परिवर्तक के खराब होने पर सम्बन्धित क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ता विभागीय टोल फ्री नम्बर 1912 अथवा 18001800440 तथा मण्डल बहराइच के कन्ट्रोल रूम नम्बर 8005494418 पर सूचित कर सकते हैं। जिससे विद्युत विभाग द्वारा तत्सम्भव प्रयास कर अविलम्ब परिवर्तक बदलने की कार्यवाही की जा सके। श्री कुमार ने विद्युत उपभोक्ताओं को सुझाव दिया है कि बेहतर विद्युत व्यवस्था हेतु अपने बकाया विद्युत बिल का भुगतान समय से अपने निकटतम विभागीय कलेक्शन सेन्टर, सी.एस.सी. केन्द्र अथवा विभागीय वेबसाईट यूपीएनर्जी डाट इन पर आनलाइन जमा करा दें ताकि विद्युत विच्छेदन व आर.सी. जैसी अप्रिय कार्यवाही से सुरक्षित रहें।

### पूर्वदशम छात्रवृत्ति हेतु 15 सितम्बर से आनलाइन आवेदन आमंत्रित

बहराइच 23 अगस्त। जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर गुप्त ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2023-24 में कक्षा 09 एवं 10 में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं विभागीय वेबसाइट स्कालरशिप डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन पर 15 सितम्बर से 10 नवम्बर 2023 तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। श्री गुप्ता ने बताया कि पूर्वदशम छात्रवृत्ति हेतु प्रक्रियात्मक कार्यवाही हेतु शासन द्वारा जारी नवीन समयसारिणी के अनुसार विद्यालय द्वारा मास्टर-डाटाबेस अपडेट एवं नवीन संस्थाओं को सम्मिलित करने की कार्यवाही 07 अगस्त से 30 सितम्बर, छात्र/छात्राओं द्वारा आनलाइन आवेदन की कार्यवाही हेतु 15 सितम्बर से 10 नवम्बर तक तथा विद्यालय द्वारा मूल अभिलेख से मिलान करते हुये आवेदन जॉचोपरान्त अपने स्तर से आनलाइन अग्रसारित करने की कार्यवाही 18 सितम्बर से 22 नवम्बर 2023 तक पूर्ण की जानी है।

### बांसुरी वाला ब्रांड पर राज्य कर विभाग का शिकंजा

नोएडा। बांसुरी वाला नाम के ब्रांड से मिठाइयां बनाने और रेस्तरां चलाने वाली कंपनी वीवीएस सिग्नेचर्स सर्विस प्राइवेट लिमिटेड पर राज्य कर विभाग का शिकंजा कस गया है। विभाग की विशेष अनुसंधान शाखा ने नोएडा स्थित संस्थान पर छापा मारकर अनियमितता पकड़ी है। जांच टीम ने लगातार दो दिन तक दस्तावेज खंगाले। जिसमें अघोषित व्यापार स्थल मिठाइयों का उत्पादन होने की बात सामने आई। मामले में कंपनी से 17.51 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया है। विभाग की विशेष अनुसंधान शाखा के अपर आयुक्त ग्रेड-2 राजाराम गुप्ता के निर्देश पर संभाग बी की टीम ने बुधवार को नोएडा स्थित कंपनी के कार्यालय पर दबिश दी। शाखा के संयुक्त आयुक्त विवेक आर्य व योगेश कुमार विजय के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। जांच में पाया गया कि कंपनी ने मई 2023 से मासिक रिटर्न फाइल नहीं किया और कर भी नहीं जमा कराया है जबकि कंपनी में लगातार खरीद-बिक्री का कार्य किया जा रहा था। जीएसटी जमा करने में अनियमितता बरते जाने की पुष्टि होने पर जांच टीमों ने सघन जांच शुरू कर दी। कंपनी की ओर से जीएसटी पोर्टल पर मुख्य व्यापार स्थल के अतिरिक्त चार अन्य ब्रांच घोषित की गई हैं, लेकिन मिठाइयां बनाने का काम सेक्टर-155 स्थित अघोषित स्थल से किया जा रहा था। बृहस्पतिवार शाम तक कंपनी के अधिकारियों से पूछताछ का सिलसिला जारी रहा।

### पुलिया पर बैठा युवक पोखरे में गिरा, चली गई जान

गोरखपुर। गीडा थाना के अडिलापार गांव की पुलिया पर उसी गांव का शिवकुमार ( 38 ) पुत्र फौजदार अकेले बैठा था। तभी वह पोखरे में गिर गया। थोड़ी देर बाद ग्रामीण वहां पहुंचे तो उसकी साइकिल पुलिया पर खड़ी थी और गमछा पानी में तैर रहा था। गोरखपुर जिले में गीडा के अडिलापार गांव में पुलिया पर बैठा युवक पोखरे में गिर गया।

ग्रामीण उसे बाहर निकालकर स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। गीडा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक, गीडा थाना के अडिलापार गांव की पुलिया पर उसी गांव का शिवकुमार ( 38 ) पुत्र फौजदार अकेले बैठा था। तभी वह पोखरे में गिर गया। थोड़ी देर बाद ग्रामीण वहां पहुंचे तो उसकी साइकिल पुलिया पर खड़ी थी और गमछा पानी में तैर रहा था।

# लाभार्थियों को मिली पीएम आवास की चाभी व स्वीकृति पत्र

**○ मुख्यमंत्री सहभागिता योजना से लाभान्वित हुए परिवार ○ परिवारों को मिले पात्र गृहस्थी योजना के राशन कार्ड**





बहराइच संवाददाता

बहराइच । विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से जिले के ग्रामों को संतृप्त किये जाने तथा जनसमस्याओं के निस्तारण के उद्देश्य से डीएम मोनिका रानी की अभिनव पहल पर ब्लाक पयागपुर अन्तर्गत पं. अशोक कुमार मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रांगण में आयोजित किये गये सेवा से संतृप्तिकरण अभियान के दौरान न्याय पंचायत खुटेहना की समस्त ग्राम पंचायतों अरकापुर, खोरिया शरीफ, खुटेहना, इटवाहरदास, कोल्डुवा, लहडौरा, सतपेड़िया, रजुवापुर व बेलवापदुम के ग्रामवासियों का संतृप्तिकरण किया गया। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सेवा से संतृप्तिकरण अभियान अन्तर्गत लगाये गये एक-एक पण्डाल का निरीक्षण कर मौजूद अधिकारियों से दिन भर की कारगुज़ारी के बारे में जानकारी प्राप्त की।

प्रतिकूल मौसम के बावजूद संतृप्तिकरण अभियान के अवसर पर भारी भीड़ को देखते हुए डीएम ने कहा कि उन्हें आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि यह आयोजन अपने उद्देशों में सफल होगा। प्रशासन जनता के द्वार की थीम पर आयोजित किये जा रहे संतृप्तिकरण अभियान के प्रति लोगों के विश्वास को देख कर स्वयं उनका ही नहीं बल्कि जिले के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के हौसले बुलन्द हैं। डीएम ने अभियान में आये हुए आमजन के साथ-साथ व्यवस्था में लगे हुए अधिकारियों के प्रयासों की भी सराहना की। डीएम ने ग्रामवासियों से अपील की कि न्याय पंचायत में आयोजित किये जा रहे सेवा से संतृप्तिकरण शिविर में बढ़-चढ़ कर शामिल हों और विभिन्न विभागों द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं का भरपूर लाभ उठायें। उन्होंने कहा कि आयोजन का एक उद्देश्य यह भी है कि एक ही स्थान पर ग्राम के लोगों का केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित नाना प्रकार की योजनाओं एवं कार्यक्रमों से आच्छादित ही न किया जाए बल्कि उनकी जनसमस्याओं का भी गुणवत्तापरक ढंग से समाधान कराया जाय। क्योंकि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक निस्तारण मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी व शासन की शीर्ष प्राथमिकता है।

डीएम ने कहा कि आयोजन का एक उद्देश्य यह भी है कि गांव ग्राम के ऐसे लोग जो पात्रता रखने के बावजूद योजनाओं से वंचित हैं। इसका मुख्य कारण यह होता है कि उनकी पहुंच कार्यालयों तक नहीं हो पाती या उनके जाने पर सम्बन्धित अधिकारी से मुलाकात न हो पाने अथवा नेटवर्क न होने से भी कभी-कभी समस्या आती है। इसी बात को देखते हुए संतृप्तिकरण अभियान के दौरान विभिन्न विभागों के स्टाल पर योजनाओं के पंजीकरण की भी व्यवस्था की गई है ताकि कोई कोई भी इच्छुक पात्र योजनाओं से वंचित न रह सके। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना ने भी ग्रामवासियों से अपील की कि विभिन्न विभागों द्वारा लगाये स्टालों का अवलोकन कर योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्राप्त कर अपनी पात्रता के अनुसार फार्म भर कर योजनाओं का लाभ उठाएं। शिविर के दौरान डीएम मोनिका रानी ने मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना के साथ श्रम विभाग द्वारा संचालित मातृ बालिका मदद योजना, क्षय ग्रस्त रोगियों को पोषण किट, पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को आवास की चाभी व स्वीकृति पत्र, राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत गठित समूहों को प्रमाण-पत्र, मनरेगा योजना के तहत जाबकार्ड, पात्र गृहस्थी योजना के तहत राशन कार्ड, कृषकों को खतौनी की नकल के साथ-साथ मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत 10 ग्रामवासियों को गोदान भी किया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु बैठक सम्पन्न

### 6 से 8 सितम्बर तक होगा लघु आपराधिक वादों का निस्तारण

बहराइच । उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार 09 सितम्बर 2023 को जनपद न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु सिविल कोर्ट बहराइच के सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश उत्कर्ष चतुर्वेदी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन हेतु धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम ( एन0आई0एक्ट ), बैंक वसूली एवं टेलीफोन बिल्स से सम्बन्धित प्रकरण, श्रम विवाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद ( अशमनीय वादों को छोड़कर ), अन्य आपराधिक शमनीय वादा, वैवाहिक व अन्य सिविल वादों का अधिकाधिक संख्या में निस्तारण किया जायेगा।राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर सुलह-समझौते के आधार पर जनपद न्यायालय में लम्बित वाद में आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विघुत एवं जल बिल विवाद ( चोरी से सम्बन्धित विवाद सहित किन्तु अशमनीय विवादों को छोड़कर ), सर्विस विवाद से सम्बन्धित वेतन, भत्ता और सेवानिवृत्ति लाभ के मामले, राजस्व वाद एवं अन्य सिविल वादों ( किरायेदारी, सुखाधिकार, निषेधाज्ञा वाद, विशिष्ट अनुतोष वाद ) आदि का निस्तारण किया जायेगा। इसके अतिरिक्त 06, 07 व 08 सितम्बर 2023 को लघु आपराधिक मामलों के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के सचिव विराट शिरोमणि द्वारा बताया गया है कि उपरोक्त दिवसों में आयोजित विशेष लोक अदालतों में समय से जाकर प्रार्थना पत्र देकर अपने वाद का निस्तारण कराते हुए विशेष लोक अदालत का लाभ उठा सकते हैं।

# नीति आयोग के सूचकांकों में सुधार लाये अधिकारी-मोनिका रानी

**छात्र आधार सीडिंग कार्य में तेजी लाये जाने के दिये गये निर्देश**

बहराइच । नीति आयोग द्वारा निर्धारित सूचकांको की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार की देर शाम आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा नीति आयोग के निर्धारित सेक्टर स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि, वाटर रिसोर्स, फाइनेन्सियल इन्क्ल्यूजन एवं कौशल विकास तथा आधारभूत संरचना के संकेतांकों से सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने से सम्बन्धित संकेतांकों में मानक के अनुसार सुधार लाना सुनिश्चित करें।

बैठक के दौरान नीति आयोग द्वारा निर्धारित सूचकांको की समीक्षा करते हुए पाया गया कि माह जून में 106 वीं डेल्टा रैंकिंग, स्वास्थ्य एवं पोषण सेक्टर में 14वीं, शिक्षा सेक्टर में 08, कृषि सेक्टर में 107, आधारभूत आंकड़ा सेक्टर में 83 तथा वित्तीय समावेशन व कौशल विकास सेक्टर में 112वीं डेल्टा रैंकिंग प्राप्त हुई है। स्वास्थ्य विभाग के सूचकांकों की प्रगति की समीक्षा में पाया गया कि कुछ संकेतांकों के प्रगति में माह जून में सुधार आया है परन्तु डेल्टा रैंक कम हुई है। डीएम द्वारा सेक्टर से सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जिन संकेतांकों का वेटेज से अधिक है ऐसे संकेतांकों को चिन्हित कर सुधार लाकर डेटा फीड कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी द्वारा एलडीएम जितेन्द्र नाथ श्रीवास्तव को निर्देश दिये गये कि सम्बन्धित बैंको की बैठक कर डाटा फीड कराना सुनिश्चित करें तथा प्रत्येक शुक्रवार को परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के बैंक खातों में आधार सीडिंग की कार्यवाही करायी जाय।

प्रधानाचार्य आईटीआई पी.के. श्रीवास्तव तथा एमआईएस मैनेजर कौशल विकास मिशन के अर्पित कटियार को निर्देश दिये गये कि मिशन निदेशक कौशल विकास मिशन को डाटा फीडिंग हेतु डीएम के स्तर से पत्र भेजवाएं। एग्रीकल्चर एवं जल संसाधन सेक्टर की समीक्षा करते हुए डीएम द्वारा मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये गये कि पशु टीकाकरण एवं कृत्रिम गर्भाधान की प्रगति में सुधार लाया जाय। जिलाधिकारी द्वारा परियोजना निदेशक डीआरडीए को निर्देश दिये गये कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्रगति में सुधार लाकर संसोधित डाटा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिये गये कि ग्राम पंचायतों में विभिन्न सर्विस प्रोवाईडरो के इण्टरनेट कनेक्शन का संसोधित डेटा उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिये।

उन्होंने नीति आयोग से अतिरिक्त आवंटन के रूप में प्राप्त धनराशि से कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा करते हुए अधिशाषी अभियन्ता यूपीसीडको बहराइच को निर्देश दिये गये कि स्किल डेबलपमेण्ट सेण्टर की डिजाईन तैयार कर यथाशीघ्र कार्य प्रारम्भ कराये। वर्ष 2022-23 में प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले कार्यो हेतु नामित कार्यदायी संस्था को कार्यकारी आदेश जारी करने के निर्देश दिये गये। बिन्डो-2 के अन्तर्गत प्राप्त अतिरिक्त आवंटन से कराये जाने वाले कार्य कम्प्यूनिटी लाइब्रेरी का सुदृढ़ीकरण के अन्तर्गत निर्देश दिये गये कि केडीसी बहराइच में लाइब्रेरी सिापित करने की कार्यवाही की जाय। इस अवसर पर उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ राजेन्द्र प्रसाद, पीडीडीआरडीए राजकुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्तराम, प्राधानार्य आईटीआई पी.के. श्रीवास्तव, चिकित्साधिकारी डॉ पीयूष, डीएचआईओ बृजेश सिंह, अपर सांख्यिकीय अधिकारी तीरथ राम वर्मा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## अवैध क्रिकेट स्टेडियम का शुरू किया निर्माण, 25 पर एफआईआर

ग्रेटर नोएडा। जिले में अवैध रूप से मकान और इमारतें बनाने के कई मामले सामने आ चुके हैं। अब ग्रेनो वेस्ट के शाहबेरी में अवैध क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण शुरू करने की जानकारी सामने आई है। ग्रेनो प्राधिकरण के बार बार काम रुकवाने के बावजूद आरोपी अवैध निर्माण से बाज नहीं आ रहे थे। मामले में ग्रेनो प्राधिकरण के सहायक प्रबंधक ने बिसरख कोतवाली में 25 लोगों पर दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज कराई है। इनमें एक एफआईआर में 14 और दूसरी में 11 लोगों को आईपीसी की धारा-188 और 447 के अंतर्गत नामजद किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि शाहबेरी में सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना कर अधिसूचित भूमि पर अवैध निर्माण किए जा रहे हैं। क्षेत्र में कुछ लोगों ने चाहरदीवारी खड़ी कर लाइट आदि लगाकर अवैध क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण शुरू कर दिया। बार बार रोकने के बाद भी आरोपी नहीं माने आरोपी चोरी छिपे अवैध निर्माण कर रहे थे। क्रिकेट स्टेडियम के अलावा भी यहां कुछ लोग बहुमंजिला भवनों का निर्माण कर रहे थे। बिसरख कोतवाली प्रभारी ने बताया कि सहायक प्रबंधक की ओर से दर्ज कराए गए मामले की जांच जारी है। अहम है कि शाहबेरी में 17 जुलाई 2015 को दो अवैध भवन ढहने और इनके मलबे में दबकर नौ लोगों की जान चली गई थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां हादसे के बाद अवैध निर्माण करने वालों पर सख्त कार्रवाई के आदेश दिए थे। आरोपियों पर तब कई संगीन धाराओं में केस दर्ज कर गैंगस्टर की कार्रवाई की और बिल्डरों को भी जेल भेजा था। इसके बावजूद यहां बेखौफ अवैध निर्माण जारी है।

## विधायक मामन खान के घर पहुंची महिला, जमकर किया हंगामा; पुलिस जांच में खुलासा

गुरुग्राम। विधायक मामन खान को पति बताने वाली महिला के आरोप बेबुनियाद हैं। पुलिस ने महिला से दो दिन की पूछताछ में झूठ को बेनकाब किया है। कांग्रेस विधायक मामन खान को अपना पति बताकर राजनैतिक गलियारों में हलचल मचाने वाली हिसार की महिला के आरोप पुलिस जांच में बेबुनियाद साबित हुए हैं। सदर थाना प्रभारी सुभाष ने बताया कि महिला पुलिस के समक्ष ऐसा कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सकी, जिससे उसके आरोपों की पुष्टि हो सके। सदर थाना प्रभारी ने कहा कि दो दिन पहले महिला ने विधायक को अपना पति बताते हुए उनके आवास पर हंगामा किया था। मामले की पुलिस ने गहनता से जांच की। इस दौरान महिला ऐसा कोई भी सबूत पेश नहीं कर पाई, जिससे उसके आरोपों की पुष्टि होती हो। महिला अपनी शादी संबंधी कोई भी सबूत नहीं दे पाई। ऐसे में स्पष्ट हो गया है कि वह झूठ बोल रही थी। बता दें कि दो दिन पहले विधायक मामन खान के मालिबू टाउन स्थित निवास पर पहुंची एक महिला ने हाई वोल्टेज ड्रामा करते हुए दावा किया कि विधायक उनके पति हैं और वह अपने पति से मिलने आई है। काफी समझाने के बावजूद भी महिला वहां से नहीं गई। जिसकी शिकायत विधायक की पत्नी ने सदर थाना पुलिस से की और पुलिस महिला को जांच के लिए थाना ले गई। इस बारे में विधायक मामन खान का कहना है कि विरोधियों द्वारा उन्हें फसाने और उनकी छवि को धूमिल करने के लिए तरह तरह के षडयंत्र उनके खिलाफ़ रचे जा रहे हैं।

पुलिस ने इस मामले में झूठ से पर्दा उठा दिया है। उन्होंने कहा कि वो पुलिस से मांग करते हैं कि उनके ऊपर झूठे आरोप लगाने वाली महिला पर कानूनी कार्रवाई की जाए।

## विधायक मामन खान को पति बताने वाली महिला के आरोप बेबुनियाद

गुरुग्राम। कांग्रेस विधायक मामन खान को अपना पति बताकर राजनैतिक गलियारों में हलचल मचाने वाली हिसार की महिला के आरोप पुलिस जांच में बेबुनियाद साबित हुए हैं। सदर थाना प्रभारी सुभाष ने बताया कि महिला पुलिस के समक्ष ऐसा कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सकी, जिससे उसके आरोपों की पुष्टि हो सके। सदर थाना प्रभारी ने कहा कि दो दिन पहले महिला ने विधायक को अपना पति बताते हुए उनके आवास पर हंगामा किया था। मामले की पुलिस ने गहनता से जांच की। इस दौरान महिला ऐसा कोई भी सबूत पेश नहीं कर पाई, जिससे उसके आरोपों की पुष्टि होती हो। महिला अपनी शादी संबंधी कोई भी सबूत नहीं दे पाई। ऐसे में स्पष्ट हो गया है कि वह झूठ बोल रही थी। बता दें कि दो दिन पहले विधायक मामन खान के मालिबू टाउन स्थित निवास पर पहुंची एक महिला ने हाई वोल्टेज ड्रामा करते हुए दावा किया कि विधायक उनके पति हैं और वह अपने पति से मिलने आई है। काफी समझाने के बावजूद भी महिला वहां से नहीं गई। जिसकी शिकायत विधायक की पत्नी ने सदर थाना पुलिस से की और पुलिस महिला को जांच के लिए थाना ले गई।

इस बारे में विधायक मामन खान का कहना है कि विरोधियों द्वारा उन्हें फसाने और उनकी छवि को धूमिल करने के लिए तरह तरह के षडयंत्र उनके खिलाफ़ रचे जा रहे हैं। पुलिस ने इस मामले में झूठ से पर्दा उठा दिया है। उन्होंने कहा कि वो पुलिस से मांग करते हैं कि उनके ऊपर झूठे आरोप लगाने वाली महिला पर कानूनी कार्रवाई की जाए।

## किसान डिग्री कालेज में सम्पन्न हुआ मेगा मॉक ड्रिल

### भूकम्प व अग्निकांड से बचाव का किया गया पूर्वाभ्यास

बहराइच। प्राकृतिक आपदा ( भूकम्प ) से बचाव के दृष्टिगत स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बहराइच में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल ( एन.डी.आर.एफ. ) की 11वीं बटालियन वाराणसी के डिप्टी कमाण्डेन्ट अनिल कुमार पाल के नेतृत्व में रेस्क्यू टीम द्वारा मेगा मॉक ड्रिल आयोजित भूकम्प तथा भूकम्प के कारण होने वाली अग्नि दुर्घटना में बचाव का पूर्वाभ्यास किया गया। मेगा मॉक ड्रिल के लिए तैयार की गई पटकथा के अनुसार महाविद्यालय का तीसरा माला भूकम्प आने से ध्वस्त हो जाता है। ऐसे में मलबे में फंसे 03 वयस्क व्यक्तियो तथा 01 बच्चे का रस्सी के माध्यम से रेस्क्यू करने का डिमान्ट्रेशन प्रस्तुत किया गया।

भवन के तीसरे माले में भूकम्प के कारण फंसे हुए लोगों को रस्सी के माध्यम से सुरक्षित नीचे उतार कर सर्वप्रथम उन्हें प्राथमिक उपचार के उपरान्त घायल लोगों को स्ट्रैचर पर रख कर एम्बुलेन्स पर सवार जिला चिकित्सालय के लिए रवाना कर दिया गया। पटा कथा के अनुसार भूकम्प के कारण भवन में लगी आग के दौरान लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने तथा आग पर काबू पाने का डिमांस्ट्रेशन अग्निशमन विभाग द्वारा प्रस्तुत किया गया। मेगा मॉक ड्रिल के दौरान आपदा मित्रों व एनसीसी कैडेट्स द्वारा भी सहयोग प्रदान किया गया।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर डॉ. पूजा यादव, तहसीलदार कैसरगंज अजय यादव व मिहींपुरवा के अम्बिका चौधरी, प्राचार्य केडीसी डॉ. विनय सक्सेना, पूर्व प्राचार्य मेजर डॉ. एस.पी. सिंह, एनडीआरएफ के इन्सपेक्टर अजय सिंह, आपदा विशेषज्ञ सुनील कुमार कनौजिया सहित राजस्व, स्वास्थ्य, आपूर्ति व अन्य विभागों के अधिकारी, केडीसी का शिक्षण स्टाफ तथा बड़ी संख्या छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## लाभार्थी के परिवार के सभी सदस्यों का बनेगा गोल्डेन कार्ड

बहराइच। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान भारत के गोल्डेन कार्ड धारक लाभार्थी परिवारों के अन्य सदस्यों को शत-प्रतिशत कार्ड बनाये जाने के उददेश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में विकास खण्ड बलहा के सहायक विकास अधिकारी ( पंचायत ) बी.पी.एम. बी.सी.पी.एम., चिकित्साधिकारी, सी.एच.ओ., पंचायत सहायक, कोटेदार व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने निर्देश दिया कि अभियान चलाकर एक सप्ताह में गोल्डेन कार्डधारक लाभार्थी परिवारों के सभी सदस्यों का कार्ड बनाया जाना सुनिश्चित करें। सबसे पहले बच्चों का कार्ड बनाया जाय।

डीएम ने निर्देश दिया कि पंचायत सहायक स्थान व तिथि का मुनादी के माध्यम से गांव में प्रचार-प्रसार कराकर कोटेदार, सीएचओ, आशा बहू, पंचायत सहायक समन्वय कर ग्राम के शत प्रतिशत लोगों का गोल्डेन कार्ड बनाया जाय। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि दो हजार से अधिक पेन्डेन्सी वाले ग्रामों में अरोग्य मित्र भी स्वयं मौजूद रहे।

## तैराकी प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग बालक-बालिकाओं ने दिखायी प्रतिभा



बहराइच। राष्ट्रीय खेल दिवस-2023 के उपलक्ष्य में 21 से 29 अगस्त 2023 तक मनाएं जा रहे खेल सप्ताह अन्तर्गत जिला खेल कार्यालय, बहराइच के तरणताल में तैराकी जूनियर वर्ग के बालक/बालिकाओं की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 72 बालको एवं 44 बालिकाओं कुल 116 खिलाड़ियों क्षरा प्रतिभाग किया गया। प्रतियोगिता में जीवन रक्षक रोहित सिंह व आदर्श सिंह, फुटबाल प्रशिक्षक राकेश पासवान व विनोद कुमार, हॉकी प्रशिक्षक मो. आरिफ, एथलेटिक्स प्रशिक्षक मनोज पाल, प्रज्जवल त्रिपाठी, दिव्यांश पाण्डेय ने निर्णायक की भूमिका निभायी। इस अवसर पर डॉ. शिशिर अग्रवाल, जिला तैराकी संघ के सचिव कासिफ मेंहदी, जिला बॉक्सिंग संघ के सचिव कैलाश चन्द्र यादव, उप क्रीड़ाधिकारी अभिषेक कुमार, अनुपमा धानुक, रंजीत व सागर सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी, संभ्रान्त व गणमान्यजन मौजूद रहे। अन्त में क्रीड़ाधिकारी नीरज मिश्रा द्वारा कार्यक्रम में आये हुये गणमान्य व्यक्तियों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

त्रिगुट
शनिवार 26 अगस्त 2023

## मां से चंदा मामा तक का सफर

भारत ने धरती से चांद तक का सफर सफलतापूर्वक तय कर लिया है। 23 अगस्त 2023 की शाम 6ः02 पर चंद्रयान 3 चांद के दक्षिणी ध्रुव में पहुंच गया। चंद्रयान-3 ने 40 दिन में 21 बार पृथ्वी और चांद की परिक्रमा करते हुए, चंद्रयान ने धरती से चांद की 3.84 लाख किलोमीटर की दूरी सफलतापूर्वक तय करके सारी दुनिया को चौंका दिया है। भारत पहला ऐसा देश बन गया है। जिसने दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने में सफलता अर्जित की है। इससे भी बड़ी सफलता की बात यहहै, कि धरती से चांद की इस यात्रा में भारतीय वैज्ञानिकों ने,जिस तरह से पृथ्वी और चांद के गुरूत्वाकर्षण के बीच में समन्वय बनाने का असाधारण काम किया है। वह सारी दुनिया के लिए हैरान करने वाला है। भारत के वैज्ञानिकों ने जिस तरह से चंद्रयान-3 के लिए मिनट और सेकंड का इस्तेमाल करते हुए पल-पल की जो योजना तैयार की। विभिन्न तकनीकों के बीच समन्वय बनाने का काम किया। चांद के बारे में जानने के लिए सैटेलाइट रोबोट के माध्यम से चांद के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारी एकत्रित करने की दिशा में काम किया है। वह अद्वितीय है। भारत की इस कामयाबी से चांद पर अब बस्ती बनाने की दिशा में भी सोचा जा सकता है। चंद्रयान-3 की सफलता के बाद अब चांद की यात्रा भी भविष्य में सफलता पूर्वक की जा सकेगी। इसकी नई संभावनाएं खुलकर सामने आ गई हैं। चंद्रयान-3 ने यह साबित कर दिया है, कि भारतीय वैज्ञानिकों को यदि थोड़े से भी संसाधन मिलते हैं। सरकार उनके कार्यों को सुगम बनाने के लिए समय पर त्वरित निर्णय लेकर संसाधन उपलब्ध करा देती है। तो भारत के वैज्ञानिक किसी भी असंभव काम को संभव कर सकते हैं। सारी दुनिया में भारत के वैज्ञानिक अपने ज्ञान का झंडा फहरा सकते हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है। भारत के धर्म शास्त्रों में ऋषि-मुनियों ने गृह, नक्षत्र एवं प्रकृ ?ति के सभी रहस्यों के बारे में तरह-तरह की जानकारी उपलब्ध है। जो भारतीय वैज्ञा ?निकों को अंतरिक्ष के रहस्य से जोड़ने में महत्वपूर्ण होती है।

भारतीय संस्थान इसरो का अगला मिशन सूर्य तक पहुंचाने का है। इसके लिए इसरो ने अपनी तैयारियां लगभग पूर्ण कर ली है। आदित्य एल नाम का रॉकेट का प्रक्षेपण करने की दिशा में बहुत तेजी से काम चल रहा है। सितंबर या अक्टूबर माह में सूर्य का अध्ययन करने के लिए गगनयान अभियान शुरू हो जाएगा। इसको सूर्य तक पहुंचाने के लिए कम से कम 120 दिन का समय लगेगा। चांद के दक्षिणी ध्रुव तक पहुंचाने की परिकल्पना पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम आजाद ने की थी। उनका सपना उनके शिष्यों ने पूरा करके अपने गुरु डॉ अब्दुल कलाम आजाद को गुरु दक्षिणा दे दी है। चांद को लेकर भारतीय सामाजिक और धार्मिक व्यवस्था में बहुत सारे मिथक, कथानक और कहावतें जुड़ी हुई हैं। बचपन से ही हमें चांद के बारे में सुनने को मिलता रहा है, चंदा मामा दूर के- पुडी पकाए पूरके की लोरी सुनकर भारत के बच्चे बड़े होते हैं। बच्चों की जिद को पूरा करने के लिए चंदा मामा को पानी भरी थाली में उतारकर माएं चंदा मामा से बच्चों को जोड़ने का काम करती रही हैं। चंद्रमा के बारे में वह सभी मिथक और कहावतें एक बार नए तरीके से सामने देखने को मिलेगी। पृथ्वी और चांद का रिश्ता भारत में मां और मामा का बना हुआ है। निश्चित रूप से आगे चलकर और प्रगाड़ होगा। यह आशा की जा सकती है। चंद्रयान 3 के मिशन में इसरो की पूरी टीम ने जिस तरह एकजुट होकर पूरे उत्साह के साथ इस मिशन को पूरा किया है। इसकी जितनी सराहना की जाए, कम है। अलग-अलग क्षेत्र के वैज्ञानिकों ने एक साथ मिलकर अलग-अलग ज्ञान को एक साथ जोड़कर जो सफलता हासिल की है। उससे विश्व भर में भारत का सम्मान बढ़ा है। इस असाधारण सफलता के लिए इसरो के वैज्ञानिक और इस प्रोजेक्ट से जुड़े हुए हर क्षेत्र के वैज्ञानिक और छोटे बड़े सभी व्यक्तियों की जितनी सराहना की जाए, कम है। चंद्रयान तीन की सफलता से सारी दुनिया में भारत का स्वाभिमान और विज्ञान जगत में भारत की साख बहुत बढ़ी है। सरकार को इस तरह की खोज करने के लिए वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित करने के लिए सतत प्रयास करने चाहिए। इसरो ने बहुत कम लागत में और बहुत बड़े-बड़े काम करके सारी दुनिया में एक नया इतिहास रचा है। इसरो ने साबित कर दिया है,कि भारतीय प्रतिभाओं को यदि मौका मिलता है। तो दुनिया के अन्य देशों की तुलना में भारत के वैज्ञानिक सर्वश्रेष्ठ हैं। भारतीय वैज्ञानिकों की सोच और उनका मल्टीप्ल नॉलेज है। सारी दुनिया में उसका कोई मुकाबला नहीं है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी विदेश की धरती से चंद्रयान -3 से जुड़कर जिस तरह से भारतीय वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित करने का काम किया है। निश्चित रूप से भारत के मुखिया होने के नाते इस सफलता का सौभाग्य उन्हें भी मिला है। इस सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी बधाई के पात्र हैं।

## सुख के स्वभाव में डूबो

लगता है, आदमी दुख का खोजी है। दुख को छोड़ता नहीं, दुख को पकड़ता है। दुख को बचाता है। दुख को संवारता है; तिजोरी में संभालकर रखता है। दुख का बीज हाथ पड़ जाए, हीरे की तरह संभालता है। लाख दुख पाए, पर फेंकने की तैयारी नहीं दिखाता। जो लोग कहते हैं आदमी आनंद का खोजी है, लगता है आदमी की तरफ देखते ही नहीं। आदमी दुखवादी है, अन्यथा संसार इतना दुख में क्यों हो! अगर सभी लोग आनंद खोज रहे हैं, तो संसार में आनंद की थोड़ी झलक होती। कुछ को तो मिलता! और कुछ को मिल जाता तो वे बांटते औरों को भी; तो कुछ झलक उनकी आंखों और उनके प्राणों में भी आती। अगर सभी आनंद की तलाश कर रहे हैं, तो लोग एक-दूसरे को इतना दुख क्यों दे रहे हैं। और ऐसा नहीं कि पराए ही दुख देते हों, अपने भी दुख देते हैं। अपने ही दुख देते हैं! शत्रु तो दुख देते ही है; हिसाब रखा है, मित्र कितना दुख देते हैं ? जिन्हें तुमसे घृणा है, वे तो दुख देंगे, स्वाभाविक; लेकिन जो कहते हैं तुमसे प्रेम है, उन्होंने कितना दुख दिया, उसका हिसाब रखा है ? और अगर हर आदमी दुख दे रहा है, तो एक ही बात का सबूत है कि हर आदमी दुख से भरा है। हम वही देते हैं, जिससे हम भरे हैं। वही तो हमसे बहता है जो हमारे भीतर लगा है।

# चंद्रयान -3 -भारत की एक और छलांग

सुरेश हिन्दुस्थानी

आज याद आ रही है, उस भारत देश की, जो वैश्विक नेतृत्व का अधिकारी रहा। एक बार पुनः भारत ने उसी दिशा की ओर अपने कदम बढ़ाए हैं, जो विश्व का मार्गदर्शन करने की क्षमता रखता है। आज समूचे विश्व ने उस भारत का साक्षात्कार किया है, जो जगत की समस्त शक्तियों का भंडार है। भारत में अवधारणाएं प्रचिलित हैं, वह मिथक नहीं, वास्तविक हैं, लेकिन भारत अपनी शक्ति को विस्मृत कर चुका था, उस हनुमान की तरह जो महा बलशाली होने के बाद भी उन्हें अपनी शक्ति का अहसास नहीं था। आज देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जामवंत की भूमिका का निर्वाह करते हुए भारत की सोई हुई शक्ति को जगाने का कार्य करते दिखाई दे रहे हैं। बेशक वे भाजपा के नेता हैं, लेकिन हमें ऐसी दृष्टि विकसित करनी होगी, जो भारत के हित में है। यानी वह भारत देश का नेतृत्व कर रहे। वे देश के 140 करोड़ जनता के लोकतांत्रिक मुखिया हैं। जब हम यह दृष्टि विकसित करेंगे तो स्वाभाविक रूप से हमें नरेंद्र मोदी में एक ऐसा सपूत दिखाई देगा, जिसकी भारत को जरूरत है।

भारत ने चांद पर कदम रखते ही अपना नाम उस कतार में शामिल कर लिया, जो वैश्विक महाशक्ति बनने की ओर जाता है। चंद्रयान तीन की खास उपलब्धि यह है कि भारत ने यह यान चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर भेजा है, जहां आज तक विश्व का कोई देश नहीं पहुंच सका है। इसका आशय यही है कि भारत मे वह शक्ति है, जो विश्व को आश्चर्यचकित कर सकती है। चंद्रमा पर भारत के तिरंगा लहराने के साथ ही आज वर्षों पूर्व का यह भ्रम भी टूट गया है, जिसमें कहा जाता था कि भारत ऐसा नहीं कर सकता। हालांकि भारतीय जनमानस में इस प्रकार धारणा स्थापित करने के लिए एक सुनियोजित नरेटिव स्थापित किया गया। इसके कारण भारत की जनता के मानस में यह पूरी तरह से स्थापित हो गया था कि हम बहुत पीछे हैं, जबकि यह सत्य नहीं था। हमें एक वैश्विक योजना के तहत पीछे करने का षड्यंत्र किया गया। यह षड्यंत्र आज भी चल रहा है। इसलिए कुछ लोग विदेशी शिक्षा को भारत की शिक्षा से बेहतर बताने का कुत्सित प्रयास करते है, जबकि यह सत्य नहीं है। पुरातन और श्रेष्ठ भारत की कल्पना का अध्ययन किया जाए तो हमारे शास्त्र इस बात को परिभाषित करने में पूरी तरह से सक्षम हैं कि हमारा भारत ज्ञान और विज्ञान के मामले में अन्य देशों से कहीं अधिक श्रेष्ठ है। इस प्रकार यही कहा जा सकता है कि जहां विश्व का ज्ञान और विज्ञान समाप्त हो जाता है, वहां से भारत का ज्ञान और विज्ञान का प्रारंभ होता है। कौन नहीं जानता कि भारत के पास विश्व की सबसे बड़ी शिक्षा प्रदान करने वाले शिक्षा संस्थान थे, लेकिन गुलामी के काल खंड में इन शिक्षा केंद्रों को नष्ट कर दिया। इसके बाद भी भारत के पास ज्ञान और विज्ञान की कोई कमी नहीं रही, लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया गया। आज हम चांद पर पहुंचे हैं, जो भारत की शक्ति का प्रस्फुटन है। अब विश्व के सभी देश यह स्वीकार करने की ओर विवश हुए हैं कि भारत एक बड़ी महाशक्ति है। अब भारत को इस महाशक्ति का ज्ञान हो चुका है। भारत अपनी निद्रा से बाहर आ चुका है। अभी तो यह अंगड़ाई है, आगे का भारत और भी ज्यादा अपने सामर्थ्य का प्रदर्शन करेगा। हमारे देश के वैज्ञानिकों विश्व को कई बार इस बात का अहसास कराया है कि हम किसी भी मामले में कम नहीं है। आज का भारत उन सभी चीजों का निर्माण करने में सक्षम है, जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती। चाहे वह कम्प्यूटर का मामला हो या फिर रेल की बात हो। आज तकनीकी ज्ञान में हम विश्व का मुकाबला करने में सक्षम हैं। ऐसा इसलिए भी दावे के साथ कहा जा सकता है, क्योंकि आज से पूर्व जिन देशों ने चांद पर पहुंचने का प्रयास किया, वह बहुत ही महंगे थे, लेकिन भारत ने उनसे बहुत कम व्यय करके अपने आपको स्थापित किया। चंद्रयान तीन ने भारत के यश को स्थापित किया है। विश्व में भारत का जय जय गान हो रहा है। जो हमें गौरव की अनुभूति करा रहा है। एक श्रेष्ठ भारत का अहसास कराने का बोध करा रहा है। एक ऐसा भारत जो विश्व गुरु बनने की क्षमता रखता है।

*आज का भारत उन सभी चीजों का निर्माण करने में सक्षम है, जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती। चाहे वह कम्प्यूटर का मामला हो या फिर रेल की बात हो। आज तकनीकी ज्ञान में हम विश्व का मुकाबला करने में सक्षम हैं। ऐसा इसलिए भी दावे के साथ कहा जा सकता है, क्योंकि आज से पूर्व जिन देशों ने चांद पर पहुंचने का प्रयास किया, वह बहुत ही महंगे थे, लेकिन भारत ने उनसे बहुत कम व्यय करके अपने आपको स्थापित किया। चंद्रयान तीन ने भारत के यश को स्थापित किया है। विश्व में भारत का जय जय गान हो रहा है। जो हमें गौरव की अनुभूति करा रहा है। एक श्रेष्ठ भारत का अहसास कराने का बोध करा रहा है। एक ऐसा भारत जो विश्व गुरु बनने की क्षमता रखता है।*

हमें याद होगा कि भारत देश के नागरिक चंद्रमा को मामा कहकर पुकारते हैं, यानी चंद्रमा भारत माता का भाई है। हमने चांद से संबंध जोड़ा है। आज यह संबंध और ज्यादा मजबूत हुआ है। लेकिन अब चंदा मामा दूर के नहीं, हमारे अपने हैं, हमारे घर के ही हैं। अब हम अपने मामा के पास पहुंच चुके हैं। भारत की शक्ति के प्रस्फुटन के साथ ही इस बात की संभावना बलबती हो गई है कि अब भारत के कदम रुकने वाले नहीं है। भारत एक बार फिर से आगे और बहुत आगे जाएगा, जिसका कोई छोर नहीं होगा। इसके बाद भारत अपनी उन्मुक्त उड़ान भरेगा, जिसे दुनिया के कई देश देखेंगे और भारत की शक्ति को नमन करेंगे। सुनो गौर से दुनिया वालों, बुरी नजर न हम पे डालो, चाहे जितना जोर लगालोज् सबसे आगे होंगे हिन्दुस्थानी।

# जखम भरने वाले हाथ प्रार्थना करने वाले होंठ से ज्यादा पवित्र -मदर टेरेसा

निमिषा सिंह

जिंदगी उसी की जिसकी मौत पर जमाना अफसोस करे गालिब। यूं तो हर शख्स आता है इस दुनिया में मरने के लिए। जी हां इस धरती पर कुछ शख्सियतें ऐसी भी आईं जो जीते जी तो मानवता के काम आए ही मरणोपरांत भी देश और समाज को एक दिशा दे गए। दया और निस्वार्थ भाव यह मेरे लिए महज कुछ शब्द नहीं। कुछ लिखने या पढ़ने के दौरान जब भी इन शब्दों पर मेरी नजर पड़ती है तो अनायास ज़ेहन में एक छवि का निर्माण होता है और वह छवि होती है भारत रत्न और नोबेल पुरुस्कार से सम्मानित विरले व्यक्तित्व की स्वामिनी मदर टेरेसा की। 26 अगस्त 1910 यानि आज ही के दिन मदर टेरेसा का जन्म मेसिडोनिया की राजधानी स्कोप्जे शहर में हुआ था। बीसवीं सदी की फ्लोरेंस नाइटिंगेल कही जाने वाली मदर टेरेसा ने दुनिया को करुणा, प्रेम और लोगों की मदद करने के बारे में सिखाया। यकीनन जो दूसरों के लिए जीता है , जरूरतमंदों के लिए जीता है वही इंसान है और निसंदेह वही महान है। मदर टेरेसा जिनका संपूर्ण जीवन दुखियों दरिद्रो भूखों पीड़ितों रोगियों एवं विकलांगों की सेवा का पर्याय बन गया। सेवा ही उनके जीवन का परम लक्ष्य था। पूरी दुनिया ने जिन्हे नीली रेखा बॉर्डर वाली सफेद साड़ी वाली नन और कलकत्ता की मदर टेरेसा लोगों के लिए एक जीवित संत थीं। एग्नेस गोंझा बोयाजिजू ( मदर टेरेसा ) नाम की सामान्य सी यूरोपीयन लड़की पूरी दुनिया के गरीबों, भूखों और अपाहिजों और बेसहाराओं का सहारा बनी वह अपने आप में अचंभित करने वाली है। मदर टेरेसा ने पूरी दुनिया में लोगों की सेवा के लिए 100 से अधिक देशों में अपने 517 चैरिटी मिशन संस्थान खोले थे जिनके जरिए वह 5 लाख से ज्यादा लोगों का पेट भरती थी। उन्होंने कोढ़ जैसी बीमारी से पीड़ित लोगों के लिए काफी काम किया। मदर टेरेसा ने कलकत्ता से न्यूयॉर्क और अल्बानिया तक मृत्य के करीब पहुंच चुके और अवांछित लोगों के लिए कई घर बनाए। वह एड्स पीड़ितों के लिए घर स्थापित करने वाली पहली महिलाओं में से एक थीं। मदर टेरेसा ना जाने कितने परित्यक्त लोगों की मां थी। उनके वात्सल्य का सुख पाकर न जाने कितने लोगों को नया जीवन मिला। भागलपुर बिहार के जाने माने पत्रकार स्वर्गीय मुकुट धारी अग्रवाल जी बताते थे कि मदर टेरेसा 80 के दशक में दूसरी बार भागलपुर आई थी। तब तक वह नोबेल और भारत रत्न पुरस्कार प्राप्त कर चुकी थी। भागलपुर के लोगों ने सैंडल कंपाउंड में उनका नागरिक अभिनंदन किया गया था। मदर टेरेसा ने अपने संबोधन में भागलपुर के लोगों से कमजोर वर्गों निशक्त और निष्ठान्यों की सेवा करने की अपील की थी।

जन्म से युगोस्लाविया की होने पर भी वह भारतीय थी। 1948 में भारत की नागरिकता लेने वाली मदर टेरेसा किसी भारतीय से मिलने पर कहती थी कि आप जन्म से भारतीय हैं, इसे संयोग ही कहा जाएगा किंतु मैं स्वयं भारतीय बनी हूं। 50 से अधिक वर्षों तक इस साहसी महिला ने दुनिया भर के गरीबों, मरने वालों और अवांछित लोगों को सांत्वना दी। महज 18 वर्ष की अल्प अवस्था में ही मदर टेरेसा नन बनकर ईसाई मिशनरियों के साथ युगोस्लाविया से भारत के पूर्वी प्रांत बंगाल आई और कोलकाता के सेंट मैरी स्कूल में बतौर शिक्षिका सेवा देना शुरू किया। उन्होंने सेंट मैरी हाई स्कूल फॉर गर्ल्स में 17 वर्षों तक भूगोल पढ़ाया । आजादी के बाद व्याप्त गरीबी ने उनके मन पर गहरा प्रभाव डाला। भारत के दो भागों में विभाजन और लाखों नागरिकों का विस्थापन, हिंदू और मुसलमानों के बीच तनाव और कलकत्ता की सड़कों पर दंगों ने उन्हें काफी हद तक परेशान किया। अंततः उसने कॉन्वेंट छोड़ने और सड़क पर गरीबों, बीमारों, बेघरों और मर रहे लोगों की सेवा करने की दिशा में अपनी यात्रा शुरू करने का फैसला किया। कहते हैं कि स्कूल के पास के मोतीझील बस्ती के लोगों के दुखों और कष्टों को देखकर उसी क्षण से वह मानव सेवा के लिए समर्पित हो गई। साधनहीन होने के बावजूद वह मानव सेवा का संकल्प लेकर अपने कर्म क्षेत्र में उतरी। शुरुआत का समय उनके लिए काफी मुश्किलों भरा रहा फिर भी वह कभी विचलित नहीं हुई। अथक प्रयासों के बाद 1950 में उन्हे मिशनरी ऑफ़ चैरिटी बनाने की अनुमति मिल गई। शुरुआत में इस संस्था में सिर्फ 12 लोग काम किया करते थे। आज यहाँ 4000 से भी ज्यादा नन काम कर रही हैं। मिशनरी ऑफ़ चैरिटी का मुख्य उद्देश्य उन लोगों की मदद करना था जिनका दुनिया में कोई नहीं है। उस समय कलकत्ता में प्लेग व कुष्ठ रोग की बीमारी अत्याधिक फैली हुई थी। लाचार गरीबों को समाज से बहिष्कृत कर दिया जाता था। मदर टेरेसा ऐसे सभी लोगों के लिए मसीहा बनकर सामने आई और गरीब भूखों नंगों को सहारा दिया, भोजन दिया। आज के समय में 100 से ज्यादा देशों में मिशनरी ऑफ़ चैरिटी संस्था की शाखाएं है। कहते है कि एक बार मदर टेरेसा को पता चला कि एक गरीब परिवार कई दिनों से भूखा है। वह उस परिवार के पास जिनमे चावल लेकर पहुंचीं। मदर टेरेसा को देखकर घर की महिला खड़ी हुई और उनसे चावल लेकर बार-बार धन्यवाद देते हुए बोली मदर आप जरा बैठें। मैं अभी आई। इसके बाद वह मदर टेरेसा के दिए चावल को लेकर घर से बाहर चली गई। मदर महिला का अजीब व्यवहार देखकर असमंजस में पड़ गई और घर के कोने में रखी टूटी कुर्सी पर बैठ गई।

कुछ देर बाद वह महिला लौटी तो चावल का पात्र खाली था। यह देखकर मदर बोलीं आप कहां गई थीं ?' महिला बोली 'पास की झोपड़ी में एक मुस्लिम परिवार के सदस्य कई दिनों से भूखे हैं। उस परिवार में भी छोटे-छोटे बच्चे हैं। उन्हें इन चावलों की जरूरत मेरे परिवार से कहीं ज्यादा थी। इसलिए मैं आपके दिए गए चावल उन्हें दे आई हूं। टेरेसा उस गरीब मां के विशाल हृदय को देखकर अभिभूत हो गईं और बोली, धन्य है यह देश जहां के लोग स्वयं भूखे रहकर भी दूसरों की भूख मिटाने का प्रयास करते हैं। बच्चों को ईश्वर का उपहार बताने वाली मदर टेरेसा ने कई बेसहारा और मरते हुए बच्चों को गोद लिया। कहते हैं कि अनाथ बच्चों से उनके घर भरते जाते और वो नए घर खोलते जाती थी। उन्होंने गर्भपात को बच्चों के खिलाफ युद्ध बताया था। गर्भनिरोधक और गर्भपात जैसे मुद्दों का उन्होंने मुखर विरोध किया जिसकी वजह से उनकी आलोचना भी हुई और उनपर कई हमले भी हुए।अक्सर देखा गया है कि जहां सफलता होती है विवाद उसके पीछे पीछे चले आते है। मदर टेरेसा के इस निस्वार्थ भाव की दया व प्रेम को भी कुछ लोग गलत समझने लगे और उन पर आरोप लगाया गया कि वे भारत में लोगों का धर्म परिवर्तन करने की नियत से सेवा करती है। कुछ लोग उन्हें इसाई धर्म का प्रचारक भी समझते थे किंतु इन सब बातों से उपर मदर टेरेसा अपने कामों की ओर ही ध्यान लगाती थी। । लोगों की बातों में न ध्यान देते हुए उन्होंने अपने काम को ज्यादा तवच्चो दी। मदर टेरेसा का विश्वास इस बात पर था किजख्म भरने वाले हाथ प्रार्थना करने वाले होंठ से कहीं ज्यादा पवित्र है। अपने जीवन के आखरी क्षणों तक मदर टेरेसा कोलकाता में ही रही और अपने जीवन को असहाय लोगों की भलाई के लिए समर्पित किया। निरंतर बिगड़ते स्वास्थ्य के कारण 5 सितंबर 1997 को उनका शरीर शांत हो गया। इनकी संस्था आज भी इनके उसूलों पर काम कर रही है। मृत्यु के 6 साल पश्चात ईसाइयों के धर्मगुरु पोप जॉन पॉल द्वितीय ने मदर टेरेसा को एक धार्मिक समारोह में धन्य घोषित किया जिसे धार्मिक शब्दावली में बीएटीफिकेसन कहा जाता है जिसके साथ ही उन्हें संत का दर्जा मिलने का मार्ग प्रशस्त हो गया। भारत के लोगों के प्रति उनके योगदान को चंद शब्दों में दर्शाना मेरे लिए मुमकिन नहीं। वो एक विदेशी होकर भी भारत के लोगों की तकलीफ को महसूस कर पाई तो क्या हम अपने देश और मानवता के लिए कुछ योगदान नहीं दे सकते ? आज फिर हमारे देश और समाज को मदर टेरेसा जैसी शख्सियत की जरुरत है जो दूसरों से अपने जैसा प्यार करे और उनके दुःख दर्द को अपना समझे। मदर टेरेसा दया, प्रेम की जीती जागती मूरत थी। निसंदेह मदर टेरेसा उन सभी के लिए आदर्श है जो इनके जैसा बनना चाहते है।

# भारत रत्न मदर टेरेसा जन्म जयंती



डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन

मदर टेरेसा का जन्म 26 अगस्त, 1910 को स्कॉप्जे ( अब मसेदोनिया में ) में हुआ। उनके पिता निकोला बोयाजू एक साधारण व्यवसायी थे। मदर टेरेसा का वास्तविक नाम 'अगनेस गोंझा बोयाजिजू' था। अलबेनियन भाषा में गोंझा का अर्थ फूल की कली होता है। जब वह मात्र आठ साल की थीं तभी उनके पिता परलोक सिधार गए, जिसके बाद उनके लालन-पालन की सारी जिम्मेदारी उनकी माता द्रानाबोयाजू के ऊपर आ गयी। वह पांच भाई-बहनों में सबसे छोटी थीं। उनके जन्म के समय उनकी बड़ी बहन की उम्र 7 साल और भाई की उम्र 2 साल थी, बाकी दो बच्चे बचपन में ही गुजर गए थे। वह एक सुन्दर, अध्ययनशील एवं परिश्रमी लड़की थीं। पढाई के साथ-साथ, गाना उन्हें बेहद पसंद था। वह और उनकी बहन पास के गिरजाघर में मुख्य गायिका थीं। ऐसा माना जाता है की जब वह मात्र बारह साल की थीं तभी उन्हें ये अनुभव हो गया था कि वो अपना सारा जीवन मानव सेवा में लगायेंगी और 18 साल की उम्र में उन्होंने 'सिस्टर्स ऑफ़ लोरेटो' में शामिल होने का फैसला ले लिया। 1970 तक वे गरीबों और असहायों के लिए अपने मानवीय कार्यों के लिए प्रसिद्द हो गयीं, माल्कोम मुगेरिज के कई वृत्तचित्र और पुस्तक जैसे समथिंग ब्यूटीफुल फॉर गॉड में इसका उल्लेख किया गया। इन्हें 1979 में नोबेल शांति पुरस्कार और 1980 में भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न प्रदान किया गया। मदर टेरेसा के जीवनकाल में मिशनरीज़ ऑफ चैरिटी का कार्य लगातार विस्तृत होता रहा और उनकी मृत्यु के समय तक यह 123 देशों में 610 मिशन नियंत्रित कर रही थीं। इसमें एचआईवी/एड्स, कुष्ठ और तपेदिक के रोगियों के लिए धर्मशालाएं/घर शामिल थे और साथ ही सूप, रसोई, बच्चों और परिवार के लिए परामर्श कार्यक्रम, अनाथालय और विद्यालय भी थे।

1928 में केवल 18 साल की उम्र में उन्होंने लोरेटो बहनों के साथ रहने के लिये घर छोड़ दिया था, वही मदर टेरेसा इंग्लिश भी सीखती थी और ईसाई धर्म प्रचारक बनने की राह में चल पड़ी। लोरेटो बहाने भारत में बच्चो को पढ़ाने के लिये इंग्लिश भाषा का उपयोग करते थे। घर से निकालने के बाद उन्होंने दोबारा कभी अपनी बहनों और अपनी माँ को नही देखा था। 1934 तक उनका परिवार स्कोप्जे में ही रहता था और इसके बाद वे अल्बानिया के टिराना में चले गए थे। इसके बाद सन 1929 में मदर टेरेसा भारत आई और दार्जिलिंग में उन्होंने शिक्षा ग्रहण की, वही हिमालय की पहाडियों के पास सेंट टेरेसा स्कूल में वे बंगाली सीखी और वहाँ बच्चो को पढ़ाती थी 24 मई 1931 को उन्हें पहली बार सन्यासिनी की पदवी मिली थी। और इसके बाद उन्होंने अपना मूल नाम बदलकर टेरेसा ही रखा। मदर टेरेसा एक रोमन कैथोलिक सन्यासिनी थी, जिन्होंने अपने जीवन को गरीबो और जरुरतमंदो की सहायता करने में ही व्यतीत किया। उन्होंने अपनी जिंदगी का ज्यादातर समय काल्चुता में ही बिताया, जहाँ उन्होंने कई समाजसेवी संस्थाओ की स्थापना भी की। 1979 में ही टेरेसा को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था और तभी से वह काफी लोकप्रिय बन गयी।

उनका भगवान में बहुत भरोसा था। उनके पास बहुत पैसा या संपत्ति नहीं थी लेकिन उनके पास एकाग्रता, विश्वास, भरोसा और ऊर्जा थी जो खुशी से उन्हें गरीब लोगों की मदद करने में सहायता करती थी। निर्धन लोगों की देख-भाल के लिये सड़कों पर लंबी दूरी वो नंगे पैर चलकर तय करती थी। लगातार कार्य और कड़ी मेहनत ने उनको थका दिया था फिर भी वो कभी हार नहीं मानी। भारत आकर उन्होंने दीन-दुखियों और सामाजिक तिरस्कार से जूझते हुए लोगों को एक मां का सच्चा प्यार दिया । कोढ़ी, अपाहिज, वृद्ध और गरीब बच्चों के लिए मदर टेरेसा ईश्वर का प्रतिरूप बनी । जिन कोढ़ियों के शरीर से मवाद रिसता था, घावों पर मक्खियां भिनभिनाती थी, जो नित प्रति मृत्यु की अभिलाषा में जीवित थे, जिन्हें समाज ने तिरस्कृत किया, उनके समीप से गुजरना भी उगम उगदमी के लिए दुष्कर था, परंतु मदर टेरेसा साधारण संसारी नहीं थीं । उन्होंने उन कोढ़ियों को न सिर्फ छुआ, बल्कि उनकी सेवा-सुश्रुषा भी की। बड़े ही तन्मय भाव से, जिस प्रकार ईश्वर की भक्ति में लीन भक्त । मदर टेरेसा दीन-दुखियों की भक्त थीं, उन्हें उनके शरीर से पूणा नहीं होती थी । उनके हृदय में दया उगैर प्रेम का ऐसा सागर उमड़ता था कि रोगी स्वयं को निरोगी समझने लगते थे । मदर टेरेसा का एक ही धर्म था, मानव सेवा । सर्वधर्म, समभाव की भावना को वे दीनहित में समाहित रखती थीं । उनके सेवा-उद्देश्य वाले जीवन में सैकड़ों बाधाएं उत्पन्न हुई, परंतु उन्होंने डटकर इन बाधाओं का मुकाबला किया । हर अच्छे कार्य के आरम्भ में बाधाएं आनी स्वाभाविक हैं । बाधाएं ही उद्देश्य की तरफ अग्रसर होने का साहस देती हैं । मदर टेरेसा ने ऐसी अनेक बाधाओं को अपनी दृढ़ता, सेवा और स्नेह से पराजित किया ।

सेवा =

मदर टेरेसा दलितों एवं पीडितों की सेवा में किसी प्रकार की पक्षपाती नहीं है। उन्होनें सद्भाव बढाने के लिए संसार का दौरा किया है। उनकी मान्यता है कि प्यार की भूख रोटी की भूख से कहीं बडी है। उनके मिशन से प्रेरणा लेकर संसार के विभिन्न भागों से स्वयं-सेवक भारत आये तन, मन, धन से गरीबों की सेवा में लग गये। मदर टेरेसा क कहना है कि सेवा का कार्य एक कठिन कार्य है और इसके लिए पूर्ण समर्थन की आवश्यकता है।

पुरस्कार =

मदर टेरेसा को उनकी सेवाओं के लिये विविध पुरस्कारों एवं सम्मानों से विभूषित किय गया है। 1931 में उन्हें पोपजान तेइसवें का शांति पुरस्कार और धर्म की प्रगति के टेम्पेलटन फाउण्डेशन पुरस्कार प्रदान किय गया। विश्व भारती विध्यालय ने उन्हें देशिकोत्तम पदवी दी जो कि उसकी ओर से दी जाने वाली सर्वोच्च पदवी है। अमेरिका के कैथोलिक विश्वविद्यालय ने उन्हे डोक्टोरेट की उपाधि से विभूषित किया। भारत सरकार द्वारा 1962 में उन्हें पद्म श्री की उपाधि मिली। 1988 में ब्रिटेन द्वारा आईर ओफ द ब्रिटिश इम्पायर की उपाधि प्रदान की गयी। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय ने उन्हें डी-लिट की उपाधि से विभूषित किया। 19 दिसम्बर 1979 को मदर टेरेसा को मानव-कल्याण कार्यों के हेतु नोबल पुरस्कार प्रदान किया गया।

मृत्यु =

बढती उम्र के साथ-साथ उनका स्वास्थ्य भी बिगड़ता गया। वर्ष 1983 में 73 वर्ष की आयु में उन्हें पहली बार दिल का दौरा पड़ा। उस समय मदर टेरेसा रोम में पॉप जॉन पॉल द्वितीय से मिलने के लिए गई थीं। इसके पश्चात वर्ष 1989 में उन्हें दूसरा हृदयाघात आया और उन्हें कृत्रिम पेसमेकर लगाया गया।

# संक्षिप्त समाचार

## पटौदी के नागरिक अस्पताल में होजरी रील नहीं

पटौदी। उपमंडल नागरिक अस्पताल प्रशासन अपने यहां आग बुझाने के पर्याप्त इंतजाम होने का दावा करता है लेकिन यहां पर होजरी रील (पानी का कपड़े का पाइप) नहीं हैं। अस्पताल के नोडल अधिकारी डॉ. सुशांत शर्मा कहते हैं कि अस्पताल के अंदर एबीसी टाइप 31 सिलिंडर हैं। सीओ टाइप 18 और सीसीएल टाइप 50 सिलिंडर हैं। होजरी रील के लिए बजट पास हो गया है। अगले सप्ताह काम शुरू हो जाएगा। फायर ब्रिगेड में कार्यरत अग्नि शामक (एलएफएम) हरीश कुमार ने बताया कि होजरी रील दो-तीन-चार मंजिला इमारतों में बड़ी आगजनी में बहुत कारगर साबित होती है। सोहना के निजी अस्पताल में हैं सिलिंडर सोहना के निजी अस्पताल के डॉ. उदयवीर कहते हैं कि उनके अस्पताल में छोटा सिलिंडर लगा हुआ है। यह स्वास्थ्य विभाग के नियम अनुसार है। 24 घंटे आग बुझाने को लेकर सिलिंडर फुल रहता है। समय समय पर इसकी एक्सपायरी तिथि पर अवश्य ध्यान दिया जाता है।

## गोरखनाथ मंदिर परिसर में ड्रोन दिखते ही पुलिस कर्मियों में मचा हड़कंप

गोरखपुर। पुलिस कर्मियों ने ड्रोन नीचे उतरवाया और उड़ाने वाले शख्स को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में उसकी पहचान गोरखनाथ इलाके के नथमलपुर निवासी मयंक बरनवाल के रूप में हुई। गोरखपुर शहर के गोरखनाथ मंदिर क्षेत्र में ड्रोन उड़ाने के साथ ही फोटो-वीडियो शूट करने के मामले में पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया है। पूछताछ के बाद युवक पर आईपीसी की धारा 188 और ड्रोन अधिनियम 10 तथा 10ए के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी का मोबाइल फोन, ड्रोन, हार्डडिस्क भी जब्त कर ली है। गोरखनाथ इलाके के नथमलपुर निवासी मयंक बरनवाल 21 अगस्त की शाम सात बजे गोरखनाथ मंदिर के ऊपर ड्रोन उड़ा रहा था। वह ड्रोन के जरिए मंदिर परिसर और आसपास का फोटो-वीडियो भी शूट कर रहा था। इस बीच गोरखनाथ मंदिर की सुरक्षा में तैनात जवानों की नजर ड्रोन पर पड़ी। यह देख मंदिर की सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस कर्मियों के हाथ-पांव फूल गए। उन्होंने तत्काल वरिष्ठ अफसरों को इसकी जानकारी दी। पुलिस कर्मियों ने ड्रोन नीचे उतरवाया और उड़ाने वाले शख्स को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में उसकी पहचान गोरखनाथ इलाके के नथमलपुर निवासी मयंक बरनवाल के रूप में हुई। उसने पुलिस को बताया कि वह सिर्फ ड्रोन से फोटो-वीडियो शूट कर रहा था, लेकिन उसके पास मंदिर परिसर में ड्रोन उड़ाने की अनुमति नहीं थी। पुलिस ने ड्रोन, हार्ड डिस्क और मयंक का मोबाइल फोन कब्जे में ले लिया। पूछताछ में युवक ने बताया कि उसे इस बात की जानकारी नहीं थी कि गोरखनाथ मंदिर परिसर के आसपास ड्रोन उड़ाना अपराध है। इसलिए, उससे अनजाने में गलती हो गई। इस मामले में गोरखनाथ पुलिस ने सब इंस्पेक्टर रुपेश कुमार पॉल की तहरीर पर मयंक पर केस दर्ज किया है।

## पूरे कार्यकाल में छाए रहे विवाद, एबीवीपी से मोर्चा लेना पड़ा भारी; अंतिम पांच में था प्रो. राजेश का नाम

गोरखपुर। कुलपति रहते हुए प्रो. राजेश सिंह के खाते में कई उपलब्धियां भी रहीं हैं। विश्वविद्यालय नैक का ए प्लस प्लस ग्रेड दिलाने में उनकी योजना और कौशल की तारीफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने भी की। गोरखपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजेश सिंह के तीन साल का कार्यकाल विवादों से घिरा रहा। शिक्षक, कर्मचारी से लगायत छात्र तक विरोध में थे। कभी शुल्क की वृद्धि तो कभी छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर छात्रनेता आंदोलित रहे। प्रो. कमलेश गुप्त व कुछ शिक्षकों ने कुलपति के विरोध में उपवास तक रखा। हाल ही में एबीवीपी और कुलपति के बीच ऐसी ठनी कि मामला शासन से राजभवन तक पहुंच गया। माना जा रहा कि एबीवीपी की मुखालफत ही प्रो. राजेश सिंह को भारी पड़ गई। कुलपति के लिए अंतिम पांच की सूची में नाम रहने के बाद भी उनके नाम पर राजभवन ने विचार नहीं किया। हालांकि, कुलपति रहते हुए प्रो. राजेश सिंह के खाते में कई उपलब्धियां भी रहीं हैं। विश्वविद्यालय नैक का ए प्लस प्लस ग्रेड दिलाने में उनकी योजना और कौशल की तारीफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने भी की। अपने तीन साल के कार्यकाल में उन्होंने सेल्फ फाइनेंस कोर्स शुरू करके छात्रों को रोजगारपरक शिक्षा दिलाने की कोशिश भी की। लेकिन ये सारी उपलब्धियां काम नहीं आईं और कुलपति के रूप में उनकी दूसरी पारी शुरू करने की हसरत धरी की धरी रह गई।

## लालच में गंवाए रुपये- जालसाजों ने यूट्यूब पर पैसे कमाने का दिया झांसा

नोएडा। ग्रेटर नोएडा की एक कंपनी के मैनेजर से यूट्यूब पर पैसे कमाने का लालच देकर जालसाजों ने 57 हजार रुपये ठग लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्रेटर नोएडा की एक कंपनी के मैनेजर से यूट्यूब पर पैसे कमाने का लालच देकर जालसाजों ने 57 हजार रुपये ठग लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर म्यू-2 निवासी मंगल सिंह ने बताया कि वह ग्रेटर नोएडा की निजी कंपनी में मैनेजर के पद पर तैनात हैं। अप्रैल में उनके पास टेलीग्राम पर एक विज्ञापन आया। उसमें यूट्यूब पर पैसे खर्च कर अच्छे पैसे कमाने का ऑफर दिया गया। आरोपियों ने तीन बार लिंक भेज कर 57 हजार रुपये का भुगतान करा लिया।

बदमाश गिरफ्तार, तमंचा-कारतूस बरामद

उधर, बादलपुर कोतवाली पुलिस ने अच्छेजा गांव के पास से बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि सादुल्लपुर फाटक से अच्छेजा की तरफ आने वाले रास्ते पर बृहस्पतिवार को जनपद बागपत के गांव हेड़ा निवासी सोनू पवार की तलाशी ली गई तो उसके पास से तमंचा व कारतूस मिले।

## आवासीय इलाकों में व्यावसायिक गतिविधियां चलाने पर आठ मकान सील

गुरुग्राम। जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) प्रवर्तन विभाग ने बृहस्पतिवार को सुशांत लोक फेज-1 और डीएलएफ फेज-4 आवासीय इलाकों में व्यावसायिक गतिविधियां चलाने पर आठ मकानों को सील कर दिया। साथ ही विभाग ने चेतावनी दी है कि अगर लगाई गई सील से छेड़खानी की तो उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई भी की जा सकती है। डीटीपी प्रवर्तन की टीम आवासीय इलाकों में व्यावसायिक गतिविधियां चलाने पर सीलिंग की कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में बृहस्पतिवार को सुशांत लोक फेज-1 में दो स्पा, एक सैलून, एक प्रॉपर्टी डीलर का कार्यालय सील कर दिए गए। इसके अलावा डीएलएफ फेज-4 में एक आवासीय प्लाट में लोहे का जाल आदि लगा लिया गया था। यहां पर सर्वेंट रूम भी बना रखे थे। बेसमेंट में दुकानें बना रखी थीं। बेसमेंट में डांस स्टूडियो भी चल रहा था। इन सभी को सील कर दिया गया। एक सैलून भी सील किया गया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में गुरुग्राम मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी के अभियंता बलराज मौजूद थे। डीटीपी प्रवर्तन मनीष यादव, एटीपी निदेश सिंह, जेई आकाश, पारसमनी आदि मौजूद रहे।

एक महीने में 125 से ज्यादा मकान सील

गुरुग्राम। जब से डीटीपी प्रवर्तन ने आवासीय क्षेत्रों में व्यवसायिक गतिविधियों के लिए सीलिंग अभियान शुरू किया है तब से अब तक पिछले एक महीने में 125 से ज्यादा मकानों को सील किया जा चुका है। इस दौरान 20 आवेदन आए हैं जिनमें अपने यहां नो न्यूसेंस वाली व्यावसायिक गतिविधि शुरू करने की अनुमति मांगी गई है। जबकि पिछले दो साल में एक ही आवेदन इस तरह का नहीं आया था। पांच आवेदनों को स्वीकार भी किया गया है। जबकि अन्य की जांच चल रही है। अनुमति के लिए 60 हजार रुपये शुल्क है

## प्रदीप हत्याकांड में एक और आरोपी गिरफ्तार, दंगाइयों ने किया था कार पर पथराव

गुरुग्राम। बजरंग दल पदाधिकारी प्रदीप हत्याकांड का आरोपी गिरफ्तार हो गया है। हिंसा मामले में पथराव और मारपीट करने का भी आरोप है। सीआईए सोहना की टीम ने बजरंग दल के पदाधिकारी प्रदीप के साथ हुई हिंसा और हत्या मामले के एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत में पेश कर एक दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

31 जुलाई को हुई थी वारदात

पुलिस के अनुसार, जावेद कॉलोनी निरंकारी कॉलेज सोहना के पास 31 जुलाई को एक डंपिंग गाड़ी में सवार व्यक्तियों पर दंगाइयों द्वारा पथराव किया गया था। उसी दौरान पुलिस वहां पहुंची और गाड़ी में सवार व्यक्तियों को सुरक्षित निकालकर उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया।

हत्या के बाद इन धाराओं में मामला दर्ज

इस घटना में लगी चोटों के कारण कार में सवार प्रदीप नामक युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। प्रदीप बजरंग दल का पदाधिकारी था। इस मामले में थाना शहर सोहना, गुरुग्राम में धारा 147, 148, 149, 188, 302, 506 आईपीसी व शस्त्र अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया था।

मामले की जांच के लिए डीसीपी क्राइम विजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में एक एसआईटी गठित की गई है।

# सौरभ के बिना वापस जाने को तैयार नहीं...मई में भी आई थी नोएडा, सामने आया ऐसा वीडियो

नोएडा। पुलिस अधिकारियों के सामने सानिया ने फिर से दावा किया है कि सौरभ ने धर्म परिवर्तन कर निकाह किया था। वहीं सौरभकांत का कहना है कि सानिया ने उनको हनीट्रैप में फंसाया है। बांग्लादेश से पति की तलाश में नोएडा पहुंची सानिया अख्तर और सौरभ ने एक बार फिर पुलिस के सामने अपना पक्ष रखा। गुरुवार को सानिया और सौरभ का पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो दोनों की सालगिरह का बताया जा रहा है। वहीं सानिया ने एक बार फिर साफ किया है कि बगैर सौरभ के वह बांग्लादेश नहीं जाएगी। नोएडा पुलिस की महिला इकाई मामले की जांच में जुटी है।

पुलिस अधिकारियों के सामने सानिया ने फिर से दावा किया है कि सौरभ ने धर्म परिवर्तन कर निकाह किया था। वहीं सौरभकांत का कहना है कि सानिया ने उनको हनीट्रैप में फंसाया है। सानिया का स्पष्ट कहना है कि वह न्याय न मिलने तक जाने के लिए तैयार नहीं हैं। वह पूरे दस्तावेज के साथ भारत आई है। इससे पहले भी वह मई महीने में नोएडा आई थी। सोशल मीडिया पर सौरभ और सानिया दो वीडियो वायरल हुए। पहले वीडियो में सौरभकांत सानिया के साथ शादी की पहली सालगिरह मना रहे हैं। इसमें उनके साथ दो और लोग नजर आ रहे है। जश्न मनाते हुए दोनों एक दूसरे को केक खिलाते दिख रहे हैं। दोनों के साथ कोई बच्चा नजर नहीं आ रहा है। दूसरे वीडियो में सौरभकांत और सानिया डांस करते हुए नजर आ रहे हैं। दोनों एक दूसरे के बेहद करीब लग रहे हैं।

यह है मामला

सानिया अख्तर ने पुलिस से शिकायत की है कि सौरभकांत ढाका की एक कंपनी कल्टी मैक्स एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड में काम करता था। 14 अप्रैल 2021 को सौरभ ने बांग्लादेश में ही उससे निकाह किया था। फिर उसे छोड़कर भारत आ गया। सौरभ बांग्लादेश में 4 जनवरी 2017 से 24 दिसंबर 2021 रहा था। अब सानिया एक साल के बेटे के साथ सौरभ को ढूंढने नोएडा आई है।

## गोहाना रोड पर दयानंद मठ के पास वारदात, महिला की कानों की बाली झपटी

रोहतक। शहर के गोहाना रोड पर दयानंद मठ के पास बाइक सवार युवक एक महिला की कानों की बाली झपटकर ले गए। वारदात के दौरान महिला के कान भी फट गए। घायल ने पुरानी सब्जी मंडी थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी शिकायत में तेज कॉलोनी निवासी कृष्णा देवी ने बताया कि वह वीरवार शाम को सब्जी लेने गोहाना रोड पर दयानंद मठ के पास जा रही थी। तभी पीछे से एक युवक आया और खींचकर उसके खानों की बॉली निकाल ली। इससे उसके दोनों कान फट गए और उनमें से खून आने लगा। युवक थोड़ी दूरी पर बाइक लेकर खड़े युवक के साथ बैठकर फरार हो गया। उसे बाइक का नंबर तो नहीं दिखा, लेकिन बॉली झपटने वाले युवक ने लाल रंग की टीशर्ट पहन रखी थी।

# राजस्थान के लाल पत्थर पर सौ वर्षों तक चमकेगा स्टेशन का नाम

गाजीपुर। राजस्थान के लाल पत्थर पर सौ वर्षों तक सोनवल और गाजीपुर घाट स्टेशन का नाम चमकता रहेगा। एम्बाज राइटिंग से नाम उकेरा जाएगा। साथ ही उपरी हिस्से में कटिंगदार आकृति बनेगी, जो आस-पास के जनपद तो दूर पूर्वांचल में अन्य स्टेशनों पर नहीं है। इससे दोनों नए स्टेशनों की भव्यता और सुंदरता को चार-चांद लग जाएगा। इन स्टेशनों के प्लेटफार्म पर पत्थर का खंभा लग चुका है, अब प्लेट लगाने को लेकर कवायद शुरू हो चुकी है। ताड़ीघाट- मऊ नए रेलखंड के प्रथम चरण सिटी रेलवे स्टेशन से सोनवल तक प्रथम चरण का कार्य पूर्ण हो चुका है। साथ ही सोनवल और गाजीपुर घाट नए रेलवे स्टेशन के निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है ताकि उद्घाटन में कोर-कसर न रह जाए। इसके साथ ही दोनों स्टेशनों की सुंदरता और भव्यता को चार चांद लगाने के लिए राजस्थान से लाए गए पत्थर का प्रयोग नाम दर्शाने के लिए किया जा रहा है। नए स्टेशनों के प्लेटफार्म के दोनों तरफ लाल पत्थर की कटिंग करके खंभे को लगाने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही खंभों के बीच में लगने वाले पत्थर की प्लेट की कटिंग भी चल रही हैं। इसके बाद एम्बाज राइटिंग से स्टेशनों का नाम उकेरा जाएगा, जिससे तेज गति से गुजर रही ट्रेन से यात्री आसानी से नाम पढ़ सकेंगे। यहीं सबसे ऊपरी हिस्से में दोनों तरफ पत्थर की ऐसी आकृति लगेगी, जिसे यात्री देखने के बाद स्टेशन की सुंदरता को समझ सकेंगे। रेलवे की ओर से दोनों स्टेशनों की सुंदरता को चार-चांद लगाने के लिए तरह-तरह के तकनीक और कलाकृतियों का प्रयोग किया जा रहा है, जो लंबे समय तक अपनी सुखद पहचान दे सकेगा।

# गोरखपुर लायंस टीम की जर्सी का हुआ अनावरण

ग्रेटर नोएडा। उत्तर प्रदेश में आईपीएल की तर्ज पर होने वाली यूपी-20 क्रिकेट लीग में भाग ले रही गोरखपुर लायंस ने बृहस्पतिवार को ग्रेनो वेस्ट स्थित द गौड़ सरोवर प्रीमियर होटल में टीम की जर्सी, लोगो, एंथम जीत के जाएंगे और 20 सदस्यीय टीम का अनावरण किया।

अनावरण गौड़ ग्रुप के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक मनोज गौड़, निदेशक विशेष गौड़, टीम निदेशक के एल तेजवानी, बल्लेबाजी कोच शशिकांत खंडकर व टीम मैनेजर विश्वजीत सिंह ने किया। उधर, फिल्म अभिनेता व गोरखपुर सांसद रवि किशन, भोजपुरी कलाकार व भाजपा नेता मनोज तिवारी ने कार्यक्रम में शिरकत की। दोनों ने खिलाड़ियों को शुभकामाएं दी। टीम में आईपीएल, अंडर-19 विश्व कप टीम के सदस्य ध्रुव जुरैल को टीम का कप्तान व विकेट कीपर की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं डोमेस्टिक क्रिकेट व आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले मोहसिन खान को शामिल किया गया है। जिले के दो खिलाड़ी कर्ण चौधरी व हर्षित शेट्टी को गोरखपुर लायंस टीम में जगह मिली है और वह नोएडा के सेक्टर 46 व 78 में रहते हैं। अब 30 अगस्त से कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में होने वाले यूपी-20 क्रिकेट लीग के पहले सीजन के लिए गोरखपुर लायंस खेलेगी। लीग में नोएडा, कानपुर, वाराणसी, लखनऊ, मेरठ व गोरखपुर जिले की टीमें हिस्सा ले रही है। वर्तमान में यूपी के कुलदीप यादव, दीपक चाहर व रिंकू सिंह देश की नेशनल टीम में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। लीग में प्रदेश की छह टीमें हिस्सा ले रही हैं। जिसमें आईपीएल, अंडर-19 विश्व कप व नेशनल में खेल चुके खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। नेशनल स्तर पर खेल चुके दो-दो खिलाड़ियों को सभी टीमों में चयन किया गया है।

टीम के 20 स्क्वाड खिलाड़ी

ध्रुव जुरैल कप्तान व विकेट कीपर, मोहसिन खान, समर चौधरी, शिवम शर्मा, अभिषेक गोस्वामी, सिद्धार्थ यादव, विजय कुमार, कर्ण चौधरी, अंकित चौधरी, सुनील कुमार, रिषभ बंसल, देवांश चतुर्वेदी, अब्दुल रहमान, अंशुमान पांडे, अंकित राठी, रिषभ राय, विवेक कुमार, पुनीत गुप्ता,कार्तिकेय सिंह और यशोवर्धन सिंह टीम के सदस्य होंगे।

## नूंह हिंसा का एक और आरोपी गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

नूंह। हिंसा से जुड़े एक और आरोपी का नूंह पुलिस द्वारा एनकाउंटर किया है। पुलिस मुठभेड़ के बाद एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के पैर में गोली लगी है। जिसे मेडिकल कॉलेज नल्हड़ में इलाज के लिए दाखिल कराया गया है। जानकारी के अनुसार, नूंह साइबर क्राइम थाना प्रभारी विमल राय के नेतृत्व में गठित टीम ने बुधवार देर रात 11 बजे नूंह हिंसा के मामले में संलिप्त आरोपी ओसामा उर्फ पहलवान निवासी फिरोजपुर नमक (नूंह) को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया। आरोपी के पैर में गोली लगने के बाद काबू कर लिया। आरोपी से एक तमंचा, एक खाली रौंद व एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। आरोपी नल्हड़ आगजनी में वांछित था। बुधवार देर रात आरोपी अपने गांव फिरोजपुर नमक से आली मेव जा रहा था, लेकिन पुलिस को सूचना मिली तो नूंह-होडल स्थित उजीना नहर के पास पुलिस से मुठभेड़ हो गई। आरोपी ने पुलिस पर फायर किया, जिसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को देर रात इलाज के लिए मेडिकल अस्पताल नल्हड़ में भर्ती कराया गया।

# सोहना में जल्द लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

गुरुग्राम। शहर में कैमरे लगवाने को लेकर बृहस्पतिवार को सोहना के एसडीएम प्रदीप सिंह ने व्यापार मंडल संघ और नगर परिषद अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सोहना में विकास कार्यों, विभिन्न मुद्दों व समस्याओं पर चर्चा हुई। बैठक में व्यापार मंडल संघ के प्रधान मनोज राघव बजरंगी, चेयरमैन प्रतिनिधि लेखराज, पार्षद हरीश नंदा, कार्यकारी अभियंता विक्की कुमार, एमई राजपाल, जेई दिग्विजय मौजूद थे। व्यापार मंडल संघ के प्रधान मनोज राघव बजरंगी ने बताया कि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह द्वारा शहर में कैमरे लगाने के लिए 21 लाख रुपये मंजूरी कराए थे। एसडीएम प्रदीप सिंह ने व्यापार मंडल संघ, पुलिस विभाग व नगर परिषद की एक कमेटी गठन की बात कही। यह कमेटी शहर में कैमरे लगाने के लिए सर्वे कराकर जगह चिन्हित करेगी। कंट्रोल रूम शहर थाना सोहना में व्यवस्थित करने की बात भी कही। कमेटी का गठन एक-दो दिन में किया जाएगा, जिसमें नगर परिषद से एक, एसीपी के नेतृत्व में एक अधिकारी और व्यापार मंडल संघ की ओर से चार लोग शामिल होंगे।

वार्ड पार्षद हरीश नंदा ने वार्ड-16 में लाइट नहीं जलने, नालियों की सफाई व गली निर्माण को लेकर वर्क आर्डर जारी करने के मांग की। एसडीएम ने कार्यकारी अभियंता विक्की कुमार को वर्क आर्डर जारी करने के निर्देश दिए। बृहस्पतिवार को ही वर्क ऑर्डर जारी कर दिए गए। उन्होंने शहर की लाइट ठीक करने वाले ठेकेदार के वर्क ऑर्डर को सस्पेंड करने के लिए निर्देश जारी करने के लिए कहा। दमदमा रोड पर रेड लाइट का मुद्दा बैठक में उठा, जिस पर जेई दिग्विजय सिंह ने रोड कटिंग की अनुमति पीडब्ल्यूडी विभाग से लेने की बात कही। वहीं दूसरे रोड पर केबल पार करने के लिए गुरुग्राम रोड पर कटिंग करनी है। ऐसे में एसडीएम प्रदीप सिंह ने एनएचएआई के अधिकारियों से बात करके जल्द ही इसका समाधान करने के निर्देश दिए। दमदमा रोड पर दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जल्द समाधान का आश्वासन दिया गया। स्टेडियम में भी घास काटने की मशीन, पीने के पानी की व्यवस्था, रेहड़ी की व्यवस्था भी जल्द कराने के निर्देश जारी किए हैं।

## बदहाली से जूझ रही बहुमंजिला इमारतों को संरचनात्मक ऑडिट का इंतजार

गुरुग्राम। बदहाल रखरखाव और ढांचागत कमजोरी जैसी समस्याओं से जूझ रही शहर की बहुमंजिला इमारतों को अभी तक संरचनात्मक ऑडिट का इंतजार है। 15 सोसाइटियों को दूसरे चरणों से संरचनात्मक ऑडिट का इंतजार है। जबकि 23 सोसाइटियों को पहले चरणों का संरचनात्मक ऑडिट का इंतजार है। कहीं बिल्डर तो कहीं रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ऑडिट करने वाले एजेंसियों की भुगतान का पैसा नहीं दे रही है। जिसके चलते काम अटका पड़ा है। इन सबके बीच यहां के निवासियों को असुरक्षित परिस्थितियों में रहने को मजबूर होना पड़ रहा है फरवरी 2021 को हुए हादसे के बाद शहर की अलग-अलग सोसाइटियों में निर्माण संबंधी खामियों की बात सामने आने लगी। इसको ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने तय किया कि जो भी सोसाइटी अपने यहां खामियों की बात कह रही हैं उनमें संरचनात्मक ऑडिट कराया जाए। इसके लिए रुपरेखा और नियमावली तय की गई। इस ऑडिट के दौरान आरडब्ल्यूए को भी शामिल किया गया और बिल्डर के प्रतिनिधि भी शामिल किए गए। तय किया गया कि ऑडिट का पैसा बिल्डर देगा। यहां बिल्डर नहीं है वहां की आरडब्ल्यूए देगी।

# निजी अस्पताल में लचर, सरकारी में बेहतर हैं आग बुझाने के इंतजाम

गुरग्राम। हिसार के एक अस्पताल में हुए अग्निकांड और उसमें हुई मरीज की मौत के बाद जिले के निजी और सरकारी अस्पतालों में अग्निशमन के उपायों की स्थिति भी निगरानी में आ गई है। बृहस्पतिवार को अमर उजाला की पड़ताल में आया कि गुरुग्राम में कुछ निजी नर्सिंग होम इस तरह हैं, जहां हादसा होने पर राहत कार्यों में बहुत ही मुश्किल आएगी। राहत की बात यह है कि जिले के नागरिक अस्पताल में अग्निशमन उपाय बेहतर हैं। निजी नर्सिंग में गलियारे हैं बेहद संकरे कुछ निजी नर्सिंग होम के मामले में देखा गया कि उनके पास पार्किंग की जगह तक नहीं है। हादसा होने पर उनका मुख्य प्रवेश द्वार भी ऐसा नहीं है कि जहां राहत दल सुगमता से बचाव कार्य को अंजाम दे सके।

सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल में छह महीने पहले ही करोड़ों रुपये की लागत से बेहद एडवांस फायर फाइटिंग सिस्टम लगा है। अस्पताल के उप चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष राठी कहते हैं कि हमारे यहां पर अग्निशमन की बेहतर व्यवस्था है। अस्पताल में 170 बेड की क्षमता है। प्रतिदिन ढाई से तीन हजार तक मरीजों की ओपीडी है। इनको ध्यान में रखते हुए हादसे की स्थिति में कई एग्जिट गेट बनाए गए हैं।

100 से अधिक अस्पतालों के पास एनओसी है। जिनके पास खत्म हो रही है उनको नोटिस दिया जा रहा है। आग बुझाने के उपकरणों की जांच भी हो रही है। देखा जा रहा है कि यहां पर आग बुझाने के पर्याप्त इंतजाम हैं कि नहीं। - उप निदेशक गुलशन कालरा, अग्निशमन विभाग

# हर हाल में पूरी होगी जलाभिषेक यात्रा

गुरुग्राम। सर्व हिन्दू समाज ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा की तैयारी में जुटा है। उसकी ओर से अपनी तैयारी चल रही है। यात्रा में जाने वालों का कहना कि इस यात्रा को हर हाल में पूरा किया जाएगा। आयोजकों का तो यहां तक कहना है कि जब कश्मीर में अमरनाथ यात्रा को संगीन के साये में आयोजित कराया जा सकता है तो मेवात में ऐसी कौन सी परेशानी सामने आ रही है। विहिप के जिला महामंत्री यशवंत शेखावत ने बताया कि जुलाई में हुई खंडित यात्रा को पूरा करना उनका उद्देश्य है। 28 अगस्त यात्रा की तारीख पहले ही तय की जा चुकी है। इस यात्रा को पूरा करने के लिए सर्व हिन्दू समाज में उत्साह है। यात्रा समिति के सदस्य कुलभूषण भारद्वाज कहते हैं कि उनको किसी तरह की अनुमति की आवश्यकता नहीं है। हमें देश के प्रधानमंत्री और गृह मंत्री पर पूरा भरोसा है। नूंह हिंसा के दौरान आपत्तिजनक पोस्ट वायरल करने के आरोप में जेल से जमानत पर बाहर आए ऋतुराज कहते हैं कि हमें पूजा करने का अधिकार है। सरकार को खंडित यात्रा पूरी करने के बारे में सोचना चाहिए। प्रशासन को चाहिए कि वह खुद ही यात्रा का पूरी करने के लिए अनुमति दे।

नूंह में ब्रजमंडल की जलाभिषेक यात्रा को लेकर राजस्थान, यूपी और हरियाणा का खुफिया तंत्र सक्रिय है। पल-पल की गतिविधियों पर इसकी नजर है। नूंह में हिंसा के बाद तीनों राज्यों से सर्व हिन्दू समाज ने पहुंचने की बात कही गई थी। ऐसे में खुफिया विभाग यात्रा से जुड़े लोगों पर नजर रखे हुए है। बता दें कि 31 जुलाई को नूंह में हुई हिंसा के बारे में कहा जा रहा था कि खुफिया विभाग के पास जानकारी नहीं थी, मगर बाद में इस बात का खुलासा हुआ कि रिपोर्ट भेजी गई थी।

# दो लाख उपभोक्ताओं के बिजली मीटर होंगे स्मार्ट, सर्वे का काम शुरू

नोएडा। 25 किलोवाट तक उपभोक्ताओं के प्रीपेड मीटर लगाए जाएंगे। मीटर लगाने में अधिक लाइन लॉस वाले क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जा रही है। दूसरे चरण में अन्य खंडों में प्रीपेड मीटर लगाए जाएंगे। नोएडा जोन में उपभोक्ताओं के घरों में लगे पुराने बिजली के मीटरों को बदल कर नए स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। डिस्कॉम स्तर से पूरे प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने का काम इंटेलीस्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी को सौंपा गया है। कंपनी के प्रतिनिधियों ने नोएडा जोन में सर्वे भी शुरू कर दिया है। योजना के तहत दो लाख उपभोक्ताओं के मीटर स्मार्ट मीटर में बदले जाएंगे। एक-दो महीने में काम शुरू होने की उम्मीद है। 25 किलोवाट तक उपभोक्ताओं के प्रीपेड मीटर लगाए जाएंगे। मीटर लगाने में अधिक लाइन लॉस वाले क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जा रही है। दूसरे चरण में अन्य खंडों में प्रीपेड मीटर लगाए जाएंगे। स्मार्ट मीटर मोबाइल फोन की तरह काम करेगा। इसमें सिम लगेगी। सिम के नंबर से ही मीटर रिचार्ज होगा। इसको पूरी तरह मोबाइल से ट्रेस किया जा सकेगा। बिजली आपूर्ति का विवरण इसमें दर्ज रहेगा।

पहले चरण में ग्रेनो, दनकौर, जेवर और दादरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं के पोस्टपेड पुराने मीटरों को बदल कर नए स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जाएंगे। नए स्मार्ट मीटर जीपीएस आधारित होंगे। जिससे मीटर से छेड़छाड़ करने की सूचना निगम मुख्यालय में लगे सर्वर पर पहुंच जाएगा। जिससे उपभोक्ताओं के लगे मीटरों की जांच कराई जाएगी। मीटर में छेड़छाड़ की पुष्टि होने पर उपभोक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# जमीनी विवाद में किसान की ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या

हमीरपुर। दूसरे गांव स्थित चक्की से गेहूं पिसाकर लौट रहे वृद्ध किसान की गांव के ही एक व्यक्ति ने थाना क्षेत्र के कुसमरा रोड पर ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या कर दी। वृद्ध साइकिल में बोरी रखकर पैदल गांव लौट रहा था। उसे पहले लकड़ी की बल्ली से मारकर घायल कर दिया। उसके गिरने के बाद उसके सिर के ऊपर से ट्रैक्टर चढ़ा कर हत्या कर दी।

सूचना पर पहुंचे परिजनों ने जमीनी रंजिश के चलते हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में ले मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। डॉग स्क्वायड व फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। घटना स्थल पर एसपी ने पहुंच निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कुरारा क्षेत्र के डिमुहा गांव के सिद्ध बाबा डेरा निवासी मान सिंह (75) गुरुवार को पास के गांव कुसमरा स्थित चक्की में गेहूं पिसाने गया था। दोपहर में कुसमरा संपर्क मार्ग पर गांव से करीब दो किमी दूर शव पड़ा मिला। पास में खून से सनी लकड़ी की बल्ली भी पड़ी मिली। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया। मृतक की बेटी साक्षी ने बताया कि आटा की बोरी साइकिल रखकर पैदल लौटते समय कुसमरा गांव से करीब दो किमी दूर संपर्क मार्ग पर डंडों से पीटकर घायल करने के बाद ट्रैक्टर से कुचल कर हत्या की गई है। साथ ही सड़क दुर्घटना दिखाने का प्रयास किया गया है। घटना के पीछे जमीन का विवाद बताया।

सूचना पर एसपी डॉ. दीक्षा शर्मा, एएसपी मायाराम वर्मा, सीओ सदर राजेश कमल के साथ डॉग स्क्वायड व फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। एसपी ने बताया कि प्रथम दृष्टया हत्या प्रतीत हो रही है। खून से सना पास में डंडा मिला है। आसपास खून पड़ा भी मिला। शव को देखकर हत्या प्रतीत हो रही है। मामले की जांच की जा रही है। सीओ सदर ने बताया कि अभी तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने बताया कि घटना के दौरान कुछ महिलाएं खेत में चारा काट रही थीं। जिन्होंने घटना को देखा लेकिन डर वश वह कुछ बोल नहीं सकी। बताया कि ट्रैक्टर से गांव के ही एक व्यक्ति ने घटना को अंजाम दिया है। मान सिंह का उससे जमीन का विवाद चल रहा है। ग्रामीणों के अनुसार मानसिंह अपने ननिहाल डिमुहा गांव में पत्नी के साथ में अकेला रहकर खेती करता था। उसके बड़े बेटे देवराज की बीमारी के चलते काफी समय पहले मौत हो गई थी। एक बेटा रामराज अपने पैतृक गांव तहरापुर मूसानगर में रहकर खेती करता है। कुछ दिन पूर्व रामराज की बेटी खुशबू बाबा-दादी के यहां आई थी जो गुरुवार को गांव में ही थी।

ग्रामीणों के अनुसार, मूलरूप से कानपुर देहात के मूसानगर थाने के तहरापुर गांव निवासी मान सिंह पिता की मौत के बाद अपनी मां के साथ ननिहाल आ गया था। इसके बाद मां ने यहां पांच बीघा जमीन खरीदी थी। वहीं बाद में मानसिंह को 14 बीघे का पट्टा मिला था। जिसे लेकर विवाद चल रहा था। वहीं बाद में पांच बीघा जमीन मामा की बेटी से खरीदी थी। जिसे लेकर भी विवाद चल रहा है। ग्रामीणों के अनुसार वर्ष 1962 में मान सिंह को पट्टा दिया गया था। जिसमें गांव के ही कुछ लोग काबिज थे।

जिस पर दोनों पक्षों में मुकदमा चलता रहा। हाईकोर्ट जाने के बाद फाइल जिले के चकबंदी विभाग में लौट आई है। जिस पर विचारण चल रहा है। परिजनों के अनुसार मामले की 26 अगस्त को तारीख भी लगी है।

## साइलोपिट में अनाज सुरक्षित रख सकेंगे अन्नदाता

हमीरपुर। जिले के लाखों अन्नदाता अब सीधे भंडार गृह (साइलोपिट) में अपना अनाज बेच सकेंगे। कृषि एवं संरचना निधि (एआईएफ) के तहत 53.69 करोड़ रुपये की लागत से इसका निर्माण कराया जा रहा है। करीब 50 हजार मीट्रिक टन क्षमता के इस साइलोपिट को कार्यदायी संस्था मेसर्स यूजीआर साइलो निर्माण करा रही है। मौदहा तहसील के इचौली गांव में रेलवे लाइन के किनारे करीब 18 एकड़ क्षेत्रफल में अन्न भंडार गृह (साइलोपिट) का निर्माण कराया जा रहा है। जो कृषि एवं संरचना निधि (एआईएफ) के तहत 53.69 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन है। इसकी क्षमता 50 हजार मैट्रिक टन होगी। इसके तैयार हो जाने से जिले के लाखों किसानों व व्यापारियों को लाभ होगा। इसका निर्माण कार्यदायी संस्था मेसर्स यूजीआर साइलो हमीरपुर ने पिछले 23 जून से शुरू करा दिया था। यहां अनाज का निर्यात करने के लिए रेलवे की सुविधा भी की जाएगी। इसके तैयार होने से भंडारण के लिए अन्य जनपदों पर आश्रित नहीं होना पड़ेगा। साथ ही किसान अपना अनाज गेहूं, चना, बाजरा, ज्वार, अलसी आदि ले जाकर यहां बिक्री कर सकेंगे। किसान अनाज पलटेगा और वहां अनाज छनकर व तौल होकर उसे पर्ची मिल जाएगी। जिसे लेकर वह अपनी सोसायटी में जमा करेगा और सोसायटी उसके बैंक खाते में पैसा ट्रांसफर कर देगी।

सहायक निबंधक (सहकारिता) हरेंद्र सिंह ने बताया कि साइलोपिट में अनाज भंडारण की 25 साल तक की क्षमता होगी। जिससे अनाज किसी भी सीजन में खराब नहीं होगा। इसका किसानों सहित व्यापारियों को भी लाभ होगा। कहा कि किसान अपना बिना छना हुआ अनाज वहां लेकर जाएगा और साइलोपिट में डालते ही उसमें लगे छन्ने में अनाज अपने आप साफ सुधरा होकर तौल जाएगा। जिसकी रसीद किसान लेकर अपनी सोसायटी में जमा करना होगा। जहां से उसका भुगतान करा दिया जाएगा।

## अस्पताल में तकनीशियन एक, एक्सरे करवाने वाले अनेक

हमीपुर। डॉ. लश्करी राम राठौर स्मारक राजकीय सिविल अस्पताल टौणीदेवी में महज एक एक्सरे तकनीशियन होने से यहां मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में रोजाना की ओपीडी 100 के करीब है। कई बार दिन में दो दर्जन लोग एक्सरे करवाने पहुंच रहे हैं। इसका कारण यह है कि टौणीदेवी अस्पताल यहां क्षेत्र की करीब दो दर्जन ग्राम पंचायतों को कवर करता है। अधिक संख्या में मरीजों के एक्सरे करना अकेले एक तकनीशियन के लिए चुनौती बना हुआ है। किसी कारणवश अगर तकनीशियन छुट्टी पर हो तो दिक्कत और भी बढ़ जाती है। इस समस्या के बढ़ने का एक मुख्य कारण यह भी है कि जिला हमीरपुर मेडिकल कॉलेज में मरीजों की भारी तादाद के चलते लंबी लाइनों में लगना पड़ता है। जिसके चलते हमीरपुर से सटे क्षेत्र के लोग भी एक्सरे करवाने के लिए सिविल अस्पताल टौणीदेवी पहुंच रहे हैं। इससे यहां लोगों की ओपीडी बढ़ चुकी है परंतु यह कार्य अकेले एक एक्सरे तकनीशियन के लिए परेशानी का सबब बन चुका है। ग्राम पंचायत बारीं के प्रधान रविंद्र ठाकुर, टपरे के पूर्व उप प्रधान अजय कुमार, भाजपा शहरी इकाई के अध्यक्ष रवि राणा, अजीत सिंह, हरनामचंद, कुलदीप कुमार, प्रदीप कुमार, राजेश बहल, रजनीश आदि ने विभाग और सरकार से आग्रह किया है कि एक्सरे के लिए मरीजों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर यहां एक अतिरिक्त एक्सरे तकनीशियन की तैनाती करवाई जाए। इस बारे में बीएमओ टौणीदेवी डॉ. अभीनीत शर्मा ने कहा कि तीन-चार दिन से वह बाहर हैं। 40 एक्सरे यहां रोजाना होते हैं। फिर भी वह इस बारे में वस्तु स्थिति का पता करेंगे।

# कुनाह खड्ड में डूबने से अधेड़ महिला की मौत

हमीरपुर। विधानसभा क्षेत्र नादौन के तहत रंगस क्षेत्र में बहने वाली कुनाह खड्ड में डूबने से एक अधेड़ महिला की मौत हो गई है। मृतक महिला की पहचान ग्राम पंचायत जोलसप्पड के गांव सोहरी निवासी अमरती देवी पत्नी जोगिंदर सिंह के रूप में हुई है। महिला के पुत्रों तिलक और रमन कुमार के अनुसार उनकी माता अमरती देवी पिछले कुछ माह से बीमार चल रही थी। उसका अस्पताल में बाकायदा उपचार भी चल रहा था।

वीरवार की सुबह 5:00 बजे के करीब बेटे रमन कुमार ने अपनी माता को सुबह उठने पर हाथ मुंह धोने के लिए पानी दिया और फिर वह अपनी दिनचर्या के तहत अपने कार्य के लिए गोशाला की ओर चला गया। थोड़ी देर बाद पिता जोगिंद्र सिंह ने पत्नी की तलाश शुरू की, लेकिन वह कहीं भी नहीं मिली। परिजनों ने ग्राम पंचायत जोलसप्पड़ के उपप्रधान संतोष कुमार को इसकी सूचना दी। सुबह 7:00 के आसपास रंगस क्षेत्र से किसी व्यक्ति का उपप्रधान को महिला का शव मिलने के बारे में फोन आया।

जब परिजनों को लेकर ग्राम पंचायत जोलसप्पड़ की प्रधान व अन्य पंचायत सदस्य रंगस की कुनाह खड्ड में पहुंचे, तब पता लगा कि मृतक महिला उनके परिवार की ही सदस्य अमरती देवी है। परिजनों ने किसी पर भी हत्या की आशंका नहीं जताई है। मानसिक रूप से परेशानी के चलते खड्ड में पानी के तेज बहाव में महिला के बहने की आशंका जताई जा रही है। महिला के घर से कुनाह खड्ड मात्र 600 मीटर की दूरी पर ही स्थित है। महिला अमरती देवी के घर जाकर प्रशासन की ओर से सर्कल कानूनगो देश राज, पटवारी कृष्ण और सुशील ने परिजनों को 25 हजार रुपये की फौरी राहत भी पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में महिला के पति जोगिंद्र सिंह को उपलब्ध करवाई। उधर, पुलिस थाना नादौन के प्रभारी कुलदीप पटियाल ने कहा कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम के साथ वह स्वयं मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रहे हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए हमीरपुर अस्पताल भेज दिया है।

परिजनों के बयान के अनुसार महिला मानसिक रूप से परेशान थी। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा।

## मारपीट कर सोने की चेन व मोबाइल छीना

हमीरपुर। जुआ खिलाने का विरोध करने पर दबंगों ने एक परिवार के साथ घर में घुसकर मारपीट की। आरोप है युवक का मोबाइल फोन व सोने की चेन छीन ली। पीड़िता ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। शहर के सिकंदरपुरा मोहल्ला चरखारी रोड निवासी ज्योति राजपूत ने बताया मोहल्ले के हरीसिंह, जितेंद्र व दो अन्य एक माह से जुआ खिलवा रहे हैं। बताया जुआरी उनके घर के बाहर गाड़ियां खड़ी कर जाते हैं। सोमवार रात आरोपी गालीगलौज करते रहे। मंगलवार सुबह उन्होंने यूपी 112 पुलिस को सूचना दी। बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस कोतवाली में तहरीर देने की बात कहते हुए चली आई। जिसके बाद आरोपियों ने घर में घुस कर उन्हें, भाई नारायण, ममेरे भाई राघवेंद्र व भतीजे देवेंद्र के साथ घर में घुसकर गालीगलौज करते हुए मारपीट की।

## संक्षिप्त समाचार

### मसूरी में तीन घरों से चोरों ने उड़ाए 15 लाख के गहने व नकदी

गाजियाबाद। मसूरी के गांव बडायला में चोरों ने तीन दिन में तीन घरों के ताले तोड़कर करीब 15 लाख के गहने व नकदी चोरी कर ली। चोरों ने दो चोरी 20 अगस्त की रात को आशीष और उनके पड़ोसी बिट्टू के यहां की और 22 अगस्त की रात नीतिश चौधरी के मकान के ताले तोड़कर गहने व नकदी चोरी कर लिए। लगातार हो रही चोरी से ग्रामीण में रोष है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस गश्त नहीं कर रही है। ग्रामीण खुद समूह बनाकर गांव में पहरा दे रहे हैं। आशीष का कहना है कि चोर अलमारी का ताला तोड़कर एक लाख की नकदी, पांच अंगूठी समेत अन्य सोना-चांदी के गहने चोरी करके ले गए। वहीं, उनके पड़ोसी बिट्टू के यहां से चोरों ने गहने समेत 19 हजार की नकदी चोरी कर ली। उनका कहना है कि चोरों ने मदन के घर से भी नकदी, गहने व कपड़े चोरी किए। लेकिन शोर सुनकर जैसे चोर दीवार कूदकर भागे तो मदन का सामान वहीं गिर गया। इसके बाद चोरों ने 22 अगस्त की रात नीतिश चौधरी के घर में घुसकर 2.5 लाख की नकदी समेत सोने की दो चेन, दो अंगूठी, एक हार समेत अन्य चांदी के गहने चोरी कर लिए। मामले में आशीष और नीतिश ने मसूरी थाने में केस दर्ज कराया है। एसीपी मसूरी निमिष पाटिल का कहना है कि चोरों की तलाश की जा रही है। क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाई गई है।

### 27.22 लाख की जगह लगाया था 100 रुपये का स्टांप, मुकदमा दर्ज

गाजीपुर। राष्ट्रीय राजमार्ग 29 वाराणसी-गोरखपुर मार्ग पर स्थित टोल प्लाजा मिर्जापुर ( कयामपुर ) में टोल प्लाजा चलाने वाले ने सरकार के स्टांप ड्यूटी के शुल्क 27, 22 560 रुपये की चोरी की है। जांच में पता चला है कि टोल प्लाजा का अनुबंध महज 100 रुपये में कर लिया गया। जबकि यह कार्य 27, 22, 660 रुपये में करना था। जांच रिपोर्ट के आधार पर सहायक आयुक्त स्टांप ने स्टांप कमी का मुकदमा बृहस्पतिवार को दर्ज करवा दिया है। जांच रिपोर्ट से यह बात सामने आई कि टोल प्लाजा मालिक आंध्र प्रदेश निवासी डी सूर्यनारायन रेड्डी ने 20 मई को 93 दिन के लिए एनएचआई से अनुबंध करके टोल प्लाजा चला रहे हैं। उनका अनुबंध 28 अगस्त को समाप्त होता। अनुबंध के मुताबिक वह रोजाना 14,63,786 रुपये एनएचआई को देते। इसी दौरान सहायक आयुक्त स्टांप की जांच में यह बात सामने आई कि यह अनुबंध महज 100 रुपये का स्टांप शुल्क अदा करके किया गया है। तीन माह में उन्होंने एनएचआई को 13,61,3498 रुपये का भुगतान करने का अनुबंध किया है। इस अनुबंध को 27, 22, 660 रुपये के स्टांप ड्यूटी अदा करने पर करना है। ऐसे में विभागीय अधिकारियों ने शेष 27,22 560 रुपये की वसूली करने का निर्णय लिया। इस संबंध में पूछे जाने पर सहायक आयुक्त उप निबंधन प्रेम प्रकाश ने बताया कि स्टांप की कमी पकड़ी गई है। स्टांप कमी का मुकदमा दर्ज करा लिया गया है।

### नाबालिग संग दुष्कर्म के अभियुक्त को दस वर्ष की सजा

गाजीपुर। विशेष न्यायाधीश पाक्सो प्रथम राकेश कुमार सप्तम की अदालत ने बृहस्पतिवार को नाबालिग के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में आरोपी को दस वर्ष की कठोर कारावास और 20 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अभियोजन के अनुसार शहर कोतवाली की एक महिला ने तहरीर दिया कि 19 मार्च 2015 को उसकी नाबालिग पुत्री को उसके पड़ोस का तरंग उर्फ टुन्नू बिंद अपने भाई की मदद से बहला-फुसलाकर कहीं लेकर भाग गया है। काफी खोजबीन किया गया, लेकिन कहीं पता नहीं चला। पता चलने पर दूसरे दिन तरंग के घर पूछने गई तो वादिनी को उसके परिवार वालों ने गाली देकर भगा दिया। वादिनी की सूचना पर मुकदमा दर्ज हुआ और पुलिस ने दौरान विवेचना पीड़िता को बरामद कर आरोपी को जेल भेज दिया और विवेचना उपरांत आरोपी के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र पेश किया। दौरान विचारण अभियोजन की तरफ से कुल आठ गवाहों को पेश किया गया। गवाहों ने अपना अपना बयान न्यायालय में दर्ज कराया। अभियोजन पक्ष और बचाव पक्ष की बहस सुनने के बाद न्यायालय ने उपरोक्त सजा सुनाते हुए आरोपी को जेल भेज दिया।

### आठ घंटे में 14 सेमी बढ़ गया राप्ती का पानी, नेपाल की बारिश बनी वजह

गोरखपुर। जिला आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ गौतम गुप्ता ने कहा कि नदियों का जलस्तर बढ़ रहा है। इसको देखते हुए सभी विभागों को सजग रहने का निर्देश दिया गया है। किसी भी आपदा की स्थिति से निपटने की तैयारी की गई है। नेपाल में नदियों के कैचमेंट एरिया में होने वाली बारिश का असर नजर आने लगा है। बृहस्पतिवार को महज आठ घंटे में राप्ती नदी का पानी 14 सेंटीमीटर बढ़ गया। सरयू नदी में भी लगातार बढ़ाव जारी है। रोहिन में जलस्तर सामान्य रहा। विशेषज्ञों का कहना है कि आगे यदि बारिश होती रही तो नदियों पर इसका असर नजर आएगा। हाल के दिनों में मौसम का मिजाज बदला है। नेपाल के पहाड़ों से लेकर मैदानी इलाकों में थम-थम कर बारिश हो रही है। नदियों के कैचमेंट एरिया ( ऐसे क्षेत्र जहां से पानी नदी में आता है ) में पानी बरसने से जलस्तर बढ़ने लगा है। बृहस्पतिवार को सुबह आठ बजे से शाम चार बजे के बीच राप्ती नदी में 14 सेमी का बढ़ाव राजघाट, बर्डघाट पर लगे गेज पर दर्ज किया गया। बृहस्पतिवार की सुबह आठ बजे राजघाट के बर्डघाट में राप्ती नदी का जलस्तर 72.570 मीटर था, जबकि शाम को यहां पर जलस्तर 72.710 दर्ज किया गया। इसी तरह अयोध्या पुल पर सरयू नदी का पानी सुबह 92.410 से बढ़कर शाम चार बजे 92.420 पहुंच गया। रोहिन नदी का पानी त्रिमुहानी घाट पर 78.990 मीटर दर्ज किया गया। जिला आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ गौतम गुप्ता ने कहा कि नदियों का जलस्तर बढ़ रहा है। इसको देखते हुए सभी विभागों को सजग रहने का निर्देश दिया गया है। किसी भी आपदा की स्थिति से निपटने की तैयारी की गई है।

### जानिए कौन है गोरखपुर विश्वविद्यालय की नई महिला कुलपति, संभाल चुकी हैं महत्वपूर्ण पद

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की नवागत कुलपति प्रो. पूनम टंडन लखनऊ यूनिवर्सिटी से पढ़ीं और वहीं से उनके करियर की शुरुआत हुई। उन्होंने मजबूत प्रोफाइल के जरिये शिक्षक से लेकर कुलपति के पद तक का सफर तय किया है। गोरखपुर विश्वविद्यालय की नवनियुक्त कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने लखनऊ विश्वविद्यालय में ही पढ़ाई व शोध में डिग्री हासिल की और फिर वहीं पर शिक्षक बनीं। वर्तमान में वह लखनऊ विश्वविद्यालय की भौतिक विज्ञान विभाग की अध्यक्ष हैं। इसके अलावा वह कई महत्वपूर्ण पदों को संभाल चुकी हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय से वर्ष 1987 में बीएससी व वर्ष 1989 में एमएससी फिजिक्स की टॉपर रही हैं। वर्ष 1992 में उन्होंने पीएचडी की डिग्री हासिल की। वर्ष 1999-2000 में उनको मार्टिन लूथर यूनिवर्सिटी, हेले जर्मनी से फेलोशिप भी मिल चुका है। वह वर्ष 1991 से 1996 तक लेक्चरर, वर्ष 1996 से 2001 तक वह सीनियर लेक्चरर, वर्ष 2001 से 2006 तक रीडर और वर्ष 2006 में प्रोफेसर बनीं। वर्तमान में वर्ष 2018 से वह लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग की अध्यक्ष हैं। इसके अलावा वर्ष 2006 से एमआरएसआई-लखनऊ की फाउंडर सेक्रेटरी हैं। वर्ष 2007 से भौतिक विभाग के सभी प्रशासनिक निर्णयों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उनके निर्देशन में 37 छात्र शोध कर चुके हैं। वह लखनऊ विश्वविद्यालय की डीएसडब्ल्यू पद का दायित्व भी संभाल चुकी हैं। उनका 193 अंतरराष्ट्रीय व 9 राष्ट्रीय जनरल पेपर छप चुका है।

### महिला लेखपाल सहित टीम को हिस्ट्रीशीटर ने दी जान से मारने की धमकी

गाजीपुर। थाना क्षेत्र के बसवारी गांव में पानी टंकी निर्माण के लिए बृहस्पतिवार को भूमि का सीमांकन करने गई महिला लेखपाल सहित टीम को हिस्ट्रीशीटर ने जान से मारने की धमकी देते हुए सरकारी अभिलेख फाड़ कर फेंक दिया। घटना की जानकारी होते ही राजस्व कर्मचारी और जलनिगम कर्मी आक्रोशित हो उठे। साथ ही देर शाम तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। फिलहाल पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। क्षेत्रीय लेखपाल सरिता यादव जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी के निर्माण के लिए जमीन का सीमांकन करने गई थी ।साथ में राजस्व टीम में शामिल लेखपाल अजीत कुमार एवं जलनिगम के कर्मचारी भी मौजूद थे। सीमांकन के दौरान गांव निवासी हिस्ट्रीशीटर वशिष्ठ राम मौके पर पहुंचा और उसने सीमांकन कार्य में व्यवधान करते हुए लेखपाल सरिता यादव और अजीत कुमार को भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए हाथ पैर तोड़ने एवं जान से मारने की धमकी देते हुए सरकारी अभिलेख छीनकर फाड़ दिया। इससे सीमांकन कार्य बाधित हो गया। घटना के बाद भयभीत दोनों लेखपालों ने घटना की जानकारी अन्य लेखपालों को दी। घटना की जानकारी मिलते ही लेखपालों का आक्रोश बढ़ गया। थानाध्यक्ष राजेश मौर्य ने बताया कि आरोपी बसवारी गांव निवासी वशिष्ठ राम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश की जा रही है। शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बाला फीचर्स से लैस होंगे को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्र

गाजीपुर। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ-साथ शिक्षा को रोचक बनाकर सरकार बच्चों के सीखने की क्षमता को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। सीएम के निर्देश पर परिषदीय विद्यालयों के बच्चों में खेलों के माध्यम से सीखने की कला विकसित की जाएगी।

इसके लिए अब परिषदीय प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों के परिसर में संचालित को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों को बाला फीचर्स से लैस किया जाएगा। इसके लिए सरकार की ओर से प्रति केंद्र 25 हजार रुपए की धनराशि प्रदान की गई है। जिले में चार हजार 127 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। इनमें 868 आंगनबाड़ी केंद्र परिषदीय प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों के परिसर में संचालित हैं। इसमें नौ आंगनबाड़ी केंद्रों का चयन बाला फीचर्स के लिए किया गया है। बाला से तात्पर्य बिल्डिंग एज़ लर्निंग एड है। बाला का विकास कक्षा-कक्ष एवं विद्यालय के बच्चों के लिए मजे एवं आनंद की जगह बनाने में सहायक होता है। बाला के अंतर्गत कक्षा-कक्ष-आंगनबाड़ी केंद्र में उपलब्ध स्थान इस प्रकार तैयार करना कि बच्चे खेल-खेल में सीख सकें और उस स्थान का सुसज्जीकरण इस प्रकार हो कि वह एक संसाधन के रूप में कक्षा को सक्रिय बना सकें।

ऐसे विद्यालय जिनके परिसर में आंगनबाड़ी केंद्र अवस्थित हैं, उन विद्यालयों की प्रबंध समिति के खाते में धनराशि की लिमिट जारी की जाएगी। संबंधित विद्यालय एवं खंड शिक्षा अधिकारी राज्य परियोजना कार्यालय से जारी निर्देशों के अनुसार को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों में बाला फीचर्स के कार्य को कराएंगे।

विद्यालयों की प्रबंध समिति में विद्यालय के प्रधानाध्यापक के अतिरिक्त संबंधित विद्यालय के नोडल अध्यापक एवं आमंत्रित सदस्य के रूप में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को शामिल किया जाएगा।

## कृषि मंत्री ने मोटे अनाजों को बढ़ावा देने पर दिया बल

गाजीपुर। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बृहस्पतिवार को आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र अंकुशपुर का निरीक्षण किया।

उन्होंने मोटे अनाज जैसे सावा, कोदो, बाजरा और मक्का आदि को जनपद में बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी विषयवार वैज्ञानिकों से ली। इसके बाद कृषि वैज्ञानिकों को जनपद के किसानों के हित में कार्य करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही केंद्र पर वर्मी कंपोस्ट यूनिट, अजोला यूनिट, मुर्गी पालन, निर्माण हो रहे हाईटेक नर्सरी, केंद्र पर क्रॉप कैफेटेरिया तथा बीज उत्पादन इकाई को भी उन्होंने देखा। इस दौरान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. आरसी वर्मा, वैज्ञानिक डा. जेपी सिंह, डा. एके सिंह, डा. शशांक सिंह, वैज्ञानिक डा. अविनाश कुमार राय, डा. शशांक शेखर आदि मौजूद रहे।

## फल व्यवसायी से 5.80 लाख की ठगी, रिपोर्ट नहीं लिख रही पुलिस

गोरखपुर। साइबर फ्राड होने की जानकारी पर प्रदीप ने बैंक के टोल फ्री नंबर पर कॉल कर खाता फ्रीज करा दिया। दूसरे दिन सुबह बैंक शाखा पर जाकर जानकारी दी। 18 अगस्त को उन्होंने इस संबंध में थाना राजघाट, साइबर थाना एवं नेशनल साइबर क्राइम इंसीडेंट को लिखित सूचना दी। गोरखपुर जिले में महेवा फल मंडी के फल व्यवसायी से 5.80 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी हुई है। जालसाजों ने बगैर ओटीपी का प्रयोग किए व्यापारी के खाते से तीन बार में रुपये उड़ा लिए। जानकारी होने पर पीड़ित ने बैंक और साइबर थाने को सूचित करने के साथ ही नेशनल साइबर क्राइम इंसीडेंट पर ऑनलाइन एफआईआर दर्ज कराई है। घटना के करीब एक सप्ताह बाद भी राजघाट थाना पुलिस व्यापारी की तहरीर पर केस दर्ज नहीं कर रही है। जवाब मिलता है कि एडीजी जोन या आईजी रेंज से आदेश कराओ तभी केस दर्ज होगा। रकम तुम्हारी गलती से गई है तो आरोपियों को भी तलाशो। कोई सुराग मिले तो बताना। राजघाट थाना क्षेत्र के अलहदादपुर छोटी मस्जिद निवासी प्रदीप कुमार गुप्ता महेवा फल मंडी में आढ़ती हैं। उनके मुताबिक 17 अगस्त की रात 11 बजे के बाद उनके यूनियन बैंक ऑफ इंडिया नौसड़ शाखा के खाते से बगैर किसी ओटीपी के पहली दफा पांच लाख रुपये और क्रेडिट कार्ड से दो बार में क्रमशः 60 हजार और 19,500 रुपये जालसाजों ने ऑनलाइन निकाल लिया। रात 12ः53 और 1ः16 बजे मोबाइल फोन पर बैंक की ओर से एसएमएस अलर्ट आने पर उन्हें रुपये निकाले जाने की जानकारी हुई। साइबर फ्राड होने की जानकारी पर प्रदीप ने बैंक के टोल फ्री नंबर पर कॉल कर खाता फ्रीज करा दिया। दूसरे दिन सुबह बैंक शाखा पर जाकर जानकारी दी। 18 अगस्त को उन्होंने इस संबंध में थाना राजघाट, साइबर थाना एवं नेशनल साइबरक्राइम इंसीडेंट को लिखित सूचना दी। नेशनल साइबर पर ऑनलाइन एफआईआर ( नं. 202300315454 ) भी दर्ज कराया, लेकिन राजघाट थाने में कोई सुनवाई नहीं हुई।

## कैब बुक कर चालक को बंधक बनाकर नकदी

मोदीनगर। दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे पर तीन बदमाशों ने कैब चालक को बंधक बनाकर नकदी व मोबाइल लूट लिया। विरोध करने पर बदमाशों ने चालक को पीटकर घायल कर दिया। चालक ने हिम्मत दिखाई और बदमाशों पर ईंट से हमला कर दिया तो बदमाश कार छोड़कर भाग गये। जनपद मेरठ के नौचंदी नेहरूनगर कॉलोनी निवासी विशाल कुमार ओला कंपनी में कैब चलाता है। उसने बताया कि सुबह करीब तीन बजे लालकुआं से मेरठ के परतापुर जाने के लिए बुकिंग आई। लालकुआं से तीन युवक कार में बैठ गये और मेरठ जाने के लिए दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे पर चल दिये। भोजपुर टोल के पास पहुंचे तो एक युवक ने कहा कि कार साइड में रोक दो हमारा एक साथी आने वाला है। कार रुकते ही एक बदमाश ने विशाल का गला दबा लिया और जेब से 3500 रुपये व मोबाइल लूट लिया। इतना ही नहीं कार की चाबी भी छीन ली। विशाल ने हिम्मत दिखाई और कार का दरवाजा खोलकर बाहर आ गया। इसके बाद उसने सड़क से ईंट उठाकर बदमाशों पर चलानी शुरू कर दी, बदमाश पैदल ही मौके से फरार हो गये।

## धर्मांतरण कराने वाले आरोपियों के केस में पुलिस जल्द लगाएगी चार्जशीट

गाजियाबाद। धर्मांतरण के मामले में खोड़ा पुलिस ने मास्टरमाइंड मोहम्मद अब्दुल्ला, राहिल और मुशीर के बैंक अकाउंट की डिटेल खंगाली है। जांच में आया कि तीनों के खातों में दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु से पैसे आया था। पुलिस ने केस से जुड़े 15 लोगों के खातों का विवरण निकाला था। अभी तीन संदिग्धों के खाते का विवरण आना बाकी है।

वहीं पुलिस राहिल के खिलाफ दर्ज मुकदमे में जल्द ही चार्जशीट लगाने की तैयारी कर रही है। डीसीपी शुभम पटेल ने बताया कि खोड़ा की युवती को प्रेम जाल में फंसाकर ऑनलाइन फोन पर निकाह करने व धर्मांतरण कराने का मुख्य आरोपी राहिल उर्फ राहुल अग्रवाल, मोहम्मद मुशीर, मोहम्मद अब्दुल्ला के खिलाफ पुख्ता सबूत एकत्रित किए थे। तीनों के खातों की डिटेल भी निकलवाई थी। 2020 से 2023 तक पूरे खाते में हुई लेनदेन की जानकारी एसआईटी ने ली थी। खाते में 10 हजार, 15 हजार और 30 हजार तक की रकम ट्रांसफर हुई थी। अब इन खातों से जो पैसे आए थे वो कुल 15 खाते बताए गए। एसआईटी 12 खातों की जानकारी मंगाकर जांच कर रही है। अभी तीन और खातों का विवरण आना बाकी है। सबसे खास बात है कि एसआईटी ने उमर गौतम और उसके साथी का मोहम्मद अब्दुल्ला से कनेक्शन का पता करने के लिए एटीएस को पत्र पर रिमाइंडर भेजा था। डीसीपी का कहना है कि राहिल पर दर्ज मुकदमे में जल्द विवेचना जल्द पूरी कर चार्जशीट लगा दी जाएगी।

*धर्मांतरण के तीन आरोपियों पर लग चुकी है रासुका॰*

डीसीपी ने बताया कि 10 अगस्त को खोड़ा की युवती को प्रेम जाल में फंसाकर ऑनलाइन निकाह करने व धर्मांतरण कराने का मुख्य आरोपी राहिल उर्फ राहुल अग्रवाल, मोहम्मद मुशीर व मौलवी सादमान पर रासुका लग चुकी है। सबूतों के आधार पर रिपोर्ट तैयार हुई थी। पुलिस आलाधिकारियों ने कार्रवाई के लिए अपनी सहमति दे दी थी जिसके बाद फाइल डीएम राकेश कुमार सिंह के पास भेजी गई थी।

मौलवी ने ऑनलाइन पढ़ाया एक गवाह के साथ युवती का निकाह॰

एसआईटी ने जांच में पाया था कि दिल्ली के मौलवी सादमान ने राहिल के कहने पर खोड़ा की युवती से उसका ऑनलाइन निकाह कराया था। उसने गवाह के लिए दिल्ली के एक युवक की मदद ली थी। जांच में उसके खिलाफ पुलिस को पुख्ता सबूत मिले थे। पुलिस का कहना है कि अभी मास्टरमाइंड अब्दुल्ला के खिलाफ रासुका की कार्रवाई के लिए पर्याप्त साक्ष्य नहीं मिले हैं। उसके लिए लगातार टीम जांच कर रही है।

*नोएडा की कंपनी में खोड़ा की युवती से हुआ था खुलासा॰*

नोएडा सेक्टर-58 की एक मल्टी नेशनल कंपनी में काम करने वाली युवती खोड़ा में रहती है। उसकी साथ में काम करने वाले राहिल से नजदीकियां बढ़ गई थीं। राहिल ने खुद को राहुल अग्रवाल बताया और उसे प्रेम जाल में फंसा लिया था। बाद में वह उसका धर्म बदलवाने के लिए दिल्ली के एक मॉल में ले गया था। वहां पर उसने ऑनलाइन निकाह कराया और युवती को नमाज पढ़ाने व धर्म में बदलने के तौर तरीके सिखाता था। वह युवती को कागज पर आयत लिखकर देता था। इतना ही नहीं, पुलिस को जांच में युवती के मोबाइल से राहिल के साथ की गई चैट मिली थी। इससे पहले भाई और पिता ने पूरा घटनाक्रम खुलने के बाद युवती की नौकरी छुड़वा दी और बाहर जाना बंद कर दिया। मामला ज्यादा बढ़ने पर युवती के पिता ने खोड़ा थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मुकदमा कर पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर कर खुलासा कर दिया।

## पत्नी की हत्या कर बेटी संग पति भागा था बिहार, पुलिस के हत्थे चढ़ा

गाजियाबाद । आदर्श नगर में 10 अगस्त की सुबह तीन मंजिला मकान में गला रेतकर हुई रुकमणी कुमारी ( 30 ) की हत्या के मामले में पुलिस ने फरार पति जितेंद्र को बिहार में पकड़ लिया। घटना के बाद वह पांच साल की बेटी के साथ भाग गया था। देर रात में पुलिस उसे लेकर खोड़ा पहुंची। अधिकारी आज उससे पूछताछ कर घटना का खुलासा करेंगे।

एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि हत्या के मामले में आरोपी पति जितेंद्र कुमार झा की लोकेशन बिहार की मिली थी। उसे पकड़ने के लिए टीम दो दिन पहले बिहार रवाना हुई थी। पूछताछ के बाद घटना का खुलासा किया जाएगा। इससे पहले कारण और आला कत्ल के अलावा अन्य सामान बरामद किया जाएगा। उसकी तलाश में तीन टीमें अलग-अलग संभावित जगहों पर दबिश दे रही थीं। वह पुलिस से बचने के लिए घर और रिश्तेदारों के पास छिप रहा था। उसने फोन भी बंद कर दिया था। बिहार के जिला अररिया में फारबिसगंज ग्राम की रुकमणी कुमारी जमुआ गांव के पति जितेंद्र कुमार झा पांच साल की बेटी अंजली के साथ किराये के मकान में रहती थी। जितेंद्र मजदूरी करता है। दोनों ने विजयनगर के आर्य समाज मंदिर में 17 अक्तूबर 2017 को प्रेम विवाह किया था। सुबह पौने दस बजे मकान मालिक बिशंबर मोटर चलाने के लिए छत पर पहुंचे तो बदबू आने पर शक हुआ था। आवाज देने पर कोई जवाब नहीं मिला। सूचना पर तुरंत पुलिस पहुंची और कुंडी खोलकर अंदर गई तो देखा कि शव सड़ चुका था।

गर्दन कटी और जीभ व आंखें बाहर आ चुकी थीं। मकान मालिक से मृतका के परिजनों का नंबर लेकर पुलिस ने उन्हें सूचना दी। बहन राधा ने जितेंद्र पर रुकमणी को पीटने और दहेज हत्या का आरोप लगाया था। 12 अगस्त को भाई हीरा ने मुकदमा करा दिया। पुलिस उसकी लगातार तलाश कर रही थी।

## चेयरमैन और नपा ईओ में तनातनी, 3.50 करोड़ की निविदा को लेकर खड़े हो रहे सवाल

गाजीपुर। नगर पालिका में एक बार फिर एक नया विवाद सामने आ गया है। अब 3.50 करोड़ रुपये के ई टेंडर को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। एक ओर चेयरमैन तो दूसरी ओर अधिशासी अधिकारी अड़े हुए हैं। नगर के विकास में जुटे रहने वाले दोनों जिम्मेदारों के बीच तनातनी बढ़ती ही जा रही है। नपा सभागार में चल रहे आंगनबाड़ी एवं सभासदों के बीच बैठक में चेयरमैन ने अधिशासी अधिकारी के बीच नोकझोक हुई। इसके बाद आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया। इस दौरान यह बात सामने आई कि एक अप्रैल को जारी ई-टेंडरिंग के माध्यम से करीब 3.5 करोड से अधिक की निविदा निकाली।

सीवरेज एवं जलनिकासी तथा नगरीय झील, तालाब व पोखरा संरक्षण योजना के तहत दो करोड़ 90 लाख व कान्हा गोशाला के बेसहारा पशु योजना के लिए 53 लाख 10 हजार रुपये के कार्यों के लिए ई निविदा जारी की गई, जिसके तहत 11 नालों के निर्माण के कार्य तथा वार्ड 4 में स्थित शाह के पोखरे के सुंदरीकरण कार्य का कराया जाना है। साथ ही कान्हा गोशाला व बेसहारा पशु आश्रय योजना के अंतर्गत चारा व भूसे की व्यवस्था करने की धनराशि भी शामिल है। चेयरमैन जयप्रकाश गुप्ता का कहना है कि नगर पालिका में प्रशासक के कार्यकाल में वर्ष 2022-23 में जारी निविदा बोर्ड की बैठक में निरस्त होने के बाद भी ईओ ने कार्यादेश जारी कर कर दिया,जो नियम विरुद्ध है।

निविदा को निरस्त तथा प्रकरण का जांच करने का जिलाधिकारी से मांग की गई है। उन्होंने बताया कि टेंडर कि शर्तो में साफ लिखा है कि नगर पालिका अध्यक्ष निविदा को बिना कारण बताए कभी भी निरस्त कर सकता है। वही ईओ अखिलेश तिवारी का कहना है कि पूर्व में जारी निविदा की बोर्ड में चर्चा का कोई औचित्य नहीं है। निविदा पास होने के बाद कार्यादेश ही जारी जाना उचित है। टेंडर को लेकर तनातनी से विकास का कार्य ठप पड़ा हुआ है।

## अंतरिक्ष युग के लिए मील का पत्थर साबित होगा चंद्रयान-3, जानिए विशेषज्ञों ने क्या कहा

गोरखपुर। गोविवि गणित एवं सांख्यिकी विभाग सहायक आचार्य डॉ. राजेश कुमार ने कहा कि स्पेस यानी हमारा ब्रह्मांड आदि-प्राचीन काल से ही मानव जिज्ञासा के केंद्र में रहा है। सुदूर ग्रहों एवं उपग्रहों को जानने की कोशिश मानव सभ्यता हमेशा से करता आया है। भारत ने बुधवार को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर अपना रोबोटिक अंतरिक्ष यान चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग कराकर कीर्तिमान स्थापित कर दिया। चंद्रयान-3 की सफलता को लेकर पूरे देश में जश्न का माहौल है। विशेषज्ञों का मानना है कि अंतरिक्ष युग के लिए यह मील का पत्थर साबित होगा। चंद्रमा पर छिपे अनेक रहस्यों का खुलासा होगा और भविष्य में शोधार्थियों के लिए मददगार होगा।

गोविवि भौतिक विज्ञान विभाग के आचार्य प्रो. शांतनु रस्तोगी ने कहा कि चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव के पास चंद्रयान-3 का विक्रम लैंडर सफलता पूर्वक चंद्रमा की सतह पर उतरने और विक्रम के भीतर से प्रज्ञान रोवर चंद्रमा की सतह पर घूमने की संभावना से पूरा देश उल्लास से भर गया है। यह भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिकों की कई उपलब्धियों में से प्रमुख है। चंद्रयान-3 न केवल भारत की एक तकनीकी उपलब्धि का प्रदर्शन कर रहा है, बल्कि इसके 6 उपकरण चंद्रमा के वैज्ञानिक अध्ययन के लिए उपयोगी होंगे। चंद्रमा के वैज्ञानिक अध्ययन को सेलनोलॉजी कहा जाता है। चंद्रमा तथा पृथ्वी की उत्पत्ति, इनके परस्पर संबंध, चंद्रमा में उपलब्ध खनिज, चंद्रमा पर जल की उपलब्धता एवं जीवन से संबंधित अनेक प्रश्नों के उत्तर दे सकेगा।

गोविवि गणित एवं सांख्यिकी आचार्य प्रो. सुधीर कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि चंद्रयान-3 के अभियान की स्वर्णिम सफलता भारतवर्ष के युवा वर्ग में विज्ञान और प्रौद्योगिकी में रुचि के लिए नई प्रेरणा का संचार करेगा। चंद्रयान तीन की सफलता भारतवर्ष के आर्थिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने में विशेष सहयोग करेगी। देश में निर्मित पूर्णतः स्वदेशी मशीनरी का सफल होना हमें विश्व के समस्त देश के बीच ऊंचा स्थान प्रदान करेगा। हमारी स्पेस इंडस्ट्री में आया उछाल इसका प्रमाण है। इतनी कम लागत में इतने बड़े मिशन को सफलतापूर्वक पूर्ण करने से पूरे विश्व में हमारा अलग स्थान बना, जो हमारी इस इंडस्ट्री की ओर समस्त विकसित देशों को आकर्षित कर रहा है। यह अभियान की सफलता हमारे युवाओं को समाज की वैज्ञानिक प्रगति को उत्कर्ष बनाने के लिए प्रेरित करेगी।

गोविवि भौतिक विभाग सहायक आचार्य डॉ. प्रभुनाथ प्रसाद ने कहा कि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर का सफलतापूर्वक उतरना, प्रज्ञान रोवर का सतह पर घूमना, अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण है। चंद्रयान-3 के चांद पर पहुंचने में न केवल भारत की तकनीकी उपलब्धि है, बल्कि वैज्ञानिक अध्ययन के लिए उपयोगी भी है। चांद तथा पृथ्वी की उम्र लगभग बराबर ही है, इसीलिए दक्षिणी ध्रुव पर बर्फ में उपस्थित मॉलिक्यूल के अध्ययन से चंद्रमा व पृथ्वी की उत्पत्ति, इनके बीच पारस्परिक संबंध, चंद्रमा पर खनिज जल की उपलब्धता तथा जीवन की संभावना संबंधित जानकारी प्राप्त करना प्रज्ञान रोवर के चांद के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने से बढ़ गई है। यह मिशन अंतरिक्ष युग के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

गोविवि गणित एवं सांख्यिकी विभाग सहायक आचार्य डॉ. राजेश कुमार ने कहा कि स्पेस यानी हमारा ब्रह्मांड आदि-प्राचीन काल से ही मानव जिज्ञासा के केंद्र में रहा है। सुदूर ग्रहों एवं उपग्रहों को जानने की कोशिश मानव सभ्यता हमेशा से करता आया है। हमारे ब्रह्मांड की दुनिया बहुत सारे रहस्यों से भरी हुई है।

चंद्रयान मिशन इसी कड़ी में एक और कोशिश है। चंद्रयान मिशन से पृथ्वी-चंद्रमा प्रणाली एवं सौरमंडल जैसे सवालों के जवाब वैज्ञानिकों को मिल सकते हैं। चंद्रमा पर गुरुत्वाकर्षण पृथ्वी की तुलना मे 1/6 गुना है। इसके वातावरण में विकिरण पृथ्वी से अधिक है। चंद्रमा पर अध्ययन तकनीकी नवाचारों और अनुप्रयोगों और नए संसाधनों के उपयोग के लिए नए व्यावसायिक मौके भी मुहैया कराएगी। चंद्रमा पर स्टेशन स्थापित करने से लोगों और खोजकर्ताओं को पृथ्वी से परे ग्रहों, उपग्रहों आदि के जानकारी में मदद मिलेगी।

## ट्रेनों में नाचने वाली किन्नर चांदनी से फर्जी ओएसडी बना चंदन ठग, अखबार से जुटाता था विवादित जानकारी

गोरखपुर। आरोपी चंदन अपने साथ कई लोगों को जोड़े हुए है। ये लोग तहसील, पुलिस मुख्यालय के पास घूमते हैं और उसे विवादित मामलों की जानकारी देते थे। इसके अलावा वह अखबार की खबरों से भी विवादित मामलों की जानकारी जुटाता था। सीएम का ओएसडी बनकर ठगी करने वाला चंदन के कई नाम के प्रमाण और परिचय पत्र बरामद हुए हैं।

वह चार तरह की आवाजों में बातें करता था। यही नहीं कई तरह से ठगी भी करता था। 20 साल पहले वह किन्नर बनकर ट्रेन में यात्रियों से पैसे वसूलता था। धीरे-धीरे ठगी के तरीके बदलते हुए अब बड़े हाथ साफ करने लगा था, मगर एसएसपी को धमकी में लेने के चक्कर में पकड़ा गया। एएसपी मानुष पारिक ने बताया कि आरोपी चंदन ने ठगी के लिए अपने चार नाम रख लिए थे। चंदन धोबी, चंदन शर्मा, चांदनी व पुष्पा। वह चार तरह की आवाज में बात करता था। साथ ही उसके पास से अलग-अलग पते वाले दस्तावेज भी मिले हैं। पैन कार्ड पर पुणे, आधार कार्ड पर बलिया का पता था। उसके पास अलग-अलग पार्टियों के सदस्यता वाले परिचय पत्र भी मिले हैं। वह समय-समय पर पार्टियों में सदस्य बन जाता था। श्रम विभाग के सचिवालय का पास भी उसने बनवा रखा था। वहीं, 20 जिलों के विभिन्न विभागों के अधिकारियों, थानों व डीसीआर यानी जिला कंट्रोल रूम के नंबर भी मिले हैं। यह जौनपुर, आजमगढ़, देवरिया, गोरखपुर, बलिया, कुशीनगर सहित अन्य जनपदों के लोगों को ठगता था और अधिकारियों को धमकाता था।

एएसपी के मुताबिक, चंदन 20 साल पहले किन्नर बनकर ट्रेन में लोगों से रुपये मांगता था। वह दसवीं पास है। बीते 15 सालों से वह लोगों से ठगी व अधिकारियों को धमकाता था। उसके चार बैंक खाते मिले हैं, जिनमें कुल पांच लाख रुपये हैं। पुलिस अब इन खातों को फ्रीज कराएगी।

अखबार की खबरों से जुटाता था विवादित जानकारी

पुलिस की जांच में सामने आया है कि आरोपी चंदन अपने साथ कई लोगों को जोड़े हुए है। ये लोग तहसील, पुलिस मुख्यालय के पास घूमते हैं और उसे विवादित मामलों की जानकारी देते थे। इसके अलावा वह अखबार की खबरों से भी विवादित मामलों की जानकारी जुटाता था।

इसके बाद एक पक्ष को पैरवी करने का भरोसा देता था। वहीं बड़े मंत्रियों, अधिकारियों या प्राइवेट गनर आदि के साथ अपनी फोटो किसी बहाने खींचकर वायरल करता था, ताकि लोग उसको बड़ा आदमी मान लें। उसके पास कई फर्जी मुहर भी मिले हैं।

छोटे विवाद से लेकर भू-माफिया की भी की थी पैरवी

चांदनी उर्फ चंदन ने झंगहा के करही निवासी दो भाइयों के विवाद में पैरवी की थी। पहले सुरेंद्र यादव को एसपी डायल 112 बन फोन कर कहा कि वह उनका निर्माण करवा देगा। उनसे पांच लाख में सौदा किया। 70 हजार एडवांस लिया। अधिकारियों को फोन कर उनका काम शुरू करा दिया। लेकिन, जब सुरेंद्र बाकी रकम नही दे पाए तो निर्माण रुकवाने में जुटे विपक्षी गुलाब की तरफ से पैसा लेकर पैरवी की। लेकिन पुलिस ने दोनों पक्ष का चालान कर दिया। इसके बाद उसने झंगहा थानेदार को धमकाना शुरू किया था।

इसी तरह पिपराइच में कुछ दिन पहले एक महिला का किसी से विवाद हुआ था। पुलिस पहुंची तो पथराव कर दिया। पुलिस ने महिला व उसके बेटे पर केस दर्ज किया। बेटा जेल गया और महिला फरार है। इस मामले में भी चंदन ने एसएसपी के पीआरओ, एसपी नार्थ व एसएसपी को किन्नर समाज का दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री बताकर फोन किया और पैरवी की थी। वहीं, चौरीचौरा के डुमरी निवासी भूमाफिया रामगोपाल यादव, जिस पर 60 केस दर्ज हैं, उसकी पैरवी के लिए एसपी को सीएम को ओएसडी बनकर कॉल किया था।

## प्रधान की दो सीट पर चार ने पर्चा लिया वापस

गाजीपुर। पंचायत की खाली पड़ी सीटों के लिए उपचुनाव कराया जा रहा है। बृहस्पतिवार को नाम वापसी के तहत दोनों सीटों पर दो-दो उम्मीदवारों की तरफ से पर्चा वापस लिया गया। नाम वापसी के बाद प्रतीक चिन्ह आवंटित किया गया।

भांवरकोल ॰ प्रधान पद के दो प्रत्याशी संजय यादव एवं प्रमिला देवी और सदस्य पद के एक प्रत्याशी पवन पासवान बसनिया ने अपना नाम वापस ले लिया। इस प्रकार अब पलिया बुजुर्ग में प्रधान पद पर चार प्रत्याशी दयाशंकर यादव, विमल गुप्ता, बब्लू यादव और पप्पू यादव अपना भाग्य आजमाएंगे। जबकि चार गांवों में होने वाले वार्ड सदस्य की एक-एक सीट पर एक-एक प्रत्याशी होने की वजह से सभी निर्विरोध निर्वाचित हो गए। मनिहारी॰मनिहारी गांव में रिक्त ग्राम प्रधान पद के लिए पांच लोगों ने नामांकन दाखिल किया था। एआरओ डा. जयप्रकाश यादव ने बताया कि आज पर्चा वापसी के दिन छन्नूलाल कनौजिया एवं चंद्रावती देवी ने पर्चा वापस ले लिया। सात पंचायत सदस्यों में से किसी ने अपना नामांकन वापस नहीं लिया है। नाम वापसी की प्रक्रिया के बाद उम्मीदवारों को प्रतीक चिन्ह का आवंटन किया गया। छह सितंबर को मतदान कराया जाएगा।

## अब घर बैठे करें स्कैन, मिल जाएगी ओपीडी की पर्ची

गाजीपुर। अब घर बैठे स्मार्ट फोन के स्कैनर से स्कैन करते ही महर्षि विश्वामित्र स्वशासी मेडिकल कॉलेज के अस्पताल की ओपीडी पर्ची मिल जाएगी। ऐसे में घंटों पर्ची काउंटर पर मरीजों और उनके तीमारदारों को लाइन में खड़ा नहीं होना पड़ेगा। यहीं नहीं लैब से सीधे मरीज की जांच रिपोर्ट ऑनलाइन डॉक्टर तक पहुंच जाएगी, जिससे उन्हें सैंपल देकर घंटों इंतजार और लैब का चक्कर लगाने से छुटकारा मिल जाएगा। साथ ही वार्ड में भर्ती मरीज की अचानक तबीयत खराब होने पर ओपीडी में ही बैठे चिकित्सक को पूरी जानकारी मिल जाएगी और वह समय दवा की सलाह दे सकेंगे। यहीं नहीं तबीयत ज्यादा बिगड़ने की हालत में ऑनलाइन नोटिफिकेशन मिलने पर डॉक्टर तत्काल वार्ड में पहुंचकर मरीज का उपचार कर सकेंगे।

महर्षि विश्वामित्र स्वशासी मेडिकल कालेज का अस्पताल प्रतिदिन अत्याधुनिक सुविधाओं से सुदृढ़ हो रहा है। एक तरफ जहां उपचार और जांच की बेहतर सुविधा मिलनी शुरू हो गई है तो दूसरी तरफ मरीजों की बढ़ती तादात और घंटों लाइन में खड़े होकर ओपीडी पर्ची लेने में हो रही दिक्कत को भी दूर कर दिया गया है। मरीज और तीमारदार अस्पताल में लगे स्कैनर को आसानी से स्कैन कर सकेंगे।

इसके बाद उन्हें ऑनलाइन टोकन मिल जाएगा । टोकन जैसे ही मरीज द्वारा पर्ची काउंटर पर दिखाई जाएगी, उसे ऑनलाइन ओपीडी पर्चा उपलब्ध हो जाएगा। यहीं नहीं मरीजों को जांच के लिए लैब तक सिर्फ सैंपल देने जाना पड़ेगा। इसके बाद निर्धारित समय के अंदर वह रिपोर्ट लेने के बजाए सीधे चिकित्सक के पास पहुंच जाएगा। जहां डॉक्टर लैब से ऑनलाइन आई रिपोर्ट को देख परामर्श देने के साथ दवा लिखने का काम करेंगे। इसके साथ ही भर्ती मरीजों की हालत बिगड़ने और उनकी देखभाल में भी कोई कोर कसर नहीं रहेगा।

ओपीडी में बैठे चिकित्सक के सिस्टम पर नोटिफिकेशन आएगा, जिसके बाद वह वहां बैठे ही मरीज को लाइव देखकर दवा की सलाह दे सकेंगे। इस ऑनलाइन सिस्टम के चलते मरीजों को पर्ची के गुम होने का भी भय नहीं रहेगा। वजह अस्पताल के कम्प्यूटर में उसका पूरा रिकार्ड मौजूद रहेगी, जो एक क्लिक के साथ ही उपलब्ध हो जाएगा। यहीं नहीं आपातकालीन वार्ड में भर्ती और छुट्टी भी ऑनलाइन सिस्टम के द्वारा ही हो रहा है, जिससे समय की बचत हो रही है।

# संक्षिप्त समाचार

## मेडिकल कॉलेज में दो दिन से बिजली गुल, छात्र-छात्राओं से लेकर फैकल्टी भी परेशान

एटा। मारहरा रोड के गांव सिरांव स्थित मेडिकल कॉलेज की एकेडमिक विंग में बुधवार सुबह केबल बॉक्स फटने से आपूर्ति ठप हो गई। बृहस्पतिवार देरशाम तक सुचारू नहीं हो सकी। इसे लेकर मेडिकल छात्र-छात्राओं सहित फैकल्टी परेशान है। बृहस्पतिवार की शाम को पांच बजे आपूर्ति चालू की गई, लेकिन फॉल्ट होने से दोबारा ठप हो गई। इससे विद्युत निगम की 133 केवी लाइन में भी फॉल्ट हो गया। मेडिकल कॉलेज में मिरहची से आने वाली 133 केवी विद्युत लाइन से आपूर्ति दी गई है। बुधवार सुबह करीब 10 वहां एकेडमिक भवन में बने विद्युत रूम में केबल बॉक्स फट गया था इससे परिसर की आपूर्ति ठप हो गई। बृहस्पतिवार को इंजीनियर बुलाकर बॉक्स को लगाया गया। शाम पांच बजे जैसे ही आपूर्ति बहाल की गई, वहां फिर से ब्लास्ट हो गया। इस दौरान 133 केवी की विद्युत लाइन में भी फॉल्ट हो गया। इससे मीटर रिले सहित तीन सीटी फुंक गई। भीषण गर्मी और पानी न मिलने के कारण छात्र-छात्राओं से लेकर फैकल्टी तक परेशान रहे। नाम न छापने की शर्त पर फैकल्टी ने बताया कि यहां तो बिजली का पता नहीं, होटल में परिजन के साथ रुकेंगे। यहां पानी तक नहीं मिल रहा है, सभी परेशान हैं। अधिशाषी अभियंता ग्रामीण द्वितीय एपी सिंह ने बताया कि सामान मंगाया गया है। जिससे लाइन दुरुस्त कर आपूर्ति बहाल की जा सके।

## ग्राम प्रधान पर फायरिंग और लूट की रिपोर्ट

एटा। थाना मिरहची में अदालत के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। इसमें एक व्यक्ति ने ग्राम प्रधान पर फर्जी प्रमाणपत्रों से पद पाने और उसकी पिटाई, फायरिंग, लूट करने का आरोप लगाया है। जिला कासगंज थाना सहावर के गांव नगला कुंदन निवासी भीमसेन ने मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि 19 जून को कस्बा मिरहची आया था तभी मेरे गांव के प्रधान शिव कुमार ने अपने तीन अन्य साथियों से मिलकर हमला कर दिया। पिटाई कर 15 हजार रुपये लूट ले गए। हत्या करने के लिए तमंचे से फायर भी किया गया, जिससे बाल-बाल जान बच सकी। भीमसेन ने आरोप लगाया है कि शिव कुमार ने फर्जी प्रमाणपत्रों से प्रधानी का चुनाव लड़ा था और जीता भी गया। इस मामले को लेकर शिकायत की गई थी। इस वजह से रंजिश मानने लगा, जबकि सत्यता है कि फर्जी वोटर कार्ड व अन्य दस्तावेज बनवाकर प्रधान पद को जीता है। थाना प्रभारी सुभाष बाबू ने बताया कि अदालत के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। प्रथम दृष्ट्या मामला पूरी तरह से झूठा है। कस्बे में कोई लूट की वारदात जून में नहीं हुई थी और न ही मारपीट का कोई मामला था। फिर भी अदालत के आदेशों का अनुपालन कर मामले की जांच की जा रही है।

## दीवार के मलबे में एक घंटे तक दबा रहा किशोर, मौत

एटा। जिले में अलग-अलग जगहों पर बारिश के कारण हादसे हुए हैं। इनमें जलेसर क्षेत्र में एक किशोर की मौत हुई है। जबकि बाबा घायल है। अवागढ़ में दो जगहों पर हादसे हुए। कोतवाली देहात क्षेत्र के कासिमपुर में छत गिरने से दो युवक घायल हो गए। थाना जलेसर क्षेत्र के गांव नूंहखास निवासी साबिर के 15 वर्षीय पुत्र सुल्तान की मौत हुई है। जबकि मृतक के बाबा रफीक खां घायल हुए हैं। मृतक के चाचा शकील अहमद ने बताया कि रात करीब 12:30 बजे दीवार गिरने से दोनों दब गए थे। आवाज होने पर जाकर देखा और मलबा हटाकर बाबा को निकाला लिया। आधे घंटे के बाद होश आने पर उन्होंने बताया कि नाती भी दबा है, तब उसको निकाला गया। करीब एक घंटा बाद वह मलबे से निकाल पाया। दोनों को मेडिकल कॉलेज लेकर आए, जहां सुल्तान को मृत घोषित कर दिया गया। कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव कासिमपुर में मकान की छत गिरने से अभिषेक और इसका चचेरा भाई मोनू घायल हुए हैं। दोनों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जबकि गांव अहेरुपुर निवासी विजयवीर सिंह की दीवार गिर गई, इसमें किसी को कोई चोट नहीं आई है। वहीं थाना अवागढ़ क्षेत्र के गांव जिनावली में हंसो देवी के घर की दीवार बुधवार रात एक बजे गिर गई। गांव के ही बबलू उर्फ पप्पी के घर की दीवार रात में दो बजे गिरी। किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। गांव रोहिना मिर्जापुर में हरिकांत के घर की दीवार रात में गिर गई। पिछले वर्ष कच्चा मकान गिरने से वह दूसरों के मकान में परिवार सहित रह रहा है। शासन से कोई मदद नहीं मिल सकी है। प्रधान बिरमा देवी का कहना है कि प्रयास जारी हैं, आवास दिलाया जाएगा।

## विद्युत लाइन टूटकर गिरी, चार घंटे गुल रही बिजली

इटावा। बारिश के चलते फाल्ट होने से विद्युत एलटी लाइन टूटकर मुख्य मार्ग पर लटक गई। इससे कुछ देर के लिए आवागमन प्रभावित रहा। वहीं, मोहल्ला कल्यान नगर की बिजली आपूर्ति भी ठप हो गई। कर्मचारियों ने केबल सही की तब कहीं चार घंटे बाद आपूर्ति बहाल हो सकी। मोहल्ला मोतीगंज में रेलवे फाटक के पास गुरुवार सुबह करीब 10 बजे बारिश के दौरान फाल्ट होने विद्युत एलटी लाइन टूटकर मुख्य मार्ग पर लटक गई। तार लटकता नीचे आने से एक तरफ का आवागमन प्रभावित हो गया। मुख्य मार्ग पर टूट कर लटकी एलटी लाइन की सूचना वार्ड सभासद प्रबल कश्यप आदि ने विद्युत विभाग को दी। सूचना के काफी देर बाद पहुंचे विभाग के कर्मचारी करीब चार घंटे बाद केबल सही कर पाए। इसके बाद दोपहर करीब दो बजे आपूर्ति सुचारू हो सकी। जेई नीरज कुमार ने बताया कि केबल टूट गई थी। कर्मचारियों को भेजकर जुड़वाकर बिजली व्यवस्था को सुचारू कर दिया गया है।

## गैर इरादतन हत्या में एक को सात साल की सजा

इटावा। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश यज्ञेश चंद्र पांडे ने छह साल पुराने गैरइरादतन हत्या के एक मामले की सुनवाई करते हुए साक्ष्यों के आधार पर एक आरोपी को दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उसे सात साल की सजा सुनाई। कोर्ट ने तीन हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर उसे एक माह का अतिरिक्त कारावास काटना होगा। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता संजीव कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र के गांव चौगान के रहने वाले जहार सिंह की बकरी 13 सितंबर 2017 को अपने पड़ोस में रहने वाले संजू के घर में चली गई। इसी बात से नाराज होकर संजू गाली गलौज करने लगा। जब जहार सिंह ने गाली देने से मना किया तो इसी से नाराज होकर संजू ने जहार सिंह के सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया। इससे जहार सिंह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान जहार सिंह की 17 सितंबर 2017 को मौत हो गई। इस संबंध में मृतक के भाई राजवीर ने संजू पुत्र मुकुट सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कराया था और पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। फिर पुलिस ने छानबीन के बाद संजू के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया। सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर दस में हुई। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता की ओर से पेश किए साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने संजू का दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उसे सात साल की सजा सुनाई।

## खनन माफिया का आईटीआई चौकी इंचार्ज से अभद्रता का वीडियो वायरल

फर्रुखाबाद। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो का मामला संज्ञान में आया है। सीओ सिटी को मामले की जांच दी गई है। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फर्रुखाबाद जिले में खनन माफिया का आईटीआई चौकी इंचार्ज से अभद्रता करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसमें एक माफिया जेल भी जा चुका है और उसके खिलाफ कई मुकदमे भी दर्ज हैं। हालांकि संवाद न्यूज एजेंसी इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करती है। कादरी गेट थाने की चौकी आईटीआई इंचार्ज सुरजीत को सूचना मिली कि उनके इलाके में फायरिंग हो गई है। जानकारी पर वह एसओ विनोद कुमार शुक्ला के साथ मौके पर पहुंचे। वहां पर खनन माफिया भी मौजूद थे। इसके वहां पर फायरिंग होने की बात कही गई। उसने पूछताछ में बताया कि यहां पर कोई घटना नहीं हुई है। मौके पर एक खोखा पड़ा मिला। शिकायतकर्ता सहित सभी लोग नशे में थे। पुलिस ने जांच की तो पता चला कि तीनों लोगों ने मऊदरवाजा क्षेत्र में शराब पी। वहां से वापस आने पर जानलेवा हमले की झूठी घटना बनाकर मुकदमा दर्ज कराना चाहते थे।

## साइकिल सवार को बचाने में पलटी कार

एटा। थाना बागवाला क्षेत्र स्थित गांव कंसुरी के पास बृहस्पतिवार की दोपहर करीब 12 बजे कार साइकिल सवार को बचाने में अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में मनीष कुमार, इसके साथी सोवेंद्र सिंह, नीरू उर्फ नीरज और सुमित कुमार निवासीगण गांव खवा खेरिया थाना जैथरा घायल हो गए। चारों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। घायल नीरज के भाई प्रधान अतुल प्रताप सिंह ने बताया कि चारों लोग गांव परसोन निवासी जेसीबी चालक नीरज और मनिया को बुलाने के लिए कार से गए थे। गांव कंसुरी के पास सामने से साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। इसके चलते चारों घायल हो गए। गनीमत है कि सभी के सामान्य चोटें आई हैं।

# ढूंढे नहीं मिल रहे पांच गुना कीमत पर खरीदे गए कूड़ेदान के बिल

फर्रुखाबाद। सीएमओ कार्यालय के स्टोर में पांच गुनी से अधिक कीमत पर खरीदे गए कूड़ेदान का मामले ने तूल पकड़ लिया है। गुरुवार को सीएमओ ने कूड़ेदान के बिल मांगे तो उनके सामने ही चीफ फार्मासिस्ट व लिपिक में नोकझोंक होने लगी। फिलहाल ढूंढने के बाद भी बिल नहीं मिल रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग में ट्रांसफर-पोस्टिंग व करोड़ों की खरीद में जिम्मेदार काफी रुचि दिखाते हैं। स्वास्थ्य सेवाएं भगवान भरोसे चल रही हैं। करीब तीन माह पूर्व बाजार में 700 रुपये कीमत के कूड़ेदान को चहेती फर्म से 4000 रुपये में खदीदा गया। गत वर्ष एएनएम ट्रेनिंग सेंटर में करीब 21.50 लाख रुपये की सामग्री भी मनमाने दामों में खरीदी गई। तख्त, गद्दा, कुर्सी आदि बाजार से काफी महंगे दामों में खरीदकर फर्म को भुगतान कर दिया गया। जांच में लीपापोती कर मामला रफा-दफा कर दिया गया। लखनऊ की फर्म से अन्य सामग्री सहित करीब 20 लाख रुपये मनमाने दामों में खरीद की गई है। सीएमओ डॉ.अवनींद्र कुमार ने गुरुवार को स्टोर पहुंचकर कूड़ेदान खरीद के बिल मांगे। इस पर फार्मासिस्ट चक्रसिंह ने कहा कि पटल तो लिपिक अरुण कंबोज के पास है। इस पर लिपिक ने जवाब दिया कि खरीद के बिल उन्हें दिए ही नहीं गए। इसको लेकर दोनों में नोकझोंक भी हुई। इस पर स्टोर प्रभारी डॉ.आरसी माथुर ने कहा कि उन्हें भी बिल नहीं दिखाया गया। खासबात तो यह है कि सीएमओ ने जब खुद ही भुगतान किया तो एकाउंट शाखा में भी बिल उपलब्ध होगा। फिलहाल मामला टालने के लिए कर्मी एक-दूसरे पर उंगली उठा रहे हैं। सीएमओ डॉ. अवनींद्र कुमार ने बताया कि बिल निकलवाकर वह चेक कराएंगे कि खरीद किस स्तर से की गई है। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि खरीद में कीमत का इतना बड़ा अंतर होना गलत है। कूड़ादान खरीद संबंधी फाइल मंगवाकर पूरे मामले की जानकारी करेंगे।

## भाजयुमो जिला मंत्री पर एसएसओ की पिटाई की रिपोर्ट

एटा। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला मंत्री पर विद्युत निगम की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। इसमें एसएसओ (सब स्टेशन ऑफिसर) की पिटाई और सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप है। कस्बा के मोहल्ला कछपुरा निवासी धीरज सिंह भाजयुमो के जिला मंत्री हैं। उनके विरुद्ध अवर अभियंता रजनीकांत शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें बताया गया है कि 29 जुलाई को बिजलीघर पर एसएसओ सर्वेश कुमार तैनात थे। शाम के समय वहां पहुंचे धीरज सिंह ने उसकी पिटाई कर दी। इससे सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न हुई।

## सभी 17 नामांकन वैध, प्रधान के एक पद पर आठ दावेदार

फर्रुखाबाद। जनपद में 17 पदों के लिए हो रहे पंचायत उपचुनाव में बुधवार को नामांकन पत्रों की जांच की गई। सभी नामांकन पत्र वैध पाए गए। प्रधान के एक पद पर आठ दावेदार चुनाव लड़ेंगे, जबकि बीडीसी के छह व ग्राम पंचायत सदस्य के 10 पदों पर निर्विरोध निर्वाचन तय है। कमालगंज ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत पैगूपुर के प्रधान पर आठ दावेदारों की नामांकन पत्रों की जांच के दौरान धड़कनें बढ़ी रहीं। शाम 5 बजे सभी पर्चे वैध घोषित होने पर दावेदारों ने राहत की सांस ली। जांच के दौरान पैगूपुर के काफी लोग ब्लॉक परिसर में गहमागहमी के साथ डटे रहे। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रधान पद के लिए प्रेमचंदर, दीपिका, सुनीता देवी, खुशी, माया, मुन्नालाल, आलोक, गौरव का नामांकन पत्र वैध पाया गया है। इसके अलावा ग्राम पंचायत सदस्य के लिए ब्लॉक कमालगंज में दो, बढ़पुर में चार, राजेपुर में दो, मोहम्मदाबाद, शमसाबाद में एक-एक पद पर व बीडीसी के लिए कमालगंज में तीन, नवाबगंज में दो व मोहम्मदाबाद में एक पद पर किए गए नामांकन वैध मिले। सभी पदों पर एक-एक नामांकन होने से इनका निर्विरोध निर्वाचन तय है। गुरुवार को नामांकन पत्र वापस लेने का मौका दिया गया है। इसी के साथ प्रधान पद के लिए चुनाव चिह्न आवंटित कर दिए जाएंगे।

# जल्द नई सीटी स्कैन मशीन लगने की उम्मीद

सैफई। छह माह से खराब चल रही सैफई मेडिकल कॉलेज की सीटी स्कैन मशीन की सुध ली गई है। बुधवार को इंजीनियरों की टीम ने मेडिकल कॉलेज पहुंचकर सर्वे किया। उन्होंने रिपोर्ट तैयार करके उच्चाधिकारियों को देकर जल्द ही मशीन लगवाने का आश्वासन दिया है। उम्मीद है कि दो माह में मशीन लग जाएगी। मेडिकल कॉलेज में प्रतिदिन ढाई से तीन हजार मरीज ओपीडी में दिखाने आते हैं। वहीं, पांच सौ से सात सौ तक मरीज इमरजेंसी में दिखाने आते हैं। इनमें से बड़ी संख्या में मरीजों को सीटी स्कैन कराने की जरूरत पड़ती है, लेकिन छह माह से मशीन खराब होने की वजह से मरीजों को सीटी स्कैन की जगह एमआरआई की जांच लिखी जा रही थी। ऐसे में मरीजों को खासी परेशानी हो रही थी। इसे लेकर अमर उजाला ने 2 जून के अंक में प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। इस पर मरीजों की परेशानी को देखते हुए विवि की ओर से एमआरआई जांच 50 प्रतिशत दामों में कराने के आदेश दिए गए थे। हालांकि इसके बावजूद मरीजों को लगभग साढ़े सात सौ रुपये अतिरिक्त खर्च करने पड़ रहे हैं। मशीन सही कराने या नई लगाने के लिए मेडिकल कॉलेज प्रबंधन की ओर से लगातार शासन को पत्र लिखा जा रहा था। इसकी सुध शासन ने ले ली है। शासन से प्रदेश के 28 अस्पतालों में नई मशीनें लगाने के आदेश जारी किए गए हैं। इसमें मेडिकल कॉलेज को भी शामिल किया गया है। मशीन लगाने की जिम्मेदारी फिल्प्स कंपनी को दी गई है। बुधवार को बुधवार को इंजीनियर मुरली मनोहरधर द्विवेदी ने अपनी टीम के साथ मेडिकल कॉलेज में सीटी स्कैन मशीन का सर्वे किया है। उन्होंने बताया कि उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट देकर जल्द मशीन लगवाई जाएगी। बताया कि मशीन की कीमत लगभग 10 करोड़ रुपये है।

*2007 में लगी थी मशीन, 2017 से आने लगी थी दिक्कत*

सैफई मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी ट्रामा सेंटर में मशीन सिमिन कंपनी की ओर से वर्ष 2007 में सीटी स्कैन मशीन लगाई थी। इसमें 10 वर्ष तक तो काम सही किया, लेकिन 2017 से लगातार खराबी आने लगी। हालांकि संबंधित कंपनी की ओर से कुछ सालों तक मरम्मत कराई गई, लेकिन छह माह पहले मशीन कंडम स्थिति में आ गई थी।

प्रमुख सचिव और डिप्टी सीएम मशीन सही कराने का दे चुके हैं आश्वासन

प्रमुख सचिव ने पिछले वर्ष जुलाई में निरीक्षण किया था। इस दौरान सीटी स्कैन एमआरआई खराब होने का उनके सामने मुद्दा उठा था। उन्होंने दोनों ही मशीनों को जल्द सही कराने के लिए निर्देश दिए थे। मई में उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक भी निरीक्षण करने के लिए पहुंचे थे, जहां पर कई मरीजों के तीमारदारों ने उनसे सीटी स्कैन एमआरआई सही करवाने के लिए बोला था।

उन्होंने भी निर्देश दिए थे लेकिन आज तक यहां पर दोनों मशीनों में से एक भी मशीन सही नहीं हो सकी थी। अब सीटी स्कैन मशीन नई लगाने की कवायद शुरू हो सकी है।

## चेकिंग में पुलिस ने चार चोरों को किया गिरफ्तार

इटावा। घरों में चोरी करने वाले चार चोरों को फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस ने चेकिंग के दौरान ऊसरा अड्डा सर्विस रोड से गिरफ्तार किया। उनके पास से चोरी किया गया एक लैपटॉप व दो मोबाइल बरामद हुए। एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि विजय नगर निवासी शशांक यादव ने थाने में तहरीर दी। बताया कि 26 जुलाई की रात चोर उसके घर से लैपटॉप व मोबाइल चुरा ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी। बुधवार रात प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह अपने पुलिस टीम के साथ के साथ कोकपुरा में ऊसरा अड्डा रोड पर चेकिंग कर रहे थे। उसी दौरान चार लोगों के संदिग्ध लगने पर उन्हें रोका तो भागने लगे। पुलिस ने दौड़कर उन्हें पकड़ लिया। तलाशी में उनके पास से एक लैपटॉप व दो मोबाइल बरामद हुए। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि मोबाइल व लैपटॉप चोरी के हैं। वह घरों और दुकानों से सामान चोरी करते हैं।

# 180 मिमी बारिश, सड़कें व पटरियां डूबी, ट्रेनों के पहिए थमे

फर्रुखाबाद। सदर तहसील क्षेत्र में एक दिन में रिकॉर्ड 180 मिमी बारिश से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया। घरों, स्कूलों, सड़कों और रेललाइन पर जलभराव हो गया। नेकपुर के पास करीब 300 मीटर दूर तक रेललाइन पर एक-एक फीट ऊंचा पानी बहने से ट्रेनों को रोक दिया गया। गलियां जलमग्न हो गईं व घरों में पानी भर गया। गुरुवार को सदर तहसील क्षेत्र में 180.20 मिमी, कायमगंज में 55.40 मिमी, अमृतपुर में 41.20 मिमी बारिश हुई। जिले भर में 276.80 मिमी बारिश रिकार्ड की गई। औसतन तीनों तहसील क्षेत्रों में सीजन की सर्वाधिक 92.26 मिमी बारिश रिकार्ड की गई। देर रात दो बजे के बाद हुई मूसलाधार बारिश से शहर के निचले मोहल्लों तलैया फजल इमाम, सेठ गली, स्टेट बैंक गली, मदरवाड़ी, खटकपुरा, नखास, सूफी खां, भीकमपुरा, हाता शफी खां, नक्कार्चियान, हाता मजले खां, गंगानगर, नेकपुर में जलभराव हो गया। इसके अलावा फतेहगढ़ सिविल लाइन मडैया, गरैया खारे, ग्वालटोली, टिलिया, ग्रानगंज, गाड़ीखाना समेत ऊंचाई वाले मोहल्ले भी जलमग्न हो गए। आवास विकास कालोनी की अधिकांश सड़कों पर एक-एक फीट ऊंची धार चलती दिखी। लोहिया अस्पताल और आवासीय परिसर भी जलमग्न हो गया। दोपहर 12 बजे तक नाले-नालियों की स्थिति सामान्य हो सकी। शहर के अधिकांश निजी और परिषदीय स्कूलों में जलभराव होने से शैक्षिक कार्य प्रभावित रहा।

नेकपुर पर रेललाइन पर करीब 300 मीटर दूर तक एक-एक फीट जलभराव हो गया। सूचना पर पहुंचे रेलवे के अधिकारियों ने कानपुर की ओर जा रही कालिंदी एक्सप्रेस को पांच किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से निकाला। अप व डाउन की सभी ट्रेनों को कॉसन के साथ रोककर दस्तखत कराने के बाद ही निकाला गया। रेल कर्मियों ने जलभराव कम करने की मंशा से कई स्थानों पर चहारदीवारी में बड़े छेद किए। जलस्तर नीचा हो सका। अल्हानगर बढ़पुर और गढ़िया ढिलावल मार्ग पर बना अंडरपास भी पूरी तरह से फुल हो गया। नेकपुर, तलैया फजल इमाम, कछियाना समेत कई मोहल्लों में घरों व दुकानों में बारिश का पानी घुस गया। हाता शफी खां के शाहिद ने बताया कि किराना की दुकान में बारिश का पानी घुसने से करीब 22 हजार रुपये का सामान खराब हो गया। हाता मजले खां के नायब ने बताया कि उनका जरदोजी का कारखाना है। माल में करीब 55 हजार का सामान भीगने से नुकसान हो गया।

अकील खान ने बताया कि घर में परिवार के साथ सो रहे थे। घर में पानी घुसने से घरेलू सामान, बर्तन तैरने लगे। काफी रुपये के सामान का नुकसान हो गया। हाता महमूद खां के हाजी शौकत ने बताया घर के बाहर किराने की दुकान में रखी दालें, आटा, चीनी काफी कुछ सामान खराब हो गया।

## मानक पूरे नहीं करने पर एक ड्राइविंग स्कूल बंद, दो और होंगे

एटा। जिले में संचालित ड्राइविंग स्कूल मानकों को पूरा नहीं कर रहे हैं। निरीक्षण में तीन स्कूलों के मानक पूरे न मिलने पर बंद कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जबकि चार स्कूलों को मानक पूरे करने के नोटिस जारी किए गए हैं। इन पर भी बंदी की तलवार लटक गई है। वाहन ड्राइविंग सिखाने के लिए जिले में 7 स्कूलों को मान्यता दी गई थी। इन ड्राइविंग स्कूलों में महिला पुरुषों को प्रशिक्षण देने के बाद प्रमाण पत्र जारी किए जाते हैं, लेकिन परिवहन विभाग की ओर से किए गए निरीक्षण में तीन स्कूल मानकों पर खरे नहीं उतरे। इनमें स्कूल संचालन के लिए पर्याप्त जगह तक नहीं मिली। इसके बाद रिपोर्ट जोनल कार्यालय आगरा को भेजी गई। इनमें से एक को बंद भी करा दिया गया है। अन्य दो अक्तूबर में बंद करा दिए जाएंगे। परिवहन विभाग के अनुसार शेष चार ड्राइविंग स्कूलों को भी नोटिस जारी किए गए हैं। इनको स्पष्ट कहा गया कि शासन की नियमावली के अनुसार मानक पूरे करें। अगर अक्तूबर तक मानक पूरे नहीं किए जाते हैं तो इनमें से भी कुछ बंद हो सकते हैं।

## सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में बैंकें लापरवाह-सीडीओ

इटावा। उद्यमियों के लिए चलाई जा रहीं सरकारी योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाने में बैंकों की लापरवाही रोड़ा बन रही है। गुरुवार को जिला सलाहकार समिति की बैठक में सीडीओ ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ देने में किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति की बैठक कलक्ट्रेट सभागार में हुई। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं के लोन देने हेतु लाभार्थियों को अनावश्यक चक्कर नहीं लगाना पड़े। उन्होंने समस्त बैंकर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि बैठक में रिपोर्ट के साथ ही उपस्थित होंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग योजना, मुख्यमंत्री माटी कला योजना एवं फसल ऋण योजना तथा अन्य संबंधित योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जो भी जनकल्याणकारी योजनाएं महत्वपूर्ण हैं उसका लाभ ग्रामीण क्षेत्रों में लाभार्थियों तक अवश्य पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि मीटिंग में संबंधित अधिकारी उत्तर के साथ ही उपस्थित होंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत एसबीआई बैंक की अधिक फाइलें अटकी होने की जानकारी पर नाराजगी व्यक्त की। वहीं, इंडियन और यूनियन बैंक में भी 12-12 फाइलें अटकी हुई हैं। उन्होंने समस्त बैंकर्स को निर्देशित किया कि एनआरएलएम की लंबित फाइलें जल्द से जल्द निस्तारण की जाएं। इसकी प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अगली बैठक में डाटा बैंक बार बनवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को निर्देशित किया कि जिन बैंकों का काम कम प्रतिशत हैं। उनसे लिखित में जवाब लिया जाए। उन्होंने कहा कि सभी कार्य दिसंबर तक पूर्ण कर लिए जाएं। कोई भी प्रकरण लंबित न रहने पाए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि अगली बैठक में समस्त डाटा के साथ उपस्थित हों अन्यथा कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अग्रणी जिला प्रबंधक उपायुक्त उद्योग सुधीर कुमार, खादी ग्राम उद्योग अधिकारी सहित समस्त बैंकर्स उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्त वैज्ञानिक ने परिवार संग मनाई चंद्रयान लैंडिंग की खुशियां

इटावा। चंद्रयान तीन के चांद के दक्षिणी ध्रुव पर लैंडिंग करने की खुशिया मनाने वालों में शहर के वरिष्ठ वैज्ञानिक ओमकार नाथ वर्मा व उनका परिवार भी शामिल रहा। पुरबिया टोला निवासी ओमकार नाथ वर्मा इसरो में वैज्ञानिक रहे। वह 2007 में इनसेट उपग्रह प्रणाली के प्रमुख के पद से सेवानिवृत हुए। उन्होंने इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए कहा कि उनके सामूहिक प्रयास से भारत का डंका पूरे विश्व में मच रहा है। आज हमारा देश चांद के उस हिस्से में पहुंच गया है, जहां दुनिया का कोई भी देश नहीं पहुंच सका है। ओमकार नाथ वर्मा बचपन से ही पढ़ने में बहुत तेज थे। वर्ष 1965-67 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बीएससी करने के बाद 1967-70 के मध्य आईआईटी मद्रास से बीटेक किया। जिसमें ऑल इंडिया रैंक 29 आने पर इन्हें योग्यता छात्रवृत्ति प्रदान की गई। वर्ष 1970-72 के बीच में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से एमटेक की डिग्री ले एप्लाइड फिजिक्स विभाग में टॉप करने पर इन्हें स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। वर्ष 1973 से लेकर 2007 तक इसरो में कार्यरत रहेकी। बताया कि जिस समय उनका चयन इसरो में वैज्ञानिक के रूप में हुआ था। उस समय इसरो अहमदाबाद में मात्र 32 वैज्ञानिक ही थे। शुरुआत में दिल्ली में अर्थ स्टेशन में प्रभारी इंजीनियर के रूप में कार्य किया। चार वर्षो के बाद इसरो अहमदाबाद में स्थानांतरित हो गए। उपग्रह नियंत्रण प्रशिक्षण के लिए सरकार के फंड से फ्रांस एवं जर्मनी गए। इन्होंने इनसेट उपगृह प्रणाली की श्रृंखला बनाई, जिसके जरिए देश में टीवी चैनल आदि देखा जाता है। जीएसएलवी राकेट के माध्यम से अंतरिक्ष में स्थापित किया गया। बीच में पीएंडटी अर्थ के लिए जालना महाराष्ट्र में स्वचलित सिग्नल स्विचिंग यूनिट भी इन्होंने बनाई। इसका उपयोग उपग्रह संचार के लिए किया जाता है। जहाज पर सिग्नल स्विचिंग ( बीम स्विचिंग यूनिट ) भी इन्होंने बनाई। सार्क देशों के लिए उपयोग किए जाने वाला इनसेट ( उपग्रह ) जिसका उपयोग भारत, बांग्लादेश, भूटान, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, मालदीव, श्रीलंका के अंतर्देशीय संचार आदान प्रदान के लिए किया जाता है। इसमें इन्होंने प्रमुख भूमिका निभाई।

## बच्ची के दुष्कर्म और वीडियो वायरल मामले में अदालती कार्यवाही शुरू

एटा। थाना जलेसर क्षेत्र में सात साल की बच्ची से दुष्कर्म और वीडियो वायरल करने के मामले में एक और त्वरित कार्रवाई हुई है। अदालत में आरोपपत्र दाखिल होने के बाद इस मामले में सुनवाई भी शुरू हो गई है। बृहस्पतिवार को आरोपी को अदालत में पेश किया गया। सोमवार को एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें आरोप था कि शेखर उर्फ सेठी निवासी मोहल्ला सराय खानम ने उसकी पुत्री से दुष्कर्म किया और इसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। सोशल मीडिया पर यह वीडियो देखकर ही मामला उसे पता लगा था। जिसके बाद आईपीसी और पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया गया। पुलिस ने मंगलवार को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। साथ ही सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर उसके खिलाफ आरोपपत्र भी न्यायालय में भेज दिया। बृहस्पतिवार को आरोपी को जेल से विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट अदालत में पेश किया गया।

# बार काउंसिल अध्यक्ष के आदेश के बाद भी नहीं थम रही वकीलों की रार

फर्रुखाबाद। बार काउंसिल अध्यक्ष के आदेश के बाद भी वकीलों की रार थमती नजर नहीं आ रही है। प्रभारी अध्यक्ष ने नई एल्डर्स कमेटी का गठन कर दिया है। पुरानी एल्डर्स कमेटी ने बार काउंसिल के अध्यक्ष को गुमराह कर आदेश कराने का आरोप लगाया है। इस संबंध में सही तथ्य रखकर पत्राचार करने का दावा किया गया है। बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष हरिकिशोर गौड़ ने बार एसोसिएशन के प्रभारी अध्यक्ष मनोज सक्सेना व सचिव राजेंद्र यादव को पत्र भेजकर निष्पक्ष चुनाव कराने के आदेश दिए हैं।

एल्डर्स कमेटी में वरिष्ठ वकीलों को नहीं शामिल करने पर बार एसोसिएशन के तीस वरिष्ठ वकीलों की सूची भेजकर उनमें से वरिष्ठता के आधार पर एल्डर्स कमेटी का गठन करने का आदेश दिया। गुरुवार को प्रभारी अध्यक्ष व सचिव ने विमल कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सदस्य रमेश कटियार, श्रीकृष्ण कुमार श्रीवास्तव की कमेटी का गठन कर दिया। कमेटी में दो अन्य वरिष्ठ सदस्यों को शामिल करने के लिए पत्राचार किया है। वकील राजेंद्र कुमार वर्मा, उमेश चंद्र द्विवेदी, दिनेश पाल सिंह, रामशरन लाल कटियार ने स्वास्थ्य कारणों से कमेटी में शामिल होने से इन्कार कर दिया। पुरानी एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष श्रवण कुमार चतुर्वेदी की अगुवाई में बार के सभागार में गुरुवार दोपहर प्रेस वार्ता बुलाई गई। कमेटी की ओर से चंद्रयान-3 के चंद्रमा पर स्थापित होने पर खुशी का इजहार कर वैज्ञानिकों को बधाई दी गई। कमेटी के सदस्यों ने बताया कि बार एसोसिएशन के चुनाव में कुछ लोग व्यवधान डाल रहे हैं। बार काउंसिल के सदस्य अनुराग पांडेय ने 15 जुलाई 2022 को विमल कुमार वर्मा, रामशरन लाल कटियार, शिवनाथ सिंह, रमेश चंद्र कटियार, कृष्ण कुमार श्रीवास्तव की एल्डर्स कमेटी गठित की थी। इन सभी लोगों ने व्यक्तिगत कारण व स्वास्थ्य का हवाला देकर कमेटी में शामिल होने से इन्कार कर दिया था। 8 जुलाई को कार्यवाहक अध्यक्ष मनोज सक्सेना सचिव राजेंद्र सिंह यादव ने चुनाव कराने के लिए श्रवण कुमार चतुर्वेदी की अगुवाई में सदस्य राजकुमार सिंह राठौर, प्रभूदयाल, अजरूद्दीन खां, सरदार सूर्य प्रताप सिंह एल्डर्स कमेटी का गठन कर कार्यभार सौंप दिया था। एल्डर्स कमेटी ने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी। चुनाव कार्यक्रम प्रक्रिया चालू है कि बात को छिपाकर बार काउंसिल के अध्यक्ष से वरिष्ठता के आधार पर एल्डर्स कमेटी बनाने का आदेश करवा लिया गया है। इस संबंध में बार काउंसिल के अध्यक्ष को शिकायती प्रार्थना पत्र भेज दिया गया है। इस दौरान सभी सदस्य व वकील जाहिद यार खां, राजीव राठौर, शिव नरेश, श्याम कटियार, संजय कुदेशिया, राजीव कुमार बाजपेई, प्रहलाद सिंह परिहार, राहुल परिहार, सुभाष सोमवंशी, कुंवर सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

# कटी सड़क पार करने को नाव की दरकार, जलस्तर बढ़ा

फर्रूखाबाद। अर्जुनपुर के पास कड़हर मार्ग कटने से 60 से अधिक गांवों का आवागमन शुरू करने के लिए प्रशासन एक अदद नाव तक मुहैया नहीं कर सका है। जमापुर में नाव की व्यवस्था न होने से पांच गांवों के लोग जान जोखिम में डालकर तेज बहाव से होकर निकल रहे हैं। गुरुवार सुबह गंगा का जलस्तर पांच सेमी बढ़ गया। मूसलाधार बारिश ने बाढ़ पीड़ितों की दुश्वारियां बढ़ा दी हैं।

राजेपुर से कड़हर मार्ग पर जिस स्थान पर सड़क कटी है। वह गांव अर्जुनपुर हरदोई जिले में आता है। यहां दूसरे दिन भी नाव की व्यवस्था नहीं की गई है। क्षेत्र के 60 से अधिक गांवों के हजारों लोग कैद होकर रह गए हैं। गुरुवार सुबह गंगा के जलस्तर में पांच सेमी बढ़ोतरी और शाम को पांच सेमी कमी दर्ज की गई। जलस्तर 137.30 पर ही रुका है। नरौरा बांध से 1,26,978 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। एसडीएम रवींद्र सिंह बताया कि कटी हुई सड़क का स्थान दूसरे जिले में है। एसडीएम सवायजपुर से व्यवस्था कराने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि तेज बहाव की वजह से नाव या मोटरबोट नहीं लगा सकते। जिलाधिकारी को अवगत कराएंगे। डांडीपुर की सड़क कटने से ग्रामीणों को दिक्कत है। अहिलामई, बदनपुर, दारापुर, दांडीपुर, भुसेरा गांव के लोग तेज बहाव से निकल रहे हैं। लिहाजा कभी भी हादसा हो सकता है। घरों में पानी और आसमान से तीन दिन से हो रही बारिश ने बाढ़ पीड़ितों के लिए मुसीबत खड़ी कर दी है। छतों पर गुजारा कर रहे ग्रामीणों की रातें भी जाग कर कट रही हैं। गृहस्थी का सामान भीगने से रोटी की भी दिक्कत है। बदायूं मार्ग जमापुर डिप पर डेढ़ से दो फीट पानी है, इससे अंबरपुर, गौटिया, कंचनपुर सबलपुर, जगतपुर, रामपुर उदयपुर आदि गांवों के लोगों को परेशानी है। रामगंगा में खो बैराज से 31,638, हरेली से 5364, रामनगर बैराज से 2104 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। रामगंगा का जल स्तर 136.30 मीटर से कम होकर 136.20 मीटर पर पहुंच गया। नदी के किनारे के गांव के सामने कटान तेजी से हो रहा है।

जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह और क्षेत्रीय विधायक सुशील शाक्य ने गांव जमापुर, गौंटिया, बदनपुर, डांडीपुर के 600 बाढ़ पीड़ितों राहत सामग्री का वितरण किया। इन ग्रामीणों को बुधवार को राहत सामग्री देने के लिए बुलाया गया था, मगर विधायक के न आने से खाली हाथ मायूसी हाथ लगी थी। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी बाढ़ से प्रभावित गांव में राशन वितरण कराया जा रहा है। कोई भी भूखा नहीं रहेगा। तहसीलदार कर्मवीर सिंह ने बताया कि 5,575 पैकेट पैकेट वितरण के लिए आ गए है। भारी बारिश के चलते भोलेपुर से बेवर रोड पर राजकीय पॉलिटेक्निक गेट के पास खड़ा नीम का पेड़ गिर गया। इससे गेट क्षतिग्रस्त हो गया और आवागमन भी प्रभावित हो गया। छात्रों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। बदायूं मार्ग पर अलीगढ़ गांव के पास रात में पेड़ गिर गया, जिससे आवागमन बंद हो गया। सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लाइन लग गई। तहसीलदार कर्मवीर सिंह ने वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग की टीम ने पहुंचकर पेड़ को काट कर सड़क से हटाया। सुबह करीब 10 बजे आवागमन सुचारु हो सका।

## दहेज हत्या के दोषी पति को सात वर्ष कैद

फर्रुखाबाद। दहेज हत्या में दोषी पति को कोर्ट ने सात वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। 25 हजार रुपये का अर्थदंड जमा करने के आदेश दिए। कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में सास को दोषमुक्त कर दिया था। जनपद हरदोई थाना पाली गांव बाबरपुर निवासी रविचरन ने पुत्री नीलम की शादी शहर कोतवाली के मोहल्ला हरभगत निवासी रीतेश के साथ वर्ष 1991 को की थी। शादी के कुछ माह बाद ही ससुरालीजन दहेज में टीवी व दस हजार रुपये की मांग कर नीलम को प्रताड़ित करने लगे। जानकारी होने पर रविचरन ने टीवी व दस हजार रुपये ससुरालीजनों को दे दिए। एक वर्ष बाद ससुरासलीजन बाइक की मांग करने लगे। मांग नहीं पूरी होने पर 7 जुलाई 1995 को नीलम की हत्या कर दी। रविचरन ने दामाद रीतेश, ससुर भोलानाथ, जेठ मनोज कुमार, सास आनंद दुलारी के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया। विवेचक ने चारों आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। सुनवाई के दौरान ससुर भोलानाथ और जेठ मनोज कुमार की मृत्यु हो गई। मुकदमे की सुनवाई कर रहे एडीजे प्रथम विष्णु चंद्र वैश्य ने गवाह व साक्ष्य के आधार पर पति रीतेश को दोषी करार देते हुए सात साल कैद की सजा सुनाई।

# उद्योग लगाने के लिए कम दाम में जमीन दिलाने का मुद्दा उठा

इटावा। उद्योग बंधु की बैठक में गुरुवार को इंडस्ट्री लगाने के लिए कम दामों पर जमीन दिलाने का मुद्दा उद्यमियों ने उठाया। वहीं, लोन देने में बैंकों की लापरवाही सामने आने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने किसी भी हाल में पात्र उद्यमियों की फाइलें न रोकने के निर्देश दिए। उधर, बैठक में अनुपस्थित बिजली विभाग के एक्सईएन का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं। कलक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को हुई बैठक में डीएम अवनीश राय ने औद्योगिक निवेश में तेजी से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों से उद्यमियों की ओर से किए गए आवेदन पत्र पर शीघ्र कार्रवाई के लिए कहा। जनपद में संचालित डेरी के उद्यमियों की ओर से कार्य कराए जाने के लिए अनुबंध कर रोजगार उपलब्ध कराने के काम में भी तेजी लाने को कहा। निर्देशित किया कि निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित प्रकरणों के निस्तारणों में भी लेट लतीफी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उद्योग विभाग की ओर से संचालित विभिन्न योजनाएं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनाओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों को ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ देने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने अग्रणी जिला प्रबंधक को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की कोई भी लंबित नहीं होनी चाहिए। इसको दिसंबर तक अवश्य निस्तारित किया जाए। उद्यमी भारतेंदु भारद्वाज और अमित वर्मा ने बैठक में बताया कि वह इंडस्ट्री लगाने के लिए जमीन चाहते हैं, लेकिन उन्हें नहीं मिल पा रही है। सराय ऐसर में बने औद्योगिक क्षेत्र में जमीन की कीमत अधिक होने की वजह से उद्यमी वहां जमीनें लेने में अक्षम हैं। ऐसे में उन्होंने ग्राम समाज, राजस्व आदि की सरकारी जमीनें लीज पर दिलाने की मांग की। जसवंतनगर के एक उद्यमी के बिजली की समस्या उठाने पर उन्होंने संबंधित एक्सईएन को तलब किया तो पता चला कि वह अनुपस्थित हैं। इस पर उनका एक दिन का वेतन काटने का आदेश दिया। अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, एसपी क्राइम सुबोध गौतम, उपायुक्त उद्योग सुधीर कुमार, अग्रणी जिला प्रबंधक समस्त उद्यमियों सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# वन मंत्री की मौजूदगी में ट्री आउटसाइड फॉरेस्ट इन इण्डिया ( TOFI ) कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर




डा0 नरेन्द्र बहादुर सिंह

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन ( स्वतंत्र प्रभार ) डा0 अरूण कुमार सक्सेना की गरिमामयी उपस्थिति में आज वन एवं वन्यजीव विभाग एवं सेन्टर फॉर इन्टरनेशनल एण्ड वर्ल्ड एग्रोफॉरेस्ट्री( ष्ठद्धस्न्हृक्र-ढ्ढष्टक्रन्न ) के मध्य ट्री आउटसाइड फॉरेस्ट इन इण्डिया ( ञ्जह्रस्नढ्ढ ) कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किये गये। वन एवं वन्यजीव विभाग की ओर से अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, परियोजना, श्री बी0 प्रभाकर एवं सेन्टर फॉर इन्टरनेशनल एण्ड वर्ल्ड एग्रोफॉरेस्ट्री ( CIFOR-ICRF ) के CEO श्री मनोज डवास ने हस्ताक्षर किया। इस अवसर पर डा0 अरूण कुमार सक्सेना ने कहा कि प्रदेश को हरा-भरा कर पर्यावरण संतुलन स्थापित करने हेतु प्रदेश सरकार द्वारा वृहद् स्तर पर अन्तर्विभागीय समन्वय एवं व्यापक जन सहभागिता से वृहद् स्तर पर वृक्षारोपण किया गया है। उन्होंने कहा कि वैश्विक तापमान में वृद्धि को रोकने हेतु अधिक से अधिक पौध लगाना आवश्यक है। वर्ष 2027 तक वनावरण व वृक्षावरण में वृद्धि कर 15 प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र में हरित आवरण सृजित करने में कृषकों की महत्वपूर्ण भूमिका कृषि वानिकी से प्राप्त होने वाले लाभों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि सेन्टर फॉर इन्टरनेशनल एण्ड वर्ल्ड एग्रोफॉरेस्ट्री( CIFOR-ICRF ) के साथ हस्ताक्षरित एम.ओ.यू. के अनुसार ट्री आउटसाइड फॉरेस्ट इन इण्डिया ( TOFI ) के अन्तर्गत एक हाईटेक नर्सरी की स्थापना, पूर्व से स्थापित नर्सरी का उच्चीकरण एवं TOF Hub की स्थापना से विभाग एवं कृषकों को उच्च गुणवत्ता युक्त पौध सामग्री प्राप्त होने, उच्च गुणवत्ता युक्त पौधों को तैयार करने हेतु वन विभाग की क्षमता में वृद्धि, कृषकों एवं अन्य हितधारकों हेतु प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षण के लिए आधारभूत संरचना का विकास, कृषि वानिकी को प्रोत्साहन एवं काष्ठ आधारित उद्योग हेतु प्रकाष्ठ उपलब्धता में वृद्धि होगी। प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, श्री सुधीर कुमार शर्मा ने मंत्री जी का स्वागत करते हुए कहा कि प्रदेश वृक्षारोपण की दृष्टि से देश में अग्रणी राज्य है तथा आगामी वर्षों में विभाग द्वारा प्रति वर्ष 35 करोड़ पौधों का रोपण किया जाना प्रस्तावित है। श्री शर्मा ने कहा कि ( CIFOR-ICRF ) के तकनीकी सहयोग से लखनऊ में स्थापित प्रकाष्ठ उत्पादन में वृद्धि, कृषि विविधीकरण एवं कृषकों की सामाजिक व आर्थिक उन्नति में सहायक सिद्ध होगी।

उल्लेखनीय है कि देश में उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, आन्ध्र प्रदेश, उड़ीसा, असम, हरियाणा एवं राजस्थान में वन क्षेत्र के बाहर वृक्षावरण में वृद्धि, कृषकों को कृषि वानिकी से जोड़कर प्रकाष्ठ व विभिन्न वनोपज के उत्पादन में वृद्धि कर कृषकों का आर्थिक स्तर उन्नत करने एवं पर्यावरण में सुधार हेतु CIFOR-ICRAF द्वारा ङ्खष्ठ वित्त पोषित ट्री आउटसाइड फॉरेस्ट इन इण्डिया ( TOFI ) कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत कुकरैल वन क्षेत्र लखनऊ में प्रस्तावित हाईटेक नर्सरी में प्रथम चरण में उच्च गुणवत्ता के 2.5 लाख पौधों का उत्पादन तथा आगामी वर्षों में 10.00 लाख उच्चगुणवत्ता के पौध तैयार किया जाना प्रस्तावित है। वन्यजीव मुख्यालय के पारिजात कक्ष में आयोजित समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर कार्यक्रम में वन एवं वन्यजीव विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों एवं CIFOR-ICRAF के प्रदेश प्रभारी श्री राजू सूद ने हिस्सा लिया। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक परियोजना श्री बी0 प्रभाकर ने मुख्य अतिथि सहित समस्त अभ्यागतों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## महिला थाना अध्यक्ष का प्रयास रंग लाया

( सत्य प्रकाश पांडेय )

अंबेडकरनगर-महिला थानाध्यक्ष बंदना अग्रहरी के अथक प्रयास से एक वैवाहिक जोड़े के पारस्परिक विवाद को सुलझा कर राज़ी खुशी विदाई कराई गई।इसी क्रम में -प्रभारी महिला सहायता प्रकोष्ठ ( 1090 ) म0उ0नि0 शिवांगी त्रिपाठी से अथक प्रयास से एक वैवाहिक जोड़े के पारस्परिक विवाद को सुलझा कर राज़ी खुशी विदाई कराई गई। -महिला हेल्प डेक्स कर्मी थाना को0 टाण्डा के अथक प्रयास से पति पत्नी के एक वैवाहिक जोड़े के पारस्परिक विवाद को सुलझा कर राज़ी खुशी विदाई कराई गई।

महिला थानाध्यक्ष बंदना अग्रहरी व प्रभारी महिला सहायता प्रकोष्ठ म0उ0नि0 शिवांगी त्रिपाठी, महिला हेल्प डेक्स कर्मी थाना को0 टाण्डा के अथक प्रयास से पति पत्नी के तीन वैवाहिक जोड़े जिनके बीच चल रहे पारस्परिक विवाद से संबंधित समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं को सुलझाते हुए पति-पत्नी को एक साथ रहने के लिए समझाया गया।

पति पत्नी आपस में एक साथ रहने के राजी हो गए एवं दंपत्ति द्वारा अंबेडकरनगर पुलिस को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया।अंबेडकरनगर पुलिस द्वारा उनको आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई

# केंद्रीय पर्यटन मंत्री के कर कमलो द्वारा दो दिवसीय स्पर्धा कार्यक्रम में हुआ ट्रॉफी वितरण




वाराणसी। इन्डिया टूरिज्म वाराणसी, इंटैक वाराणसी चैप्टर तथा सनबीम स्कूल वरुणा के संयुक्त तत्वाधान में विगत वर्ष कि भांति इस वर्ष भी सांस्कृतिक कार्यक्रम 卐विरासत स्पर्धा – रंग, राग और अभिनय卐 का भव्य आयोजन हुआ ।कार्यक्रम में 卐युवा टूरिज्म क्लब卐 से जुडे लगभग 40 विद्यालयों के लगभग 600 छात्र व छात्राओं ने कला के अलग अलग क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया ।कुल 6 अलग अलग स्पर्धा राग, ताल, अभिनय और क्राफ्ट आदि में प्रतिभागियों ने अपने हुनर का परिचय दिया ।

सनबीम स्कूल वरुणा के प्रांगण में आयोजित दो दिवसीय अंतर विद्यालीय सांस्कृतिक कार्यक्रम 卐विरासत स्पर्धा – रंग, राग और अभिनय卐 में माननीय केंद्रीय पर्यटन एवम संस्कृति मंत्री, श्री जी. किशन रेड्डी के कर कमलो द्वारा विजेता स्कूलो को ट्रॉफी वितरित किया गया ।

माननीय केंद्रीय मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी के हाथों विजेताओं को पुरस्कृत किया गया ।निर्धारित समय से कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री महोदय का भव्य स्वागत किया गया ।इण्टैक वाराणसी चैप्टर के संयोजक श्री अशोक कपूर, सनबीम ग्रूप ऑफ स्कूल के चैयरमैंन श्री दीपक मधोक तथा इंडिया टूरिज्म वाराणसी के सहायक निदेशक श्री अमित गुप्ता ने बुके, अंगवस्त्रम एवम स्मृतिचिन्ह दे कर सम्मानित किया ।मंत्री महोदय ने सभा को सम्बोधित करते हुए युवा टूरिज्म क्लब के प्रतिभागियों के द्वारा किये गये प्रदर्शन की सराहना की । मंत्री महोदय के सामने प्रस्तुत किये गये राम विवाह पर आधारित लघु नाटक ने विशेष रुप से प्रभावित किया ।कल से लेकर आज तक के सभी प्रकार की प्रतियोगिताओं तथा समूह गायन, नाटक तथा क्राफ्ट की एक झलक पेश की गयी ।अंत में सनबीम स्कूल वरुणा को अपने प्रागंण में स्थित सभागारो में स्पर्धा के अलग अलग विधाओ के प्रदर्शन के लिए विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

श्री माननीय केंन्द्रीय मंत्री ने सभी स्कूलों से आह्वान किया कि माननीय प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट युवा टूरिज्म क्लब के कार्यक्रमों को ज्यादा से ज्यादा प्रोत्साहन दे और युवाओं को 15 चुने हुये स्थानों में भ्रमण कराने के लिए इंडिया टूरिज्म का सहयोग ले ।

# सपा सरकार ही जनता की सच्ची हितैषी-डॉक्टर इमरान



कर्नलगंज, गोण्डा। शुक्रवार को किसान इण्टर कालेज भंभुआ में समाजवादी पार्टी का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता हेमंत श्रीवास्तव ने व संचालन फहीम अहमद 卐पप्पू卐 ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजवादी छात्रसभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर इमरान रहे। पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डा0 इमरान ने कहा कि आजादी के 65 वर्ष के इतिहास में प्रदेश भर में मात्र आठ मेडिकल कालेज ही बने थे। उत्तर प्रदेश में समाजवादी सरकार बनने पर 11 मेडिकल कालेज बनवाए गए, 1140 मेडिकल सीटों को बढ़ाकर 1740 किया गया। निर्माणाधीन मेडिकल कालेजों के संचालित होने पर 300 सीटें और बढ़ जाती। उन्होंने कहा कि सपा सरकार ने आजमगढ़ व कन्नौज में पैरामेडिकल कालेज एवं मैनपुरी, सोनभद्र, बिजनौर, अंबेडकर नगर, बस्ती व देवी पाटन मंडल में इंजीनियरिंग कॉलेज का निर्माण कराया।

सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, चंद्रशेखर यूनिवर्सिटी, वेनेट यूनिवर्सिटी, ग्रेटर नोएडा, मदन मोहन मालवीय इंजीनियरिंग कॉलेज का निर्माण कराया। वर्ष 2015 में 21 व 2016 में 45 आईटीआई कॉलेज स्थापित कराए। अमौसी एयरपोर्ट के पास फार्मा हब के लिए 40 एकड़ और चक गंजेरिया में आईटीआई सिटी के लिए 100 एकड़ जमीन दी। 18 लाख छात्रों को लैपटाप, कन्या विद्या धन, बेरोजगारी भत्ता देने का काम किया। सपा सरकार ही जनता की सच्ची हितैषी है। अभिषेक सिंह, सागर पाठक, सिद्धार्थ सिंह, गणेश कुमार पाण्डेय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपने विचार रखे। इस मौके पर राजकुमार सिंह, सुनील सिंह, आशुतोष प्रताप सिंह, चंद्रेश्वर मिश्रा, दिवाकर सिंह, दलजीत यादव, सत्येंद्र सिंह सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

( सत्य प्रकाश पांडेय )

अंबेडकर नगर, जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि मार्गो पर निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही वाहनों को खड़ा करने हेतु प्रोत्साहित किया जाए तथा अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटाने हेतु हाई-वे पेट्रोलिंग को और अधिक प्रभावी बनाया जाए तथा आवश्यकतानुसार प्रवर्तन कार्यवाही की जाए ।( आई0एस0आई0/बी0आई0एस0 मानक वाले हेल्मेट क्रय करने, हेल्मेट का सही प्रकार से प्रयोग ( चालक तथा पिलियन राइडर ) हेतु आम जनमानस को जागरूक किया जाए ।साइकिल एवं मैनुअल रिक्शा चालकों को रेट्रो रिफ्लेक्टिव स्टीकर लगाये जाने हेतु जागरूक किया जाए ।स्कूली वाहनों/एम्बुलेंसेस/सरकारी विभागों में कार्यरत वाहनों की फिटनेस जांच की समीक्षा तथा उनके चालकों के स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच कराया जाए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा तथा अन्य शैक्षिक संस्थानों के स्कूली बच्चों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया जाए।

बैठक के दौरान आरटीओ अयोध्या मंडल अयोध्या, ए आरटीओ , जिला सूचना अधिकारी, समस्त उप जिलाधिकारी तथा संबंधित विभाग के अधिकारी/ कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# बैंक के पुलिस सैलरी पैकेज के अंतर्गत दिया गया 40 लाख रुपए का चेक



( सत्य प्रकाश पांडेय )

अंबेडकरनगर ,विदित हो कि जनपद अंबेडकरनगर थाना हंसवर पर पी0आर0बी0 1673 पर नियुक्त आरक्षी शक्ति सिंह की दिनांक 21.11.2021 को समय 23.18 बजे ड्यूटी से वापस आते समय एक अज्ञात वाहन से सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। उक्त आरक्षी को आज दिनांक 25.08.2023 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय जनपद अम्बेडकरनगर में पुलिस अधीक्षक श्री अजीत कुमार सिन्हा व भारतीय स्टेट बैंक अकबरपुर शाखा प्रबंधक द्वारा बैंक के पुलिस सैलरी पैकेज के अंतर्गत आरक्षी मृतक शक्ति सिंह के परिवार आश्रित मृतक की पत्नी प्रिया देवी को दवा राशि 40 लाख का चैक प्रदान किया गया। श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा मृतक सिपाही शक्ति सिंह की पत्नी को आश्वासन देते हुए कहा की पुलिस विभाग आपके परिवार की हर संभव मदद करेगा। महोदय द्वारा मृतक सिपाही की पत्नी से परिवार की आर्थिक स्थिति बारे जानकारी लेकर बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान रखने की सलाह दी गई।

# मनीष मिश्रा बने सुभासपा के प्रदेश प्रवक्ता,बधाईयों का तांता








गोण्डा। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष अमरमणि कश्यप ने मनीष मिश्रा को सुभासपा का प्रदेश प्रवक्ता ( मध्य उत्तर प्रदेश नियुक्त ) किया है। गौरा विधानसभा विकासखंड छपिया ग्राम सभा हरखुपुर सबारपुर गोंडा निवासी भारतीय कामगार कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री मनीष मिश्रा को सुभासपा का प्रदेश प्रवक्ता बनाया गया है। प्रवक्ता बनाए जाने पर पूर्व मंत्री डॉक्टर अरविंद राजभर, प्रदेश प्रवक्ता अमित कुमार सिंह, जिला अध्यक्ष गोण्डा पप्पू राजभर एवं युवा नेता सामाजिक कार्यकर्ता आशुतोष मिश्र ने मनीष मिश्र को माला पहनाकर स्वागत किया और बधाई दी। मनीष मिश्र ने कहा कि हम पर विश्वास करके पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है उसका निर्वहन करते हुए हम पार्टी को बूथ स्तर तक लेकर जाएंगे और माननीय ओमप्रकाश राजभर के हाथों को मजबूत बनाएंगे, साथ ही साथ कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव मे इसका असर दिखेगा। मनीष मिश्र को राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर, राष्ट्रीय महासचिव अरविंद राजभर, राष्ट्रीय प्रवक्ता अरुण राजभर, प्रदेश अध्यक्ष अमरमणि कश्यप, प्रदेश महासचिव श्रवण मिश्र, असफाक अंसारी, पत्रकार रविंद्र मिश्रा, बागीश सिंह, ज्ञानप्रकाश सिंह, प्रदीप यादव, अजय राय, कामरान अंसारी, सुहेल अंसारी आदि लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये बधाई दी है।

## आयुष्मान गोल्डन कार्ड लक्ष्य के सापेक्ष से कम बनाने पर अफसरो को जिलाधिकारी नेलगाई फटकार

( सत्य प्रकाश पांडेय )

अंबेडकरनगर। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में यनआईसी कक्ष में आयुष्मान गोल्डन कार्ड की गूगल मीट के द्वारा समीक्षा बैठक की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदय ने कम प्रगति वाले ब्लॉकों के अधीक्षकों को लक्ष्य के सापेक्ष आयुष्मान गोल्डन कार्ड न बनवाने के कारण फटकार लगाई।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समस्त अधीक्षकों, बी पी एम, बीसीपीएम एवं स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारियों को हिदायत दी गई कि वह अपने संबंधित फूड इंस्पेक्टर्स को कोटेदारों के लिए, एडीओ पंचायत को पंचायत सहायकों के लिए, बाल विकास परियोजना अधिकारी को आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए एवं स्वयं अपनी आशाओं एवं सी एच ओ से कोऑर्डिनेटर करते हुए सभी उपकेंद्रों पर पंचायत भवनों पर एवं स्वास्थ्य केंद्रों पर अधिकतम गोल्डन कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें, इस कार्य में अगर कोई सी एच ओ, आशा संगिनी आशा अथवा कोई कर्मचारी कार्य में सहयोग न कर रहा हो तो उसे खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाए।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा समस्त स्वास्थ्य के अधिकारियों को अपने-अपने ब्लॉकों में जाकर मॉनिटरिंग एवं सायंकालीन इसकी रिपोर्ट करने को कहा गया है।

समीक्षा बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी , अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ,उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डीसीपीएम एवं आयुष्मान भारत से जिला कार्यक्रम समन्वयक, जिला इनफॉरमेशन सिस्टम मैनेजर एवं जिला शिकायत मैनेजर उपस्थित रहे।

## स्नातक व परास्नातक की छूटी हुई प्रायोगिकी एवं मौखिकी परीक्षा विभिन्न केन्द्रों पर सम्पन्न होगी

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा वर्ष-2023 की वार्षिक स्नातक व परास्नातक स्तर की छूटी हुई प्रायोगिकी एवं मौखिकी परीक्षा तिथि घोषित की। यह परीक्षा 08 सितम्बर से विभिन्न केन्द्रों पर सम्पन्न होगी। परीक्षार्थियों को 07 सितम्बर तक महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा अग्रसारित आवेदन-पत्र एवं प्रवेश-पत्र के साथ विश्वविद्यालय में गत वर्ष में निर्धारित छूटी हुई प्रायोगिकी एवं मौखिकी परीक्षा का शुल्क आनलाइन जमा करना होगा। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश पर परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। 08 सितम्बर को नन्दिनी नगर पीजी कालेज नवाबगंज, गोण्डा में कृषि ( कृषि संकाय ) व पुस्तकालय विज्ञान के परीक्षार्थियों की छूटी हुई प्रायोगिकी एवं मौखिकी परीक्षा होगी। इसी दिन का0सु0 साकेत पीजी कालेज में बायोकमेस्ट्री, रसायन विज्ञान, सैन्य विज्ञान, हिन्दी, उर्दू की परीक्षा कराई जायेगी। दूसरी ओर 09 सितम्बर को साकेत कालेज में इलेक्ट्रानिक्स, भौतिकी विज्ञान, कम्प्यूटर एप्लीकेशन, वनस्पति विज्ञान, मनोविज्ञान, चित्रकला, सीड टेक्नोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी, शारीरिक शिक्षा बीपीईएस, अंग्रेजी, शिक्षा शास्त्र, गणित अर्थशास्त्र की प्रायोगिकी एवं मौखिकी परीक्षा सम्पन्न कराई जायेगी। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि 10 सितम्बर को साकेत पीजी कालेज में पर्यावरण विज्ञान, प्राणि विज्ञान, गृह विज्ञान ( कला एवं विज्ञान संकाय ) संगीत ( गायन ) राजनीति शास्त्र, समाजशास्त्र, समाजकार्य, दर्शन शास्त्र, एमकॉम ऑफिस मैनेजमेंट की परीक्षा होगी। 11 सितम्बर को साकेज कालेज में भूगोल, प्राचीन इतिहास, मध्य कालीन इतिहास, संस्कृत विषय की छूटी हुई प्रायोगिकी एवं मौखिकी परीक्षा होगी। विवि के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि उक्त विषयों की छूटी हुई प्रायोगिकी एवं मौखिकी के सम्बन्ध में सम्बद्ध महाविद्यालयों को सूचित कर दिया गया है।

# जिलाधिकारी ने पशुपालन विभाग की समीक्षा की अफसर को दिए कड़े निर्देश

( सत्य प्रकाश पांडे )

अंबेडकर नगर, जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि गोआश्रय स्थल पर नोडल अधिकारी जो नामित हुए, प्रत्येक सप्ताह कम से कम एक बार भ्रमण कर भूसा, हरा चारा, साफ सफाई, पशु आहार, बिजली तथा वर्षा ऋतु में कीचड़ आदि का जायजा ले। तथा पाई गई कमियों का निराकरण सुनिश्चित करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करे। समस्त उप जिलाधिकारी/ तहसीलदार/ खंड विकास अधिकारी /संयुक्त खंड विकास अधिकारी एवं पशु चिकित्सा अधिकारी अनिवार्य रूप से अपने क्षेत्र से संबंधित गो आश्रय स्थल का भ्रमण कर चारा खाते हुए गोवंश का जीपीएस फोटो ग्रुप पर शेयर करें ।पशु चिकित्सा अधिकारी बीमार गोवंश का जांच/इलाज करते हुए प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करे। गोआश्रय पोर्टल के माध्यम से माह जुलाई 2023 का डिमांड प्रत्येक दशा में आज कर लें। विकासखंड वार निराश्रित गोवंश जो सड़कों/ खेतों में घूम रहे हैं का आकलन/सर्वे कराकर रिपोर्ट दो दिवस के अंदर प्रस्तुत करें। सहभागिता सत्यापन रिपोर्ट/मांग पत्र माह जून एवं जुलाई 2023 तीन दिवस के अंदर मूल प्रति में उपलब्ध कराए।

पोर्टल पर भ्रमण, इन्वेंटरी आदि क्रिया कलाप ससमय पूर्ण करें। किसी भी समस्या के लिए संबंधित पशु चिकित्सा अधिकारी से संपर्क करें। शासन की प्राथमिकताओं को देखते हुए गोवंश को गौशालाओं में शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई सभी सुविधाएं प्राप्त हो । बैठक के दौरान जिला विकास अधिकारी,डीसी मनरेगा, उपनिदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ,समस्त खंड विकास अधिकारी तथा संबंधित विभाग के अधिकारी/ कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# प्रदेश में बिछेगी सड़कों की जाल,नहीं होगी धन की कमी-जितिन प्रसाद



( सत्य प्रकाश पांडे )

अंबेडकर नगर। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का जाल बिछाने की योजना पर भाजपा सरकार युद्ध स्तर पर काम कर रही है ।शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कें गुणवत्तापरक और समय से पूर्व करने का निर्देश पी डब्लू डी विभाग के अधिकारियों को कड़ाई से दिया गया है ।भाजपा सरकार में सड़कों की गुणवत्ता से समझौता का कोई प्रश्न ही नहीं उठता है।

उपरोक्त विचार प्रदेश शासन के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी,जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा आदि के साथ पण्डित दीन दयाल उपाध्याय और डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यकर्ता बैठक को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किया ।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने सड़कों की निर्माण के लिए रिकार्ड धन आवंटित किया है ।कहा कि विगाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं कि गुणवत्ता परक और नियत समय सीमा के अंदर अच्छी सड़कें बनाएं। कहा कि प्रदेश के प्रत्येक गांव को पक्के सड़क मार्ग से जोड़ा जा रहा है ।गांवों की सड़कें लोगों की घरों तक पहुंचे इस योजना पर भाजपा सरकार तेजी से कार्य कर रही है ।उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा चुनाव में अंबेडकर नगर लोक सभा सीट को भाजपा की झोली में डालने की योजना रचना पर मेहनत से काम करने का आवाहन किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एक एक कर सड़क निर्माण से सम्बन्धित सुझाव लिया ।संगठन कार्यकर्ता ही सरकार की नाक और कान हैं ।जिनके सुझाव विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ।उन्होंने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनवाने का आवाहन कार्यकर्ताओं से किया।

भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी ने स्वागत करते हुए कहा कि लोक निर्माण मंत्री मंत्री जितिन प्रसाद जी के नेतृत्व में जिस प्रकार से जनपद के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है वह ऐतिहासिक है ।संचालन जिला महामंत्री सुरेश कन्नौजिया ने किया।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि लोक निर्माण मंत्री का स्वागत भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी के नेतृत्व में जोरदार ढंग से कार्यकर्ताओं ने किया ।मंत्री द्वारा सड़कों के निर्माण से संबंधित मांगे गए सुझावों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने कटेहरी और जलालपुर बाजार में बाईपास,आलापुर तहसील की जर्जर सड़कों का पुनर्निर्माण,मालीपुर की रेलवे क्रासिंग पर ओवर ब्रिज,किछौछा शुकुल बाजार सड़क की चौड़ीकरण, राम नगर से चहोड़ा घाट मार्ग के निर्माण सहित कई अन्य सड़कों की खराब सड़कों को चौड़ीकरण के साथ पुनर्निर्माण की सुझाव दिया। जिस पर शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन मंत्री जितिन प्रसाद ने दिया।

बैठक में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री धर्म राज निषाद,पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा,ज्ञान सागर सिंह,यमुना प्रसाद चतुर्वेदी,शिव नायक वर्मा,रमा शंकर सिंह,चेयर मैन ओमकार गुप्ता,पूर्व विधायक त्रिवेणी राम,सुभाष राय, ब्लॉक प्रमुख गौरव सिंह,जिला उपाध्यक्ष विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू, जिला महामंत्री बाबा राम शब्द यादव, जिला मंत्री संजय सिंह,विनय पाण्डेय, शिव पूजन राजभर,पंकज वर्मा,मनोज गुप्ता,प्रदीप गुप्ता शंकर,डाक्टर संतोष कुमार सिंह,डाक्टर अमित त्रिपाठी, नन्द कुमार तिवारी राना,आनन्द जायसवाल,रिंकल सिंह, डाक्टर पूनम राय,रमेश यादव आदि शामिल रहे।

# जिला व्यापार बंधु की बैठक संपन्न



अयोध्या। जिलाधिकारी श्री नितीश कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के नवीन सभागार में जिला व्यापार बंधु की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि व्यापारियों की समस्याओं को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि राम पथ के चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। कार्यदायी संस्था को जन सामान्य के आवागमन एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने बैठक में जिला प्रशासन, नगर निगम एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अभियान चलाकर गुड्डी बाजार से चौक, फतेहगंज होते हुए नाका तक अवैध अतिक्रमण को हटाने के साथ ही आंतरिक मार्गों एवं नालियों पर से अवैध अतिक्रमण को हटाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न गलियों एवं मार्गों में सिविल लाइन एवं वाटर सप्लाई हेतु खोदे गए मार्गों को शीघ्र ही गुणवत्तापूर्ण ढंग से खुदाई के पूर्व की स्थिति में करने हेतु संबंधित कार्यदाई विभागों को निर्देशित किया। उन्होंने विभिन्न गलियों एवं मार्गों पर कार्य के दौरान जन सामान्य के आवागमन एवं सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न गलियों की नालियों का आवश्यकतानुसार मरम्मत करने तथा नालियों की निरंतर सफाई सुनिश्चित करने हेतु नगर निगम को निर्देशित किया। बैठक में जिलाधिकारी ने नगर निगम क्षेत्र में बनाए जा रहे बेंडिंग जोन की दुकानों के आवंटन हेतु पात्रता निर्धारित कर पारदर्शी ढंग से दुकानों का आवंटन सुनिश्चित करने हेतु नगर निगम को निर्देशित किया। फतेहगंज रेलवे क्रॉसिंग पर निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण कार्य चलने के दौरान वहां पर मार्ग पर हुए गड्ढो को ठीक करने के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने जिन विभागों के पदेन अधिकारी या उनके प्रतिनिधि अनुपस्थित थे, को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

बैठक में सर्वप्रथम उपायुक्त ( प्रशासन ) राज्य कर ने विगत बैठक की अनुपालन आख्या प्रस्तुत की गई तदोपरांत व्यापारियों की समस्याओं एवं सुझाव को एक-एक करके सुना गया तथा जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

बैठक में एडीएम सिटी, अधिशासी अभियंता विद्युत, एसडीएम रुदौली, अधिशासी अभियंता जल निगम नगरीय शाहिद अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी व व्यापारी बंधु उपस्थित रहे।

RNI No. 46071/85
स्वत्वाधिकारी मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक टी.रजा रिज़वी ने विकास प्रिन्टिंग प्रेस, मालवीयनगर, गोण्डा से मुद्रण करवाकर 568, मालवीयनगर गोण्डा (उ0प्र0) 271001 से प्रकाशित किया।
गोण्डा कार्यालय
फोन/फैक्स-05262-230683
मो0- 09415120085
लखनऊ कार्यालय-
फोन- 0522-4028445
मो0- 09415249085
:- E-mail :-
trigutdainik@gmail.com